kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-272 | गुरुवार, 06 नवम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



बिहार में मतदान है और ये हरियाणा चुनाव की बात कर रहे हैं। पिछले संसद सत्र में राहुल गांधी एक महिला की तस्वीर टीशर्ट पर छपवाकर घूमते रहे। उस महिला ने ही कांग्रेस पार्टी को डांटा। अब जब बिहार में चुनाव हो रहा है तो वे हरियाणा चुनाव का मुद्दा उठा रहे हैं।
किरेन रिजिजू

चुनाव आयोग ने राहुल के आरोपों को बताया बेबुनियाद 11

सरकार बनी तो हर घर को देंगे एक सरकारी नौकरीः तेजस्वी 12

# 25 लाख दीयों से जगमगाए गंगा घाट, दिखा स्वर्ग सा नजारा

### योगी आदित्यनाथ ने किया पहला दीप प्रज्वलित, चेत सिंह घाट पर 'काशी-कथा' थ्रीडी शो बना आकर्षण का केंद्र

एजेंसी

वाराणसी। प्रसिद्ध देव दीपावली उत्सव का काशी में आज भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नामो घाट पर पहला दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। गंगा तट पर जगमगाते दीपों की मनमोहक छटा देखने हजारों श्रद्धालु और पर्यटक जुटे। पूरे घाट क्षेत्र में धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और आतिशबाज़ी ने माहौल को आलोकित कर दिया। गंगा तट पर सजी लाखों दीयों की रोशनी ने पूरे वातावरण को दिव्यता से भर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को देव दीपावली की शुभकामनाएं दीं। देव दीपावली के अवसर पर अस्सी घाट से राजघाट तक के 84 घाटों को लाखों दीयों से सजाया गया। इस दौरान गंगा आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शास्त्रीय संगीत और आतिशबाज़ी ने पूरे वातावरण को भक्ति और उल्लास से भर दिया। घाटों पर देश-विदेश से आए

**देव दीपावली**

- दशाश्वमेध घाट पर अमर जवान ज्योति की अनुकृति से दी श्रद्धांजलि
- महाआरती में आध्यात्मिकता के साथ राष्ट्रवाद की झलक, सुरक्षा व्यवस्था रही जल, थल और नभ में अभेद्य

श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे। नगर निगम और स्वच्छता कर्मियों ने घाटों की सफाई और सजावट में विशेष योगदान दिया।

देव दीपावली का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नमो घाट पर पहला दीप जलाकर किया। उनके साथ पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल, विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, महापौर



अशोक तिवारी ने भी दीप प्रज्वलित कर मां गंगा को नमन किया। इसके बाद सभी विशिष्ट अतिथियों ने क्रूज़ पर सवार होकर मां गंगा की आरती के साथ घाटों पर सजी देव दीपावली के अद्भुत नज़ारे का अवलोकन किया। सीएम योगी को अपने बीच देखकर जनता ने हर हर महादेव का जयघोष भी किया। मुख्यमंत्री ने हाथ हिलाकर काशी की जनता और पर्यटकों का अभिवादन किया।

धर्म के साथ राष्ट्रीयता का संदेश देते हुए दशाश्वमेध घाट पर 'अमर जवान ज्योति' की अनुकृति स्थापित की गई। यहां पर कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। देव दीपावली महोत्सव को ऑपरेशन सिंदूर के नाम समर्पित किया गया, जिसमें देश की वीर माताओं के आँचल को नमन किया गया।

परंपरा के साथ आधुनिकता का संगम चेत सिंह घाट पर दिखा, जहां 25 मिनट का थ्रीडी प्रोजेक्शन मैपिंग शो 'काशी-कथा' प्रस्तुत किया गया। इसमें भगवान शिव-पार्वती विवाह, भगवान विष्णु की चक्र पुष्करिणी, भगवान बुद्ध के उपदेश, कबीर-दास और तुलसीदास की भक्ति परंपरा तथा महामना मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित काशी हिंदू विश्वविद्यालय तक की यात्रा का दृश्य जीवंत किया गया। गंगा पार की रेत पर 'कोरियोग्राफ और सिंक्रोनाइज ग्रीन क्रैकर्स शो ने पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आसमान में गूंजती संगीतबद्ध आतिशबाज़ी और गंगा की लहरों पर प्रतिबिंबित रंगों ने दृश्य को और भी दिव्य बना दिया। दशाश्वमेध घाट की महाआरती में 21 अर्चक और 42 देव कन्याओं ने रिद्धि-सिद्धि के रूप में आरती की। 21 कुंटल फूलों और 51 हजार दीपों से सजे घाट पर जब शंखनाद और घंटा-घड़ियालों की ध्वनि गूंजी, तो वातावरण में अद्भुत ऊर्जा का संचार हो गया। इस अवसर पर अमर वीर योद्धाओं को 'भगीरथ शौर्य सम्मान' से सम्मानित किया गया। देव दीपावली पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना हुई। बाबा के दरबार को फूलों और रोशनी से भव्य रूप में सजाया गया। धाम का पूरा परिसर दीपों की उजास से जगमगा उठा, जहाँ श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ और वीवीआईपी उपस्थिति को देखते हुए वाराणसी को नो-फ्लाई जोन घोषित किया गया। बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध रहा। घाटों पर एनडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें बोट्स, आधुनिक उपकरणों और वाटर एम्बुलेंस के साथ तैनात रहीं। नदी मार्ग पर नावों के लिए लेन निर्धारण किया गया। नाविकों को निर्धारित दिशा और सुरक्षा नियमों के पालन के निर्देश दिए गए। सड़कों पर यातायात, पार्किंग और प्रवेश-निकास की व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रित रही। महिलाओं की ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### गुरुवार को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा जल सर्वेक्षक पोत 'इक्षक'

**नयी दिल्ली।** देश में ही निर्मित जल सर्वेक्षण पोत 'इक्षक' को गुरुवार को कोच्चि नौसैनिक बेस में नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा जिससे नौसेना की जल सर्वेक्षण क्षमता काफी काफी बढने की संभावना है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इस पोत को नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में नौसेना में शामिल किया जायेगा। इक्षक नौसेना में शामिल किये जाने वाला अपनी श्रेणी का तीसरा पोत है और यह उन्नत, अत्याधुनिक प्लेटफार्मों के निर्माण के प्रति नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। साथ ही इससे क्षमता संवर्धन और आत्मनिर्भरता की गति को आगे बढ़ाते हुए स्वदेशी जल सर्वेक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्टता में एक नया मार्ग प्रशस्त हुआ है।

### सरकार ने जारी किए एआई पर दिशा-निर्देश

**नयी दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई पर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया जिसमें एआई के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत, सिफारिशें और कार्य योजना भी शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 'इंडियाएआई मिशन' के तहत 'भारत एआई गवर्नेंस दिशानिर्देश' जारी किये। यह एक व्यापक फ्रेमवर्क है जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी क्षेत्रों में सुरक्षित, समावेशी और जिम्मेदारी पूर्ण एआई को अपनाया जा सके। केंद्र सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद ने दिशा-निर्देशों को औपचारिक रूप से जारी किया। इस अवसर पर मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन, अपर सचिव, इंडियाएआई मिशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नेशनल इनफॉर्मेटिक्स सेंटर के महानिदेशक अभिषेक सिंह, मंत्रालय की वैज्ञानिक 'जी' एवं समूह समन्वयक कविता भाटिया और आईआईटी मद्रास के प्रो. बी. रवींद्रन भी उपस्थित थे। ये दिशा-निर्देश भारत-एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन 2026 से पहले एक मील का पत्थर है। भारत जिम्मेदार एआई शासन में अपने नेतृत्व को मजबूत कर रहा है।

### राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर देशभर में होगा आयोजन : भाजपा

**नयी दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने बुधवार को कहा कि राष्ट्र गीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूरे के अवसर पर सात नवंबर को देशभर के प्रमुख 150 स्थानों पर सामूहिक राष्ट्र गान का आयोजन किया जाएगा। श्री चुघ ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि पार्टी की तरफ से भी इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन प्रमुख स्थलों में कारगिल से लेकर अंडमान का सेलुलर जेल तक शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर इसे उत्सव के रूप में बनाने का निर्णय लिया।

### योगी ने लखनऊ में माफिया से मुक्त कराई जमीन पर 72 परिवारों को दिए फ्लैट

# 2017 में ही तय किया था कि प्रदेश की छवि बदलेंगे: योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना का लोकार्पण किया। इस मौक़े पर उन्होंने कहा कि यह उन लोगों के लिए चेतावनी है जो माफिया को शार्गिद बनाते हैं, उनकी कब्र पर फातिहा पढ़ते हैं, वे गरीबों का शोषण करवाते हैं। अब यूपी में ऐसा नहीं चलेगा। हमने 2017 में ही तय कर लिया था कि यूपी की छवि बदलकर रहेंगे।

जियामऊ, डालीबाग स्थित एकता वन में आयोजित भव्य समारोह में योगी ने दुर्बल आय वर्ग के 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होने कहा कि यह केवल आवास वितरण नहीं, बल्कि संदेश है कि माफिया से छीनी गई भूमि पर गरीबों का आशियाना बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर कोई गरीबों की जमीन पर कब्जा करेगा, अगर कोई सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करके समाज को डराने-धमकाने का काम करेगा, तो लेने के देने पड़ जाएंगे। यह सरकार जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि यही नए भारत और नए उत्तर प्रदेश की पहचान है, जहां विकास के साथ धर्म, संस्कृति और परंपरा का संगम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने लोगों को कार्तिक पूर्णिमा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज लाखों



- जिन पात्र लोगों को अभी आवास नहीं मिला है, उनके लिए नई आवासीय स्कीम लाएगी सरकार
- 'सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों को देना होगा एक-एक इंच का हिसाब, हमारे शार्गिद नहीं हैं माफिया'

श्रद्धालु गढ़मुक्तेश्वर, टिकरी, सुखतीर्थ, बदायूं, प्रयागराज, काशी, अयोध्या में स्नान कर पुण्य लाभ ले रहे हैं। काशी में सायं देव दीपावली पर देवता दीप जलाएंगे। योगी ने कहा कि इस पावन अवसर पर लखनऊ में माफिया से मुक्त भूमि पर लाभार्थियों को आवास देना सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि इस प्राइम लोकेशन पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 10.70 लाख में फ्लैट दिए, इसकी कीमत बाजार में करीब एक करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि 8000 आवेदनों में 5700 आवदेन योग्य लोगों का था, इसमें से 72 को पहले आवंटन मिला है। मुख्यमंत्री ने सभी 72 लाभार्थियों को आवास की सुविधा मिलने पर उन्हें और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि इन लोगों को अब अपना सिर उठाकर सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिला है। यह प्रधानमंत्री आवास योजना से कवर होगा तो यह और सस्ता व लाभकारी होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लखनऊ में कितना सुंदर वातावरण बना है, कितने अच्छे पार्क विकसित हो चुके हैं। सरकार चाहती है कि हर नागरिक खुशहाली से अपना जीवन व्यतीत करे और प्रदेश के विकास में भागीदार बने। योगी ने कहा कि यह तो सिर्फ शुरुआत है अब यह अभियान पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर चलाया जाएगा ताकि हर गरीब, हर जरूरतमंद को उसका सम्मानजनक आवास मिल सके। माफियाओं पर जीरो टॉलरेंस नीति पर जोर देते हुए सीएम योगी ● शेष पेज 11 पर

# मिर्ज़ापुर के चुनार रेलवे स्टेशन पर हादसा, छह की मौत

एजेंसी

मिर्ज़ापुर। उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर जिले में बुधवार की सुबह दिल दहलाने वाली घटना सामने आई। रेलवे स्टेशन चुनार पर बुधवार की सुबह ट्रेन से उतरकर लाइन पार करते समय कालका मेल की चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में शव क्षत-विक्षत हो गया। मौके पर पहुंचे जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने शवों को रेलवे लाइन से हटवाकर किसी तरह से शिनाख्त कराया। मौके पर अन्य अधिकारी पहुंचे।

रेलवे स्टेशन चुनार पर सुबह सवा नौ



बजे यात्री गोमो प्रयागराज एक्सप्रेस से उतरकर गलत दिशा से लाइन पार कर रहे थे। उसी समय प्लेटफॉर्म नंबर तीन से गुजर रहे कालका मेल की चपेट में आ गए। सभी यात्री कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने के लिए आ रहे थे। हादसे के बाद शवों को रेलवे लाइन से हटाकर शिनाख्त कराया गया। इसमें सविता (28) पत्नी राजकुमार निवासी कमरिया थाना राजगढ़, साधना (16) पुत्री विजय शंकर बिंद, शिव कुमारी (12) पुत्री विजय शंकर, अप्पू देवी (20) पुत्री श्याम प्रसाद, सुशीला देवी (60) पत्नी स्व. मोतीलाल निवासी महुआरी थाना पड़री, कलावती देवी (50) पत्नी जनार्दन यादव निवासी बसवा थाना कर्मा सोनभद्र के शवों की शिनाख्त हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिर्ज़ापुर के चुनार रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के ● शेष पेज 11 पर

## बिहार में पहले चरण का मतदान आज

पटना। बिहार में पहले चरण मतदान कल यानी छह नवंबर को है। 115 विधानसभा क्षेत्र के 45341 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोटिंग होगी। छह विधानसभा क्षेत्रों के 2135 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से पांच बजे तक ही वोटिंग होगी। बुधवार सुबह से ही डिस्पैच सेंटरों से मतदान कर्मी ईवीएम-वीवीपैट और अन्य सामग्री लेने में जुट गए। आज शाम तक सभी मतदान केंद्र पर सुरक्षा बल पहुंच जाएंगे। गुरुवार सुबह पांच बजे ही बूथ लेवल एजेंटों की मौजूदगी में मॉक पोल किया जाएगा। इसके दो घंटे बाद यानी सात बजे मतदान शुरू होग। पहले चरण में 18 जिलों की 121 सीटों पर मतदान होगा। यह जिले हैं- मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, ● शेष पेज 11 पर

# 18 फरवरी से शुरू होंगी यूपी बोर्ड की परीक्षायें

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। एशिया के सबसे बड़े शिक्षा बोर्ड के रूप में शामिल उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल (10वीं) और इंटरमीडिएट (12वीं) बोर्ड परीक्षाओं की तिथि बुधवार को घोषित कर दी है।

परिषद की सचिव भावना सिंह के स्तर से जारी आदेश के अनुसार, आगामी वर्ष की परीक्षायें 18 फरवरी 2026 से प्रारंभ होकर 12 मार्च 2026 तक चलेंगी। इस बार परीक्षा कार्यक्रम पहले से ही घोषित कर दिया गया है, ताकि विद्यालयों और विद्यार्थियों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय



मिल सके। माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट दोनों परीक्षायें दो पालियों में आयोजित की जाएंगी। पहली पाली सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी। हाईस्कूल (कक्षा 10) की परीक्षा का पहला प्रश्नपत्र हिंदी का ● शेष पेज 11 पर

# राहुल देश में अराजकता फैलाने की कोशिश रहे : राजनाथ

एजेंसी

पटना। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को बांका में चुनावी सभा में आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। क्योंकि, उन्होंने सशस्त्र बलों में आरक्षण की मांग की है। बिहार के जमुई जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि राहुल जी को क्या हो गया है? वे रक्षा बलों में आरक्षण का मुद्दा उठा रहे हैं। वह देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी सेनाएं इन सब चीजों से ऊपर हैं। रक्षा मंत्री ने बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी के हालिया मछली पकड़ने के प्रयास पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेता के पास अब कोई चारा नहीं बचा है, इसलिए उन्हें तालाब में कूदना पड़ा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को समझना चाहिए कि देश चलाना बच्चों का खेल नहीं है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई



प्रतिघाती कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की।

राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया है, बंद नहीं किया गया। अगर आतंकवादी फिर से भारत पर हमला करने की कोशिश करेंगे, तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे। भारत किसी को उकसाता नहीं है, लेकिन अगर कोई हमें उकसाएगा तो हम उसे बख्शेंगे नहीं। रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल के शासनकाल में लोगों को डराया-धमकाया जाता था। ● शेष पेज 11 पर

# पीएम ने विश्व चैम्पियन महिला टीम को किया सम्मानित

### जर्सी गिफ्ट की, प्रतिका रावल व्हीलचेयर पर नजर आईं, 2 नवंबर को विमेंस वर्ल्ड कप जीता था

एजेंसी

नयी दिल्ली। एकदिवसीय विश्वकप विजेता भारतीय महिला टीम ने बुधवार को आज यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान आयोजित समारोह में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

आज यहां भारतीय टीम प्रधानमंत्री आवास सात लोक कल्याण मार्ग पहुंची। भारतीय महिला क्रिकेट टीम सम्मान समारोह के लिए अपनी ऑफिशियल फॉर्मल ड्रेस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घर पहुंची और बहुत एलिगेंट लग रही थी। बीसीसीआई के लोगो वाले मैचिंग नेवी-ब्लू ब्लेजर और क्रीम ट्राउजर पहने हुए, खिलाड़ियों ने गर्व और प्रोफ़ेशनलिज्म की एक शानदार तस्वीर पेश की। भारतीय टीम के साथ बीसीसीआई प्रेसिडेंट मिथुन मन्हास और कोच अमोल मजूमदार भी नजर आए। बांग्लादेश के खिलाफ चोटिल होने वाली प्रतिका रावल व्हीलचेयर पर दिखीं।

विश्व चैंपियन बनी भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का इससे पहले छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई




अड्डे पर स्वागत किया गया। मंगलवार को विशेष विमान से इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर पहुंची भारतीय टीम का भव्य स्वागत किया गया। भारतीय टीम ताज पैलेस होटल में रूकी है। खिलाड़ियों के होटल पहुंचने पर खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई गई। जेमिमा रौड्रिग्स, राधा यादव और स्नेह राणा होटल के भीतर ढोल की थाप पर थिरकती दिखीं। इससे पहले मुख्य कोच अमोल मजूमदार के साथ टीम के सदस्यों का मुंबई हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री से मुलाकात के लिए जाते समय सेमीफाइनल मुकाबले में चोटिल हुई सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल भी व्हील चेयर पर टीम के साथ थी। प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट के दौरान अपने अनुभवों को उनके साथ साझा किया।

दो दिन पहले, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से मुलाकात के लिए औपचारिक निमंत्रण मिला था।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले कुछ समय पहले पदक विजेता खिलाड़ियों से प्रतियोगिता से पहले और उसके बाद मिलते रहे है। भारतीय टीम ने रविवार को नवी मुंबई में महिला एकदिवसीय विश्वकप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार चैंपियनशिप का खिताब जीता था और उसके बाद भारतीय टीम मंगलवार को दिल्ली पहुंची। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने विजेता भारतीय टीम को 51 करोड़ रूपये का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। नरेंद्र मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर भारतीय महिला टीम सराहना करते हुए लिखा था, ''आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के फाइनल में भारतीय टीम की शानदार जीत। फाइनल में उनका प्रदर्शन अद्भुत कौशल और आत्मविश्वास से भरा था। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण टीम वर्क और दृढ़ता दिखाई। हमारी खिलाड़ियों को बधाई। यह ऐतिहासिक जीत भविष्य के चैंपियन खिलाड़ियों को खेलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगी।''

# विकास जनता की सेवा का माध्यम है, इसे रुकने नहीं देंगे : शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बुधवार को कहा कि सरकार हर नगर को आदर्श नगर बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है।

उन्होंने कहा विकास जनता की सेवा का माध्यम है, इसे रुकने नहीं देंगे। सरकार का उद्देश्य केवल ईंट और सीमेंट का निर्माण नहीं, बल्कि जनता के जीवन में वास्तविक सुधार लाना है। श्री शर्मा ने आदर्श नगर पंचायत दोहरीघाट में सरयू नदी के तट पर आयोजित एक समारोह में एके शर्मा ने 36 करोड़ की लागत से निर्मित 79 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में वंदन योजना, दीनदयाल नगर विकास योजना और अन्य योजनाओं के तहत पेयजल आपूर्ति नेटवर्क का विस्तार, जल निकासी, सड़क सुदृढ़ीकरण, नाली निर्माण, ओपन जिम, पार्क एवं हरित क्षेत्र विकास, सॉलिड वेस्ट प्रबंधन, स्ट्रीट लाइटिंग, सार्वजनिक शौचालय और नगर सौंदर्यीकरण जैसे कार्य शामिल हैं।

एके शर्मा ने कहा कि नगर विकास विभाग ल्लस्वच्छ नगर ऽ स्वस्थ नागरिक-सशक्त प्रदेशङ्क के संकल्प के साथ कार्य कर रहा है। हर नगर में पेयजल, सड़क, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाएँ आधुनिक स्वरूप में विकसित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ल्लसबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयासङ्क के मंत्र को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश में गांव से लेकर नगर तक विकास की अलख जगाई जा रही है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि नगरों के विकास में जनता की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा ल्लसरकार योजनाएं बनाती है, लेकिन जनता की सहभागिता से ही वे सफल होती हैं।ङ्क

मंत्री ने स्थानीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक परियोजना में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। अंत में उन्होंने कहा ल्लविकास की यह गति और तेज़ होगी। दोहरीघाट ही नहीं, प्रदेश के हर नगर तक विकास की किरणें पहुंचेंगी, यही प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत का संकल्प है।

# बिहार में अगली सरकार इंडिया की,तेजस्वी होंगे मुख्यमंत्री : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भरोसा जताया कि बिहार में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी जिसके मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव होंगे। बिहार विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों के समर्थन में श्री यादव ने बुधवार को चार चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया जिसमें नवादा में कौशल यादव, जमुई से प्रत्याशी शमशाद आलम, बांका जिला के बेलहार विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी चाणक्य प्रकाश और भागलपुर के नाथनगर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी शेख जियाउल हसन शामिल है।

श्री यादव ने कहा कि पूरे बिहार में इंडिया गठबंधन के पक्ष में बदलाव की बयार चल रही है। पूरा देश बिहार की तरफ देख रहा है। बिहार की जनता ने हमेशा देश को संदेश देने का काम किया है। बिहार में सरकार बदलेगी। इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। श्री तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। बिहार की जनता इस बार नौजवान मुख्यमंत्री बनाने जा रही है। नयी सरकार में नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिलेगा। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एजेंडे में नौकरी और रोजगार नहीं है। भाजपा की प्राथमिकता में किसान, नौजवान नहीं है। भाजपा ने किसानों, नौजवानों को धोखा दिया है। इस चुनाव में बिहार की जनता केंद्र की भाजपा के सरकार के 10 साल और प्रदेश की राजग सरकार के 20 सालों का हिसाब देगी। बिहार में भाजपा को 30 सालों की सरकार का हिसाब देना है। भाजपा ने बिहार को महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और पलायन के अलावा कुछ नहीं दिया है। भाजपा ने बिहार के बजट की लूट की है। भ्रष्टाचार और लूट के पैसे को बंडल बनाकर बिहार से बाहर भेज दिया। बिहार का बजट और बिहार का पैसा बिहार में खर्च होना चाहिए। बिहार के विकास पर खर्च होना चाहिए। बिहार तभी होगा जब भाजपा सत्ता से हटेगी। बिहार से भाजपा का बंडलराज खत्म करना है। श्री यादव ने कहा कि बिहार के चुनाव में जनता के बीच तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनने को लेकर विशेष उत्साह है। तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। सामाजिक न्याय के राज की स्थापना करेंगे। सभी को नौकरी और रोजगार मिलेगा, सभी को सम्मान और न्याय मिलेगा। हर घर को 200 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे। बिहार में कानून का शासन होगा। भाजपा जब से सरकार में आई है उसने महंगाई और बेरोजगारी को बहुत बढ़ा दिया है।

# निर्माण श्रमिकों की बेटियों के विवाह पर अब मिलेगी 85000 तक की सहायता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने निर्माण श्रमिकों के हित में एक और बड़ा कदम उठाया है। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना की राशि में बढ़ोतरी की गई है।

नई व्यवस्था के तहत सामान्य विवाह पर 65000, अंतर्जातीय विवाह पर 75000 तथा सामूहिक विवाह पर 85000 तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त आयोजन के लिए 15000 की अलग से राशि दी जाएगी। यह सहायता सीधे पात्र श्रमिक परिवारों के बैंक खातों में भेजी जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि ल्लश्रमिक परिवार समाज की नींव हैं। उनकी बेटियों के विवाह में सहयोग देना सरकार का नैतिक और मानवीय दायित्व है।ङ्क उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का संपूर्ण आयोजन श्रम विभाग और बोर्ड द्वारा किया जाएगा, जिसमें सुरक्षा, आवास, भोजन और परिवहन जैसी सभी सुविधाएं सुनिश्चित रहेंगी।

भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव पूजा यादव ने कहा कि वर्तमान में बोर्ड में 1.88 करोड़ से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अब तक 18.94 लाख से अधिक आवेदनों पर 6336.61 करोड़ की राशि वितरित की जा चुकी है। पंजीकृत श्रमिक मात्र 20 एकमुश्त पंजीकरण शुल्क और 20 रुपये वार्षिक अंशदान के साथ योजनाओं के पात्र बन सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन और निशुल्क है, जिसे या जन सेवा केंद्रों के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। गौरतलब है कि बोर्ड द्वारा जन्म सहायता, शिक्षा सहायता, पेंशन, दिव्यांगता/मृत्यु सहायता और गंभीर बीमारी सहायता जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं, जिनसे लाखों श्रमिक परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है।

# रेलवे पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना हुआ आसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे पर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान 4.0 चलाया जा रहा है, जिसके द्वारा पेंशनरों या पारिवारिक पेंशनरों के लिये जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को सरल एवं आसान बनाया गया है। परंपरागत रूप से, पेंशनभोगियों को अपनी पेंशन निरंतरता सुनिश्चित करने के लिये प्रत्येक वर्ष माह नवम्बर में बैंक जाना आवश्यक था। इस अभियान के अन्तर्गत पेंशनरों को ऑनलाइन जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने का विकल्प प्रदान किया गया है, जिससे समय की बचत होगी। वरिष्ठ पेंशनरों के लिये विशेषकर लाभदायक होगा। एक आसान प्रक्रिया के माध्यम से पूर्वोत्तर रेलवे अपने पेंशनरों को सशक्त बनाने के साथ ही जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने को सुव्यवस्थित करना है।

इस अभियान में भाग लेने के लिये पेंशनरों या पारिवारिक पेंशनरों को गूगल प्ले स्टोर से यू.आई.डी.ए.आई. द्वारा ''आधारफ़ेस आर.डी. (अर्ली एक्सेस एप्लिकेशन डाउनलोड करना होगा। इसके पश्चात पेंशनरों को गूगल प्ले स्टोर से 'जीवन प्रमाण' एप इंस्टाल करना होगा। दोनों एप के इंस्टाल होने के बाद, ऑपरेटर एथेन्टीकेशन स्क्रीन खुलेगा जहाँ पर स्टेप वाइज आगे बढ़ते हुए डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र डाउनलोड किया जा सकेगा। किसी भी संशय की स्थिति में पूर्वोत्तर रेलवे के कार्मिक विभाग, लेखा विभाग अथवा संबन्धित बैंक से सम्पर्क किया जा सकता है। इसका उपयोग करके, पेंशनभोगी घर से अपने जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं तथा भौतिक यात्राओं की आवश्यकता के बिना सुविधाजनक एवं कुशल प्रक्रिया का आनन्द ले सकते हैं। पूर्वोत्तर रेलवे अपने पेंशनभोगी समुदाय के बेहतर अनुभव तथा सुविधा को बढ़ाने के लिये प्रतिबद्ध है।

## फिरोजाबाद में किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के थाना जसराना क्षेत्र में नानी के घर रह रहे 12 वर्षीय बालक ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली गई। क्षेत्र के गांव नगला मुरारी में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब चंचल (12) द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की जानकारी ग्रामीणों को मिली। बताया गया है कि चंचल मूल रूप से जनपद एटा के सकटपुर गांव निवासी नरोत्तम सिंह का पुत्र है। उसकी मां की मृत्यु काफी समय पहले हो गई थी। उसके बाद से ही बालक चंचल अपने नानी के घर मामा मामी के पास नगला मुरारी में रह रहा था। जो कक्षा 5 का छात्र था पढ़ाई को लेकर उसकी नानी उसे डांटती रहती थी आज भी स्कूल जाने को लेकर नई द्वारा डांट लगाई गई तभी बालक छत पर चला गया फिर वापस नहीं आया।

## राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य करेंगी महिला जनसुनवाई

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य गीता विश्वकर्मा जी दिनांक 06 नवम्बर, 2025 (गुरुवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से सर्किट हाउस, प्रयागराज में महिला जनसुनवाई करेंगी। इस दौरान वह महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करेंगी तथा पीड़ित महिलाओं की शिकायतों को सुनकर आवश्यक निर्देश प्रदान करेंगी। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे, जिन्हें लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश दिए जाएंगे। राज्य महिला आयोग का यह प्रयास महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनसुनवाई में अधिक से अधिक पीड़ित महिलाएं भाग लेकर अपनी समस्याएं प्रस्तुत कर सकती हैं।

## पांच स्थानों से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ।जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में जनपद की सभी तहसीलों में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 04 नवम्बर, 2025 को बंजर, खलिहान, नवीन परती, चकमार्ग तथा तालाबी रकबा सहित विभिन्न श्रेणियों की भूमि पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने हेतु व्यापक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न तहसीलों में कुल 05 स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। तहसील कोरांव के ग्राम तरांव एवं मडफा कला में चकमार्ग की भूमि, ग्राम करपिया में खाद गड्ढा की भूमि, ग्राम संसारपुर में होलिका दहन स्थल की भूमि तथा ग्राम घोघी रत्योरा में बंजर भूमि को अतिक्रमणमुक्त किया गया है। जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा सभी उपजिलाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अतिक्रमण संबंधी शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि तहसील क्षेत्र की सरकारी एवं ग्राम सभा की भूमि का नवीन सर्वे कराया जाए तथा उसके आधार पर अतिक्रमण की श्रेणियों का निर्धारण कर निरंतर कार्रवाई की जाए। अभियान के अब तक के परिणाम सकारात्मक रहे हैं, और आने वाले दिनों में यह अभियान निरंतर रूप से जारी रहेगा।

## तिगरी मेले में लाखों ने लगायी आस्था की डुबकी

**अमरोहा।** उत्तरी भारत के ऐतिहासिक महाभारत कालीन गढ़गंगा–तिगरी मेले में कार्तिक पूर्णिमा और प्रकाश पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। तिगरी घाटों की सफाई व अन्नदाता लंगर में खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में बह रही गंगा नदी के दोनों ओर कार्तिक पूर्णिमा और गुरु नानक देव के 556 वें प्रकाश पर्व पर उत्तरी भारत के दिल्ली, राजस्थान, गुरुग्राम, हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश के लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई।

पांचाल देश का हिस्सा रहे गढ़गंगा–तिगरी मेले को लेकर पौराणिक आख्यान तथा किंवदंतियां प्रचलित हैं। भारतीय धर्म तथा संस्कृति में असुरासुर संग्राम सर्वविदित है। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा को भगवान शिव ने त्रिपासुर का वध करके उसके आलोक से देवताओं तथा मानव को भयमुक्त किया । मानवता के कल्याण के लिये किरत करो , नाम जपो, वंड छको का शाश्वत संदेश देने वाले श्री गुरु नानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व पर ग्रामीण भारत के लाखों श्रद्धालुओं द्वारा गढ़गंगा– तिगरी मेले में में भजन कीर्तन, अन्नदाता लंगर में खिचड़ी प्रसाद वितरण, पूजा अर्चना, दान स्नान मध्यरात्रि से शुरू हो गया था, जो आज शाम तक जारी रहा। प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला यह पर्व प्रत्यक्ष दर्शनीय है।

सिख धर्म में कार्तिक पूर्णिमा के दिन को प्रकाशोत्सव के रूप में मनाया जाता है,इसी दिन सिख समुदाय के संस्थापक गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ था। गुरु पर्व के दिन गुरु नानक जी के उपदेशों यानी गुरुवाणी का पाठ किया जाता है। तथा इसी दिन गुरुनानक जयंती मनाई जाती है। देवोत्थान एकादशी पर मेले के शुभारंभ से ही लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा किनारे डेरे बसा लिए थे। तिगरी मेले में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा कि जगह कम पड़ जाने के कारण निराश श्रद्धालुओं को ट्रैक्टर ट्राली समेत वापस घर लौटना पड़ा। बुधवार को मध्यरात्रि से स्नान शुरू हो गया था।गंगा तट पर बच्चों के मुंडन संस्कार सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न हुए। गंगा में नहाते समय दूर–दूर तक श्रद्धालुओं का हुजूम नज़र आया। घंटे घड़ियाल, शंखनाद और हर हर गंगे के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। मेले में भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी के नेतृत्व में अन्नदाता लंगर में खिचड़ी प्रसाद वितरण के बाद किसानों ने गंगा घाटों पर सफाई अभियान चलाया वहीं दूसरी ओर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के चार सौ कैडेट्स द्वारा मेले में अपनों से बिछड़े एक हज़ार बच्चों और वृद्धों को परिजनों से मिलाया।गंगा स्नान संपन्न होने के बाद मेले से डेरे उखड़ने का सिलसिला देर–रात तक जारी रहा। इस बार पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

# श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश उत्सव श्रद्धा और भक्ति से मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। अलोपीबाग गुरुद्वारा में सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश उत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे परिसर को फूलों और पुष्पगुच्छों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

उत्सव की शुरुआत अखंड पाठ साहिब के समापन से हुई। गुरुद्वारा गुरबाणी की मधुर ध्वनियों से गूंज उठा, और श्रद्धालु लगातार श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आगे माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त करते रहे। पिछले कई दिनों से प्रभात फ़ेरी और शब्द-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा था। रागी जत्थों ने अपने कीर्तन से संगत को भावविभोर किया। गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह बग्गा ने गुरु नानक देव जी के जीवन संदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु नानक वाणी के आगे नतमस्तक होना जीवन मूल्यों, सामाजिक और आध्यात्मिक चेतना के प्रति समर्पण का प्रतीक है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने जल संरक्षण, कन्या भ्रूण हत्या रोकने, शिक्षा और चिकित्सा सेवा को बढ़ावा देने का आह्वान किया। दीवान में कथा, कीर्तन, व्याख्यान, आरती, अरदास और हुकमनामा के बाद गुरु का अटूट लंगर चला, जिसमें सभी धर्मों और जातियों के लोगों ने समान रूप से बैठकर भोजन ग्रहण किया।

इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, विधायक ई. हर्षवर्धन बाजपेई, राजेंद्र मिश्रा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने गुरु चरणों में माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में गुरुदीप सिंह सरना, परमजीत सिंह, सरदार पतविंदर सिंह, कुलदीप सिंह बग्गा, परमिंदर सिंह, मनु चावला, बलजीत सिंह, लखविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह ग्रोवर, गुरबख्श सिंह, जसवीर सिंह, मनप्रीत कौर, हरजीत सिंह कथुरिया, त्रिलोचन सिंह बग्गा, मनजीत सिंह खालसा, सतेंद्र सिंह पूरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व सेवादार शामिल हुए।

# कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा तट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को संगम तट सहित पूरे गंगा किनारे भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगाकर मोक्ष की कामना की।

सुबह ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालु परिवार सहित त्रिवेणी संगम और विभिन्न घाटों पर गंगा स्नान करने पहुंचे। हर हर गंगे के जयघोष से पूरा तट भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

सुरक्षा की दृष्टि से जल पुलिस और गोताखोरों की विशेष टीमें घाटों पर तैनात की गईं। प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग, प्राथमिक चिकित्सा और खोया-पाया केंद्र की भी व्यवस्था की गई थी। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने अन्न, वस्त्र और द्रव्य दान कर पुण्य अर्जन किया। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और दीपदान के आयोजन से पूरा प्रयागराज दिव्यता से आलोकित नजर आया।

## उप्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमरनाथ अग्रवाल का निधन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता और उत्तर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमरनाथ अग्रवाल का बुधवार को गुरुग्राम के एक अस्पताल में निधन हो गया। श्री अग्रवाल को प्रदेश कांग्रेस के मुखर वक्ताओं में से एक माना जाता है जो राजनीति पर अपनी राय बेबाकी से देते थे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक श्री अग्रवाल पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे और एक सर्जरी के लिये पिछले महीने गुरुग्राम के मेंदाता अस्पताल में भर्ती होने गये थे जहां आज उन्होने अंतिम सांस ली। कांग्रेस के एक प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने श्री अग्रवाल के निधन पर दुख व्यक्त करते हुये कहा कि उनका निधन पार्टी के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। वे ना सिर्फ एक बेहतर वक्ता थे बल्कि पार्टी एक बहुत समर्पित और प्रतिबद्ध कार्यकर्ता भी थे। श्री अग्रवाल की मृत्यु से पूरा कांग्रेस परिवार स्तब्ध और आहत है। श्री राय ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि श्री अग्रवाल को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को इस असीम दुख को सहने का साहस दें। श्री अग्रवाल के निधन पर कांग्रेस नेता द्विजेंद्र त्रिपाठी, वीरेंद्र मदान, प्रमोद सिंह, अंशू अवस्थी, मुकेश सिंह चौहान, डॉक्टर आरपी त्रिपाठी, सिद्धि श्री, बबलू पांडे बस्ती, विजय कुमार सहित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी दु:ख व्यक्त किया है ।

## अमरोहा में हाईटेशन लाइन की चपेट में आने से तेंदुये की मौत

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश में अमरोहा जिले की धनौरा तहसील क्षेत्र में हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से तेंदुए की मौत हो गई। वन विभाग की टीम ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया।

वन विभाग के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि अमरोहा जनपद की धनौरा तहसील के वंश गोपालपुर गांव में मंगलवार को एक तेंदुए की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घटना के समय तेंदुआ पेड़ पर चढ़ रहा था, उसी दौरान ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन की चपेट में आने से आने से तेंदुए ने तड़प तड़प कर मौके पर ही दम तोड़ दिया।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करंट की चपेट में आए तेंदुए के शव को पेड़ से नीचे उतारा। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण करंट लगना पाया गया है। क्षेत्र में वन्यजीवों की असमय मौत को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है।

डीएम साहब ? एक नजर बेलहट क्रशर प्लांट की ओर

# धड़ल्ले से संचालित हो रहा ब्लास्टिंग का कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराव( प्रयागराज)। कोराव तहसील क्षेत्र के बेलहट मंगलापुरी पसना में कई वर्षो से संचालित हो रहा क्रसर प्लांट व लीज व ब्लाटिंग से आसपास जंगली जानवर व पशु पक्षी पलायन हो रहे वही दूसरी तरफ वन विभाग समेत ग्रामीणों द्वारा रोपे गए पेड़ पौधों का भी विकास पर्यावरण दूषित होने के कारण नही हो पा रहा साथ ही जिन लोगो द्वारा पक्का आवास रहने के लिए बनाया गया है आसपास के लोगो का कहना है कि छत में दरारे आ रही किसानों की फसल भी नष्ट हो रही कुछ ही दूरी पर बना अटल आवाशिय विद्यालय में पठन पाठन कर रहे छात्र छात्राओं पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा साथ ही लीज के पास में बनी बेलहट अस्थाई गौशाला में रह रहे गौवंश भी भयभीत व पत्थर के टुकड़े उनके उर पड़ते है खनन व परिवहन के कारण जहाँ एक और संलिप्त लोग मालामाल हो रहे है वही दूसरी तरफ हर तरह की अपूर्णीय क्षति हो रही। ओवरलोड वाहनों के आवागवन से चंद समय पहले बनी सड़को का भी दम घुट रहा है ब्लाटिंग करके लगभग डेढ़ सौ फीट की व्यापक पैमाने पर खाई करके छोड़ दिया गया है सुरक्षा का कोई पुख्ता इंतजाम नही किया गया है जिससे जंगली जानवर बेजुबान व आम लोगों को खतरा बना हुआ है इसके बावजूद आला अफसर ध्यान नही दे रहे या किसी के दबाव में होने के कारण कार्रवाही करने से कतरा रहे जबकि वहाँ पर मौजूद मजदूरों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हर हप्ते ब्लाटिंग दिन में लगभग 10 से 11 बजे आसपास होता है इसके लिए सबका कार्य अलग अलग रहता है वही खान विभाग लिख रहा है की ब्लास्टिंग नही हो रहा पर्यावरण अनापत्ति प्रमाण पत्र वैधता खत्म है आसपास बस्ती के लोग भी प्रदूषण से प्रभावित हो रहे नियमित पानी छिड़काव हेतु भी निर्देशित किया गया है सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र प्रसाद शुक्ला ने कहा यदि जिम्मेदार अधिकारी जल्द कार्यवाही नही करेंगे तो इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी।

एक लोगो द्वारा भारत सरकार के पीजी पोर्टल के माध्यम से जनहित की समस्या को देखते हुए शिकायत की गई है जिसमे खान विभाग ने अपनी आख्या में उल्लेख किया है कि बेलहट में तीन क्रशर प्लांट संचालित है साथ ही आख्या में यह भी उल्लेख किया गया है कि पर्यावरण से अनापत्ति प्रमाण पत्र की वैधता खत्म होने के कारण लगभग एक वर्ष से बन्द है साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि ब्लास्टिंग का कार्य बंद है खदान से 500 मिटर की दूरी पर क्रशर प्लांट स्थित है पत्थर बोल्डर क्रसिंग का कार्य मात्र किया जा रहा है क्रसर प्लांट से परिवहन करने वाले वाहनों से उठ रहे धूल डस्ट से आसपास के बस्ती प्रभावित होने की पुष्टि जाँच आख्या में की गई है जिसके संदर्भ में प्रदूषण विभाग द्वारा क्रसर प्लांट के संचालकों के ऊपर नियमानुसार कार्रवाही हेतु पत्र भेजा गया है साथ ही आने जाने वाले मार्ग पर नियमित पानी छिड़काव हेतु निर्देशित भी किया गया है ताकि आसपास का वातारण संतुलित बना रहे।

# गुरु नानक देव के उपदेश आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को सिख पंथ के संस्थापक एवं प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 556वें प्रकाश पर्व पर राजधानी लखनऊ के डीएवी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी भारत के एक उच्च कोटि के आध्यात्मिक महापुरुष थे, जिन्होंने 500 वर्ष पहले समाज के संगठन, समानता और सेवा का जो संदेश दिया, वही आज भारत की सामाजिक व्यवस्था की नींव है। इस दौरान उन्होंने सिख गुरुओं के सम्मान में अपना शीश नवाया और दर्शन किए। समारोह में कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री का स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। योगी ने कहा कि उस काल में जब देश बाबर जैसे विदेशी आक्रांताओं की बर्बरता झेल रहा था, जब मंदिर तोड़े जा रहे थे, आस्था पर प्रहार हो रहे थे, तब भी गुरु नानक देव जी बिना भय, बिना दबाव समाज को मार्गदर्शन दे रहे थे। उन्होंने मिल-बांटकर खाने, गरीबों की मदद करने और एकजुट समाज बनाने का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने गुरु नानक देव जी की आध्यात्मिकता का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि भारत संतों और महापुरुषों की उस परंपरा का देश है, जिसने संकट के समय भी राष्ट्र की आत्मा को जीवित रखा।

योगी ने कहा कि जब विदेशी आक्रांताओं के आगे कई राजा-रजवाड़े झुक गए, तब गुरु नानक देव जी ने बाबर को 'जाबर' यानी जल्लाद कहने का साहस दिखाया। यही भारत की संत परंपरा की शक्ति थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम मजबूत रहेंगे, तो हर कोई हमारी आस्था का सम्मान करेगा। सिख गुरुओं और महापुरुषों का बलिदान हमारे लिए प्रेरणा है।

कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की हार्दिक बधाई दी और कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं हमारे जीवन और समाज को दिशा देती रहें।

# 'राजा भैया' के खिलाफ बेंती आवास में शस्त्र पूजन की जांच पूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विजयादशमी के मौके पर बेंती आवास परिसर में रघुराज प्रताप सिंह उर्फ 'राजा भैया' के शस्त्र पूजन को लेकर आज़ाद अधिकार आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर द्वारा की गई शिकायत को पुलिस ने अपनी जांच में निराधार पाया है। शिकायत में उनके प्रतापगढ़ जनपद के कुंडा स्थित आवासीय परिसर में कथित रूप से धार्मिक भावना भड़काने और अनुचित गतिविधियों के आरोप लगाए गए थे। आईजीआरएस पोर्टल पर शस्त्र पूजन को लेकर की गई संख्या 60000250236632 को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) बृजनंदन राय के पर्यवेक्षण में कराई गई। रिपोर्ट के अनुसार, क्षेत्राधिकारी कुंडा ने संबंधित स्थल का भौतिक निरीक्षण कर प्रत्यक्षदर्शियों, स्थानीय निवासियों तथा पुलिस बल के सदस्यों के बयान दर्ज किए। जांच में यह पाया गया कि आरोपित तिथि पर उक्त स्थान पर किसी प्रकार का विवादास्पद आयोजन या उत्तेजक गतिविधि नहीं हुई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि राजा भैया के महल परिसर के समीप स्थित धर्मशाला में केवल पारंपरिक पूजा-अर्चना की गई थी, जो पूरी तरह से धार्मिक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। मौके पर कोई भी आपत्तिजनक भाषण, धार्मिक नारा या किसी समुदाय की भावना आहत करने वाला कार्य नहीं पाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि ल्लआवेदक द्वारा लगाए गए आरोप असत्य, निराधार एवं मनगढ़ंत पाए गए हैं। जांच में ऐसा कोई भी तथ्य या प्रमाण नहीं मिला जिससे धार्मिक वैमनस्य या कानून-व्यवस्था भंग होने की संभावना सिद्ध हो। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे आयोजन के दौरान स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस बल की उपस्थिति में क्षेत्र पूर्णतः शांतिपूर्ण रहा। न तो किसी प्रकार की भीड़भाड़, न ही किसी विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई। इसके अलावा, मौके पर नागरिकों एवं पड़ोसी क्षेत्रों के लोगों ने भी इस बात की पुष्टि की कि उस दिन किसी भी प्रकार की असामाजिक या अवैधानिक गतिविधि नहीं हुई थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आवेदक द्वारा की गई शिकायत तथ्यों से परे एवं भ्रामक प्रतीत होती है, जिससे अनावश्यक भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई। अतः पुलिस प्रशासन ने मामले को निराधार एवं असत्य मानते हुए शिकायत निरस्त करने की संस्तुति की है। अंत में रिपोर्ट में कहा गया है कि ल्लस्थानीय स्तर पर पूर्ण शांति एवं सौहार्द का वातावरण विद्यमान है तथा किसी प्रकार की अशांति या तनाव की स्थिति नहीं पाई गई।

## इंडोनेशिया में आयोजित चैंपियनशिप के दूसरे दिन भारत के नाम दो कांस्य पदक




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** 8वीं विश्व वोवीनाम मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में बुधवार को भारतीय खिलाड़ियों ने दो कांस्य पदक जीते। एक से 8 नवंबर को बाली, इंडोनेशिया में आयोजित चैंपियनशिप में बुधवार को असम के पप्पू अहमद ने 54 किलोग्राम भार वर्ग और पप्पू गोगई ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारतीय टीम का खाता खोला।आरंभिक तौर के मुकाबले जीतने के बाद पप्पू गोगई को रोमानिया के एच रीबन और पप्पू अहमद को फिलिपींस के पॉन्ड्स हेनरी ने सेमी फाइनल मुकाबले में परास्त किया।वोवीनाम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष और एशियन वोवीनाम फ़ेडरेशन महासचिव प्रवीण गर्ग और वर्ल्ड वोवीनाम फ़ेडरेशन पदाधिकारीयों ने खिलाड़ियों को मेडल, सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह से पुरस्कृत किया।राष्ट्रीय महासचिव शंकर महाबले ने बताया कि पप्पू भराली, साहिल बोरीवली और प्रगति शिंदे आरंभिक मुकाबले जीतकर पदक की दौड़ में शामिल है।

## बालिकाओ को उनके अधिकारों के लिए किया गया जागरूक



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मिशन शक्ति पाँच के अंतर्गत थाना क्षेत्र अलीगंज के कपूरथला चौराहे पर महिलाओ के अधिकारों को लेकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओ को ये बताने की कोशिश की गई कि उनके अधिकारो को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद व समर्पित है जनपद लखनऊ के 54 थानो पर मिशन शक्ति केंद्र की स्थापना की जा चुकी है जो इस बात का जीता जागता सबूत है कि महिलाओ को घबराने की ज़रूरत नही बल्कि बल्कि अपने अधिकारो को जानने की ज़रूरत है और न्याय दिलाने के लिए लखनऊ पुलिस हमेशा उनके साथ खड़ी है। आपको बता दे कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन मे कपूरथला चौराहे पर हुए मिशन शक्ति पाँच कार्यक्रम मे महिलाओ को साइबर क्राइम,महिला सुरक्षा व अन्य महत्वपूर्ण हेल्प लाइन सुविधा के बारे मे पूर्ण जानकारी दी गई साथ ही इसके उपयोग के बारे मे भी चर्चा की गई।

## आठ से शुरु होगा तीन दिवसीय भारतीय कला और शिल्प का उत्सव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** माईड्रीम ग्लोबल ने लखनऊ में भारतीय शिल्प कौशल और वैश्विक डिजाइन तालमेल के उत्सव 'नक्श' का अनावरण किया। बताया कि 08 नवंबर को उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्र मंत्री राकेश सचान दोपहर 1 बजे इस कार्यक्रम का उद्घाटन अवध शिल्प ग्राम में करेंगे, जो राज्य के जीवंत हथकरघा एवं वस्त्र समुदाय के लिए गौरव का क्षण होगा। तीन दिवसीय यह कार्यक्रम लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में किया जाएगा।

## पूर्वी विधानसभा में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण पर कार्यशाला

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी विधानसभा मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन महानगर स्थित गोल्डन सेलिब्रेशन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ओबीसी अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण, विधान परिषद सदस्य एवं प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी उपस्थित रहें। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष एवं सांसद डॉ के लक्ष्मण ने कहा कि मेरा भी राजनीतिक कैरियर चार दशक पहले बूथ अध्यक्ष के रूप में ही हुआ एक बूथ अध्यक्ष से लेकर के राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष पद के साथ राज्यसभा सदस्य पर हू। कार्यक्रम में महामंत्री राम अवतार कन्नौजिया, उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, संयोजक चेतन विष्ट, के के जायसवाल, अनुराग साहू, पंकज सक्सेना, मंडल अध्यक्ष रीना चौरसिया, समित खन्ना, अभिषेक राय, नरेंद्र देवड़ी पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्षगण मौजूद रहे।

# अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध चला नगर निगम का अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर बुधवार सुबह जोन-तीन में बड़े स्तर पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। यह अभियान जोनल सेनेटरी अधिकारी मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में डालीगंज पुल से सटे पुल क्षेत्र में संचालित किया गया, जहाँ लंबे समय से अस्थायी झुग्गियाँ, फल के गोदाम और ठेले-खोमचे लगने के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा था। साथ ही क्षेत्र में कूड़ा जमने, गंदगी फैलने और सुचारु यातायात में बाधा की शिकायतें भी लगातार प्राप्त हो रही थीं।अभियान के दौरान नगर निगम की टीम ने पुल किनारे बनी 25 से अधिक झुग्गियों, 10 फल गोदामों, 35 ठेलों और लगभग 100 काउंटरों को हटवाया। कार्रवाई के समय कुछ अवैध कब्जेदारों द्वारा विरोध प्रयास भी किया गया, जिसे सफाई सुपरवाइजरों की टीम ने शांतिपूर्ण तरीके से नियंत्रित किया और अभियान बिना रुकावट जारी रखा गया। जोनल सेनेटरी अधिकारी ने बताया कि डालीगंज पुल के दोनों ओर वर्षों से अस्थाई रूप से अतिक्रमण किया जा रहा था, जिसके कारण मार्ग संकुचित हो गया था तथा स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। नगर निगम द्वारा कई बार नोटिस एवं समझाइश दिए जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिसके बाद यह कार्रवाई आवश्यक हो गई थी।उक्त स्थल को नगर निगम अब नवाचार के रूप में विकसित करेगा, जिससे क्षेत्र की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण और यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके। यहाँ हरियाली, सार्वजनिक उपयोग के स्थल और पथ-मार्ग को व्यवस्थित करने की योजना पर काम शुरू किया जा रहा है।कार्यवाई के दौरान एसएफआई पुष्कर पटेल, प्रमोद गौतम, प्रशांत मिश्र (एलएसए), विनय सहित नगर निगम के अनेक अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर में स्वच्छता, यातायात सुगमता और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों ज़रूरतमंदों का उपचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। शहजादी फ़ातिमा ज़हरा की शहादत की याद में बुधवार को इदार-ए-मक़सद-ए-हुसैनी के बैनर तले कश्मीरी मोहल्ला स्थित प्यारे जानी के इमामबाड़े में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सुबह से शाम तक चले इस फ़्री मेडिकल कैंप में सैकड़ों ज़रूरतमंद मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें मुफ़्त दवाइयाँ दी गईं। शिविर में मौजूद डॉ. सैयद अहमद हुसैन मुसवी ने बताया कि इस समय वायरल बुखार और मौसमी बीमारियों के मरीज अधिक आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ल्लआज कई दर्जन मरीज इस फ़्री कैंप का लाभ ले चुके हैं। हमारा मक़सद है कि कोई भी व्यक्ति दवा या इलाज की कमी की वजह से परेशान न हो। वहीं मौलाना राजा हुसैन ने कहा कि ''यह कैंप शहजादी फ़ातिमा ज़हरा की शहादत की याद में लगाया गया है, ताकि उनके जीवन से मिलने वाला संदेश खिदमत और इंसानियत लोगों तक पहुँचे। उन्होंने बताया कि ल्लयह पहला कैंप नहीं है। पिछले 3-4 वर्षों से हम लगातार इस सेवा को अंजाम दे रहे हैं। हमारी टीम निजी अस्पतालों में जाकर भी ज़रूरतमंद मरीजों की मदद करती है, यहाँ तक कि लावारिस और बे-सहारा लोगों तक भी पहुँचती है।ङ्क मौलाना ने आगे कहा कि ल्लजब लोग यह देखेंगे कि हुसैनी रास्ते पर चलने वाले लोग ज़रूरतमंदों की ऐसी सेवा करते हैं, तो वे समझ पाएंगे कि हुसैनियत का असल पैग़ाम इंसानियत, हमदर्दी और मदद है।ङ्कशहादत की रात के कार्यक्रम के तहत आज रात शहजादी का ताबूत सरकारी हुसैनी से बरामद होकर रोज़ा-ए-फ़ातिमा पहुँचेगा, जहाँ मजलिस और मातम का आयोजन होगा। इदार-ए-मक़सद-ए-हुसैनी पिछले लगभग 15 वर्षों से सामाजिक और इंसानी खिदमत के विभिन्न कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

## अहिनवार धाम में कार्तिक पूर्णिमा मेला संपन्न

# चन्द्र सरोवर में हजारों श्रद्धालुओं ने किया स्नान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को निगोहां क्षेत्र स्थित अहिनवार धाम में श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों श्रद्धालुओं ने चन्द्र सरोवर में पवित्र स्नान कर अहिनवार बाबा के दर्शन किए।

इसी के साथ क्षेत्र का ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेला शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। मेले में सोमवार से ही व्यापारियों और श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। अहिनवार पहुंचने वाले मार्गों पर दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही, जिससे कई स्थानों पर जाम की स्थिति भी बनी रही।

वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। पूरे मेला परिसर और घाट क्षेत्रों में भारी पुलिस बल, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ टीम, उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज पवन पटेल, एसीपी मोहनलालगंज विकास पांडेय व निगोहां पुलिस टीम मुस्तैद रही। श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान कर सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया और अहिनवार बाबा से अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गया (बिहार) में पिंडदान और श्राद्ध करने वाले लोग अहिनवार धाम के सरोवर में स्नान को शुभ मानते हैं। कुछ पौराणिक मान्यताएं इस स्थल को महाभारत काल से भी जोड़ती हैं। सैकड़ों वर्षों पुराना यह मेला क्षेत्र की आस्था और परंपरा का प्रतीक है। एक समय था जब लोग बैलगाड़ी, तांगा, साइकिल या पैदल लंबी दूरी तय कर यहां पहुंचते थे। आज भी वही श्रद्धा और भक्ति का उत्साह देखने को मिला। प्रशासनिक तत्परता और श्रद्धालुओं के सहयोग से मेला बिना किसी अप्रिय घटना के शांति व सौहार्द के माहौल में संपन्न हुआ।

## समाज कल्याण राज्यमंत्री के निर्देश पर मृतक दिखाए गए लाभार्थी की पेंशन चालू

लखनऊ। वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और हित में समाज कल्याण विभाग ने एक संवेदनशील पहल की गई है। लखनऊ जनपद के मोहनलालगंज क्षेत्र में मृतक दिखाकर लाभार्थी की रोकी गई वृद्धावस्था पेंशन को समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से दोबारा चालू किया गया है। समाज कल्याण विभाग की ओर से बताया कि मोहनलालगंज तहसील दिवस के दौरान ग्राम निगोहां निवासी राम स्वरूप की पेंशन मृतक दिखाकर रोक दी गई थी। मामला संज्ञान में आने पर राज्यमंत्री असीम अरुण ने तत्काल सत्यापन के निर्देश दिए। इसके बाद सहायक विकास अधिकारी ने सत्यापन के बाद लाभार्थी को जीवित पाया गया, जिसके आधार पर उनकी वृद्धावस्था पेंशन पुनः स्वीकृत की गई। राज्यमंत्री के निर्देश के जिला समाज कल्याण अधिकारी अंजनी कुमार ने मंगलवार देर रात लाभार्थी के घर पहुंचकर स्वयं वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति पत्र सौंपा।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सं. | 106–टेली/टेंडर/14/2025–26 | | |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल, उत्तर रेलवे पर 03 वर्ष की अवधि के लिए 24 फाइबर ओएफसी केबल नेटवर्क के रखरखाव के लिए बाराबंकी – अयोध्या कैंट, अयोध्या–जलालपुरढही, अकबरपुर–टांडा, फाफामऊ – अयोध्या कैंट, डलमऊ – दरियापुर, उन्नाव – ऊँचाहार सेक्शन और सभी एल. एम. सी सहित वितरित ई. आई स्टेशनों में अनुभागीय ओ.एफ.सी के रखरखाव का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | रु 2,43,40,450.31/– | निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु 2,71,700.00/– | कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीनें |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | | | 25.11.2025 15:30 बजे |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र.कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ | |

• ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराषि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू0 सं0 – 106–टेली/टेंडर/14/2025–26 दिनांकः 04.11.2025

3439/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# उप्र. एआरपी संगठन का पुनर्गठन, केशव प्रताप शाही बने प्रदेश अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश एआरपी संगठन की पुनर्गठन बैठक बुधवार को राजधानी लखनऊ स्थित गुलिस्तां कॉलोनी में नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से देवरिया के केशव प्रताप शाही को प्रदेश अध्यक्ष और सहारनपुर के प्रवीण चौधरी को प्रदेश महामंत्री चुना गया।

बैठक में संगठनात्मक एकजुटता और शिक्षा सुधार के प्रति प्रतिबद्धता का उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिला। इस अवसर पर अंबेडकर नगर के पुष्पेंद्र दुबे को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वहीं उन्नाव की डॉ. पूनम सिंह, प्रतापगढ़ की शिल्पा शुक्ला, शाहजहांपुर के धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बाराबंकी के सन्तोष कुमार एवं रजनीश कुमार सिंह तथा गोण्डा के ज्ञानेश्वर पाठक को उपाध्यक्ष मनोनीत किया।

इसके अतिरिक्त बाराबंकी के शरद राय एवं देवरिया के संजय कुमार पाण्डेय को संगठन मंत्री, महराजगंज के अम्भोज कुमार मिश्र तथा बदायूं के विनीत कुमार यादव को संयुक्त मंत्री, बाराबंकी के संजय बाजपेयी, लखनऊ के मोहम्मद रियाज और देवरिया के सगीर अहमद को प्रदेश प्रवक्ता, लखनऊ के सर्वेश गौतम को कोषाध्यक्ष तथा बाराबंकी के पवन कुमार वर्मा को मीडिया प्रभारी चुना गया।

चुनाव प्रक्रिया में संगठन के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश शुक्ल और देवरिया के पूर्व जिलाध्यक्ष विपिन दुबे निर्वाचन अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंत्री के अलावा अधिकांश पदों पर एक से अधिक अभ्यर्थियों ने नामांकन प्रस्तुत किया था। आपसी सहमति और लोकतांत्रिक संवाद के उपरांत पर्यवेक्षक ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की। इसके बाद नवनिर्वाचित टीम का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया और उन्हें नये दायित्वों के निर्वहन की शुभकामनाएं दी गईं।

ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग ने वर्ष 2019 में प्रत्येक विकास खंड में पांच एआरपी (अकादमिक रिसोर्स पर्सन) के पद सृजित किए थे। परिषदीय शिक्षकों में से चयनित ये एआरपी अपने-अपने विकास खंडों में विद्यालयों की शिक्षा गुणवत्ता सुधारने और शिक्षकों को अकादमिक सहयोग प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रताप शाही ने कहा कि संगठन शिक्षकों की अकादमिक सक्षमता और बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य करेगा। वहीं महामंत्री प्रवीण चौधरी ने कहा कि संगठन प्रदेश स्तर पर शिक्षकों के प्रशिक्षण, संवाद और संसाधन विकास की दिशा में ठोस योजना बनाकर उसे धरातल पर उतारेगा।

# भव्य भंडारे का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान के अवसर पर बुधवार को फैजुल्लागंज में रोहिणी नक्षत्र वेलफ़ेयर फाउंडेशन ने भव्य भंडारे का आयोजन किया। जिसमें प्रसाद के रूप में लोगों में छोला चावल का वितरण किया गया। संस्था की अध्यक्ष पूनम व संस्था के सभी पदाधिकारियों ने श्री रामभक्त हनुमान जी को प्रसाद का भोग लगाया व प्रभु का शुभाशीष लेके कार्यक्रम की शुरुआत की। वही इस मौके पर मां गायत्री जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष व संयोजक भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर अरुण प्रताप सिंह व वरिष्ठ समाजसेवी मनोज सिंह चौहान ने भी लोगों ने प्रसाद का वितरण किया। संस्था की अध्यक्ष पूनम सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर फैजुल्लागंज द्वितीय की सभासद प्रियंका बाजपेई, पूनम सैनी, बच्ची वान्या केसरी, भावना केसरी, मोहिनी जायसवाल, डिंपल सैनी, सोनिका सैनी, विमला यादव, सुमन गौड़, मीतू गुप्ता व सिम्मी कौशिक समेत अन्य मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-टेली/टेंडर/12/2025-26 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के स्टेशनों/स्थान पर दूरसंचार सुविधाओं की सुरक्षा के लिए स्वचालित अग्नि संसूचन और अग्नि अलार्म प्रणाली का प्रावधान का कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,61,87,237.54/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,30,900.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 25.11.2025 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है • समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.– 106–टेली/टेंडर/12/2025–26 दिनांक 04.11.2025

3442/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# खिरनीबाग चौराहे पर चलाया यातायात जागरूकता अभियान

**नियमों का पालन करने वालों को फूल देकर किया सम्मानित, उल्लंघन करने वालों को किया जागरूक**



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। यातायात माह-नवंबर के अंतर्गत बुधवार को खिरनीबाग चौराहे पर शाहजहांपुर पुलिस द्वारा विशेष यातायात जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर एसपी राजेश द्विवेदी, एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार और सीओ ट्रैफिक सहित पुलिस टीम ने आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया और नियमों का उल्लंघन करने वालों को विनम्रतापूर्वक जागरूक कर नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसे नियमों के पालन की सलाह दी।

एसपी ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। यातायात नियमों का पालन कर हम स्वयं, अपने परिवार और समाज को सुरक्षित रख सकते हैं। सुरक्षित यातायात ही सुरक्षित जीवन की कुंजी है। व्यापार मंडल का सहयोग अभियान में जनपद व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और यातायात नियमों के पालन हेतु नागरिकों को प्रेरित किया। वहीं, शाहजहांपुर पुलिस ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए और नशे की हालत में वाहन चलाने से बचें। कहा कि जनसहयोग से ही सुरक्षित यातायात और सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है। इस दौरान व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम, रेहान मिर्ज़ा, सरताज अली, लकी खां, विनय कुमार गुप्ता, शादान खां आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने बिश्नोई गैंग के नाम से वसूली की मांग करने वाले आरोपी को पकड़ा

शाहजहांपुर। जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल व थाना निगोही की संयुक्त पुलिस टीम ने लारेंस बिश्नोई गैंग के नाम से वसूली की मांग करने वाले बाल अपचारी को पकड़ लिया है। दरअसल, थाना निगोही क्षेत्र के गांव सतवां बुजुर्ग निवासी रंजीत सिंह की गुरु रामदास एग्रो के नाम पर फर्म है। 21 अक्टूबर की रात को फ़ेसबुक मैसेंजर के माध्यम से ओम सिंह नामक व्यक्ति ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का बताकर रंजीत सिंह से 50 लाख रुपए की रंगदारी की मांग की थी। रंजीत सिंह ने निगोही थाने पर तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने टीम गठित की और मोबाइल लोकेशन के आधार पर एक टीम को बेंगलुरु कर्नाटक तथा दूसरी टीम को जनपद फतेहपुर के लिए रवाना किया। इसी क्रम में पुलिस टीम ने बेंगलुरु कर्नाटक से आरोपी बाल अपचारी को पकड़ा और उसे थाना निगोही लाया गया। एसपी ने बताया कि बाल अपचारी को पूछताछ और साक्ष्य संकलन के आधार पर संरक्षण में लिया गया है और किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## मासिक बैठक सम्पन्न, आगामी चुनाव की रणनीति पर हुई चर्चा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। कंग्रेस कमेटी ब्लॉक पहला की मासिक बैठक सरैयां कादीपुर बाजार मे सम्पन्न हुई । बैठक मे जातिगत जनगणना व बूथ अध्यक्ष को लेकर बैठक हुई बैठक मे सभी कंग्रेस जनों को जानकारी दी गई कि आगामी पंचायत चुनाव व एस आइ आर को पूरे उत्तर प्रदेश में लागू की जाएगी इसकी तैयारी सभी कंग्रेस कार्यकर्ताओं को पहले से रखनी है ।और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में वोटर बनने को लेकर चर्चा हुई ब्लॉक कमेटी के सभी सदस्य मिलकर कराये जाने पर सभी को जिम्मेदारी दी ब्लाक प्रभारी जिला सचिव रजनीश कुमार मिश्र एडवोकेट व ब्लाक अध्यक्ष राहुल रस्तोगी की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई उक्त बैठक मे फणीश कुमार,बलवंत सिंह, मोहन लाल ,समीर खान, आमिर खान ,सुदर्शन सिंह ,विशाल वर्मा, डॉ दीपक कुमार वाल्मीकि, सतीश चंद्र ,राहुल वर्मा, करन कुमार भार्गव,रामचंद्र कनौजिया आदि बहुत से कंग्रेस जन उपस्थित रहे।

## डेंगरा पंचायत में मनरेगा का बड़ा खेल, प्रधान-सचिव और अधिकारियों की मिलीभगत से उड़ रहा सरकारी धन

**मछरेहटा ब्लॉक में मनरेगा में फर्जीवाड़ा, अधिकारी बने संरक्षणदाता**

**फर्जी हाजरी का खेल, मनरेगा योजना बनी प्रधान, सचिव व रोजगार सेवक की कमाई का जरिया**



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मछरेहटा - सीतापुर। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत डेंगरा में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में भारी अनिमिताये बर्ती जा रही है। यहां नाम मात्र मजदूरों से कार्य कराया जा रहा है, जबकि मतलब भर की फर्जी हाजरी लगाई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, यह पूरा खेल प्रधान, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक की मिलीभगत से चल रहा है। ब्लॉक स्तर पर बैठे मनरेगा से जुड़े जिम्मेदार अधिकारी भी संरक्षण देने का कार्य कर रहे हैं, जिससे कार्रवाई के नाम पर सिर्फ दिखावा हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, मनरेगा के तहत कागजों में काम पूरा दिखाकर भुगतान उठा लिया जा रहा है, जबकि जमीन पर कार्य देखने लायक है। सरकारी धन के दुरुपयोग का यह सिलसिला लंबे समय से जारी है, लेकिन ब्लॉक प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। योजना के तहत गरीब मजदूरों को रोजगार देने की जगह मिलीभगत से सरकारी खजाने को लूटा जा रहा है। ब्लॉक से लेकर पंचायत स्तर तक की यह मिलीभगत अब खुलकर सामने आने लगी है। अब बड़ा सवाल क्या होगी कोई कार्यवाही या सिर्फ दिखावा ।

## बेटी का हत्यारोपी पिता गिरफ्तार

शाहजहांपुर। प्रेम-प्रसंग के चलते बेटी की हत्या करने वाले आरोपी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना रौजा क्षेत्र के गांव सुतनेरा निवासी नूर मोहम्मद ने मंगलवार सुबह अपनी पुत्री रूबी की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। सूचना पर एसपी ने पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना किया और परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुत्रवधू ने आरोपी ससुर के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।आज रोजा पुलिस ने आरोपी को दियुरिया मोड़ से गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त नूर मोहम्मद ने बताया कि उसकी पुत्री का किसी युवक से प्रेम-प्रसंग चलता था, पुत्री रात में उसे नींद की गोली देकर सुला देती थी और अपने प्रेमी को घर पर बुला लेती थी। उसने कई बार अपनी पुत्री को समझाने का प्रयास किया, लेकिन पुत्री उसकी एक भी बात नहीं सुनती थी, बल्कि उसको अपशब्द बोलती थी। मंगलवार को उसने अपनी पुत्री को उस युवक के साथ फोन पर बात करते हुए देखा, तो वह आग-बबूला हो गया।

## जिलाधिकारी ने दधीचि कुंड व रुद्रावर्त का किया निरीक्षण, विकास कार्यों में तेजी के निर्देश



**नैमिषारण्य में पर्यटन विकास को लेकर जिलाधिकारी सक्रिय, निरीक्षण में दिए निर्देश**

**दधीचि कुंड पर डीएम ने की पूजा-अर्चना, जनकल्याण की कामना की**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर (ब्यूरो)। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने मिश्रिख स्थित दधीचि कुंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने पूजन अर्चन कर सभी के कल्याण की कामना भी की। साथ ही दधीचि कुंड पर धर्मगुरुओं से वार्ता कर समस्याओं की जानकारी भी ली एवं समस्याओं के समुचित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य में रुद्रावर्त का निरीक्षण किया एवं पूजन अर्चन भी किया। जिलाधिकारी ने संपर्क मार्गो के दुरुस्तीकरण एवं पर्यटन सुविधाओं के विकास हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु समुचित कार्यवाही की जाये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग रीमा सोनकर, सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व पर एसपी पहुंचे गुरूद्वारे, टेका मत्था, शांति और सद्भाव की कामना की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर बुधवार को पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी और एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार ने थाना सदर बाजार क्षेत्र के गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा कचहरी रोड पहुंचकर मत्था टेका और जनपद में शांति, सद्भाव एवं समृद्धि की कामना की। वहीं, गुरुद्वारा प्रबंधन समिति एवं संगत द्वारा दोनों पुलिस अधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर एसपी ने गुरुनानक देव के उपदेशों– समानता, भाईचारा, सेवा, सत्य और करुणा को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। एसपी ने कहा कि गुरु नानक देव जी का जीवन मानवता, सत्य और सेवा का प्रतीक है। समाज में शांति और आपसी भाईचारा बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। सभी नागरिक प्रेम, सम्मान और सहयोग की भावना से एक-दूसरे से जुड़ें तथा कानून का पालन कर शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने गुरुद्वारा परिसर में आयोजित कीर्तन एवं सत्संग में सहभागिता की और संगत से आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं, गुरु सिंह सभा के पदाधिकारियों द्वारा दोनों अधिकारियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। तत्पश्चात लंगर ग्रहण कर गुरु घर की सेवा-परंपरा का सम्मान किया। इस अवसर पर एसपी ने लोगों से समाज में शांति, भाईचारा और धार्मिक सौहार्द बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। कहा कि वह जनसेवा एवं अमन-चैन की स्थापना हेतु सदैव प्रतिबद्ध है।

## पुलिस और औषधि विभाग की संयुक्त कार्रवाई में नशे का जखीरा बरामद, एक गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पढ़ुआ खीरी । जनपद खीरी में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पढ़ुआ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी निघासन के मार्गदर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक पढ़ुआ के नेतृत्व में थाना पढ़ुआ पुलिस व औषधि निरीक्षक खीरी की संयुक्त टीम ने एक व्यक्ति को भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडीन सिरप के साथ गिरफ्तार किया।

अभियुक्त रुपम राय पुत्र हरिदास राय निवासी ग्राम ढखेरवा चौराहा थाना पढ़ुआ जनपद खीरी को पुलिस ने 8 पेटियों में कुल 1133 शीशी कोडीन सिरप के साथ पकड़ा। इस बड़ी बरामदगी के आधार पर थाना पढ़ुआ पर मु0अ0सं0 742/2025 धारा 8/21/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तारी टीम में औषधि निरीक्षक जनपद खीरी श्रीमती बबीता रानी, औषधि निरीक्षक जनपद हरदोई श्रीमती स्वागतिका घोष, उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, आरक्षी माता प्रसाद तथा महिला आरक्षी अंजली थाना पढ़ुआ शामिल रहे।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने संयुक्त टीम की इस कार्रवाई की सराहना की और कहा कि जनपद में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान इसी कठोरता के साथ आगे भी जारी रहेगा।

## नौ वांछित गिरफ्तार

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । अंकुर अग्रवाल द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में विभिन्न थानों की पुलिस टीमों द्वारा मा. न्यायालय में प्रचलित वाद/थाने पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित कुल 09 वांछित को गिरफ्तार किया गया है। विवरण निम्नवत है– थाना अटरिया द्वारा 03 वांछित गिरफ्तार– थाना अटरिया पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1. अवनीश पुत्र दीपचन्द्र निवासी ग्राम शाहपुर थाना महिगवां जनपद लखनऊ 2. विवेक यादव पुत्र रामलखन यादव निवासी शाहपुर नाजौरा थाना महिगवां जनपद लखनऊ 3. अंकुश शुक्ला पुत्र अश्वनी शुक्ला उर्फ पप्पू निवासी रनुआपुर थाना अटरिया जनपद सीतापुर को चोरी की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया गया जिनके पास से एक अदद टार्च, एक अदद प्लास, दो अदद छेनी, दो अदद पेंचकस, एक अदद रेती, एक अदद सरिया, एक अदद हथौड़ी, दो अदद रिंच, एक अदद सूजा, एक अदद चाभी का गुच्छा के साथ गिरफ्तार किया गया। जिस संबंध में थाना अटरिया पर मु0अ0सं0 334/25 धारा 313 बीएनएस पंजीकृत कर अभियुक्तों को मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना पिसावां द्वारा 04 वांछित गिरफ्तार– थाना पिसावां पुलिस टीम द्वारा अपराध संख्या 482/2025 धारा 191(2)/191(3)/190/103(1) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1. विजयबहादुर उर्फ कल्लू पुत्र महेश सिंह 2. ताराचन्द्र उर्फ तारा सिंह पुत्र रामदयाल 3. रामदयाल पुत्र स्व0 हीरालाल 4. हेमवती पत्नी ताराचन्द्र उर्फ तारा सिंह निवासीगण दिलावलपुर थाना पिसावां जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना खैराबाद द्वारा 01 वांछित गिरफ्तार– थाना खैराबाद पुलिस टीम द्वारा अपराध संख्या 404/25 धारा 105 बीएनएस में वांछित अभियुक्त राजू पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम भौव्वापुर मजरा टप्पा खजुरिया थाना खैराबाद जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना तम्बौर द्वारा 01 वांछित गिरफ्तार– थाना तम्बौर पुलिस टीम द्वारा अपराध संख्या 572/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त जैद पुत्र गुफरान उर्फ मुन्ना निवासी ककरहा नई बस्ती थाना तम्बौर जनपद सीतापुर अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से चोरी की गई एक अदद स्पलेन्डर प्रो0 मोटरसाईकिल बरामद हुई को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## दबंगों की गुंडागर्दी, युवती के साथ मारपीट की घटना को 5 दिन बीत जाने के बाद भी नहीं लिखा गया मुकदमा

गोला गोकर्णनाथ खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना नीमगांव क्षेत्र के ग्राम पैला में एक युवती के साथ दबंगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया। युवती का आरोप है कि जब उसने इस घटना की शिकायत थाने में की, तो पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। मजबूर होकर युवती ने पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। युवती ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि दबंगों ने उसके साथ गाली-गलौज की और जब उसने इसका विरोध किया, तो दबंगों ने उसके साथ मारपीट की। इस घटना में युवती को गंभीर चोटें आईं। युवती का आरोप है कि जब उसने इस घटना की सूचना 112 पुलिस को दी, तो मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर वापस चली गई, लेकिन इसके बावजूद दबंगों ने उसके साथ फिर से मारपीट की। युवती ने आरोप लगाया कि दबंगों ने उसके गले में पड़ी सोने की चैन भी छीन ली और उसके साथ अभद्रता की। इस घटना के 5 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने युवती का मेडिकल नहीं कराया और न ही आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। युवती ने भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह से भी न्याय की गुहार लगाई थी। जिला अध्यक्ष ने मामले को संज्ञान में लेने के लिए पत्र लिखा था, लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब युवती ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की मांग की है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

उचौलिया खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद खीरी में अपराधियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान का प्रभाव लगातार दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में थाना उचौलिया पुलिस ने हत्या के मुकदमे में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के कुशल मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह के नेतृत्व में उचौलिया पुलिस की टीम ने आज दिनांक 05 नवम्बर 2025 को ग्राम सिसौरा नासिर निवासी सलमान पुत्र मसीतुल्ला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना उचौलिया पर मु0अ0सं0 278/2025 धारा 103(1)/ 109(1)/ 351(3)/ 3(5)/ 324(4) बीएनएस के तहत हत्या का मामला दर्ज था। पुलिस द्वारा आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी, जो आज मुखबिर की सटीक सूचना पर गिरफ्तार कर लिया गया।

## बीडीओ सकरन श्रीश गुप्ता की ताबड़तोड़ कार्यवाहियों से भ्रष्टाचारियों में मचा हड़कंप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सकरन/सीतापुर। विकास खंड सकरन के खंड विकास अधिकारी श्रीश गुप्ता ने अपनी सख्त कार्यशैली और पारदर्शी प्रशासनिक रवैये से पूरे क्षेत्र में खलबली मचा दी है। क्षेत्र में फैले भ्रष्टाचार, लापरवाही और मनमानी पर बीडीओ की पैनी नजर पड़ते ही कई लापरवाह कर्मियों और ठेकेदारों के होश उड़ गए हैं। जानकारी के अनुसार, बीडीओ द्वारा विकास कार्यों, सरकारी योजनाओं और समितियों की एक-एक फाइल की गहन जांच शुरू की गई है। अनियमितताओं पर ताबड़तोड़ नोटिसें जारी की गईं, जिससे विभागीय गलियारों में खौफ का माहौल है। बताया जा रहा है कि कई ग्राम सचिवों, पंचायत सहायकों और आपूर्ति से जुड़े कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस भी भेजे गए हैं। ईमानदार और निष्पक्ष छवि के लिए पहचाने जाने वाले बीडीओ श्रीश गुप्ता ने साफ संदेश दिया है कि ‟भ्रष्टाचार या लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।” उनके इस सख्त रुख से उन अधिकारियों और दलालों में भारी बेचैनी देखी जा रही है जो अब तक सरकारी योजनाओं की आड़ में मनमानी कर रहे थे।

स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने बीडीओ की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय बाद किसी अधिकारी ने वास्तव में व्यवस्था सुधारने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। सकरन ब्लॉक में अब यह चर्चा जोरों पर है कि बीडीओ श्रीश गुप्ता का डंडा चला तो सफाई अभियान शुरू हुआ और यही कारण है कि अब विकास कार्यों में पारदर्शिता और जिम्मेदारी की नई उम्मीद जगी है। बीडीओ सकरन श्रीश गुप्ता की एक्शन मोड में प्रशासन भ्रष्टाचारियों में मचा हड़कंप सख्त तेवरों से हिला सिस्टम, ईमानदारी का बोलबाला ।

## कार्तिकी पूर्णिमा स्नान सकुशल सम्पन्न

**SHO शिवाजी दुबे की मुस्तैदी से श्रद्धालु हुए निश्चिंत**



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

धौरहरा खीरी । कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के सरयू घाट पर कार्तिकी पूर्णिमा स्नान के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। सुबह से ही घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा क्षेत्र ‟हर हर गंगे और ‟जय सरयू मइया” के जयघोषों से गूंज उठा। भीड़ के बावजूद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे की अगुवाई में सुरक्षा व्यवस्था इतनी मजबूत रही कि कहीं भी अफरातफरी या अव्यवस्था की स्थिति नहीं बनी। घाट पर सुरक्षा के दृष्टिगत 6 नावें, 12 गोताखोर, पर्याप्त पुलिस बल और पीएसी जवानों की तैनाती की गई थी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गहरे पानी वाले हिस्से में लकड़ी के पोलों के सहारे रस्सी लगाकर मजबूत बेरिकेटिंग की गई थी।

शिवाजी दुबे स्वयं नाव से पूरे घाट का निरीक्षण करते रहे, जिससे हर कोने की निगरानी लगातार होती रही। पुलिसकर्मियों और गोताखोरों की सतर्कता के कारण पूरा आयोजन सकुशल सम्पन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने कहा कि इस वर्ष घाट पर सुरक्षा व्यवस्था और भी बेहतर रही। धौरहरा पुलिस ने हर पल श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखा, SHO शिवाजी दुबे और उनकी टीम वाकई सराहना के पात्र हैं। धौरहरा पुलिस की मुस्तैदी और सटीक प्रबंधन से कार्तिकी पूर्णिमा स्नान उत्सव शांतिपूर्ण, सुरक्षित और भव्य वातावरण में सम्पन्न हुआ – प्रशासनिक दक्षता और आस्था का यह सुंदर संगम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर धनाराघाट के शारदानदी में उमडा श्रद्धालुओं का हुजूम

## सुरक्षा और व्यवस्था में जुटा प्रशासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के धनाराघाट के शारदानदी पर मंगलबार रात से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा पावन अवसर कार्तिक पूर्णिमा पर दूर-दराज़ से आए हज़ारों श्रद्धालुओं ने मां शारदा की आराधना की और शारदा नदी में पवित्र स्नान कर पुण्य अर्जित किया भोर की पहली किरण के साथ ही घाटों पर आस्था का ज्वार दिखाई देने लगा। श्रद्धालु ह्लहर हर गंगे, जय मां शारदाङ्क के जयघोष के साथ शारदा नदी में डुबकी लगाते दिखे इस दौरान पूरे क्षेत्र में घंटों की गूंज और भक्ति-गीतों की स्वर-लहरियां वातावरण को आध्यात्मिक बना रही थीं महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में दीपदान कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती नजर आईं भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे पुलिस, होमगार्ड और एनडीआरएफ की टीमें घाटों पर तैनात रहीं प्रशासन ने मेले में मेडिकल कैंप और सफाई और पेयजल की व्यवस्था संभाली पूरनपुर एसडीएम ने बताया – श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है नदी के किनारों पर सुरक्षा घेरा बनाया गया है नाव का संचालन बन्द कर दिया गया और लगातार निगरानी रखी जा रही है वही लोगो को कहना है धार्मिक आस्था से जुड़ी स्थानीय मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन शारदा नदी में स्नान करने से सभी पापों का नाश होता है और व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है कहा जाता है कि इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था, इसलिए यह तिथि विशेष पुण्यदायी मानी जाती है मेले में धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ स्थानीय व्यापारियों के लिए भी यह दिन उत्साह का रहा। प्रसाद, खिलौने, आभूषण की दुकानों पर भीड़ लगी रही स्थानीय लोग इसे आर्थिक दृष्टि से भी शुभ मानते हैं क्योंकि इससे क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा मिलता है कार्तिक पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर धनारा घाट एक बार फिर आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया श्रद्धालुओं की भीड़ और प्रशासन की मुस्तैदी ने इस धार्मिक पर्व को शांति और अनुशासन के साथ संपन्न किया गया हैं।

# डीएम एसएसपी ने देखी ककोड़ा मेला की सुरक्षा व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी बदायूँ अवनीश कुमार राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा गंगा तट पर आयोजित रुहेलखण्ड के मिनी कुंभ के रूप में विख्यात ककोड़ा मेला में शान्ति/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत समस्त मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। मेले को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी बदायूँ व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूँ द्वारा डियूटीरत समस्त अधि0/कर्म0गण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान एडीएम (ई) ऽअरूण कुमार, एसडीएम सदर मोहित कुमार, क्षेत्राधिकारी दातागंज कृष्ण कुमार तिवारी तथा अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे ।

# असंतुलित होने पर गिरी बाइक, अज्ञात वाहन ने कुचला

शिकारपुर। बुलंदशहर शिकारपुर हाईवे पर साईं मंदिर के पास असंतुलित हुई बाइक से रॉन्ग साइड में गिरे व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम ने बताया कि सलेमपुर थाना क्षेत्र के जटपुरा गांव निवासी रविंद्र कुमार (32 वर्ष) पुत्र वीर सिंह अन्य दो व्यक्तियों के साथ बाइक पर सवार होकर शिकारपुर की तरफ आ रहा था। साईं मंदिर के पास बाइक के असंतुलित होने पर पीछे बैठे रविंद्र कुमार हाईवे की रॉन्ग साइड में गिर गया, जिससे हाईवे पर गुजर रहे अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया।

# कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर । कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा किनारे आस्था का संगम दिखाई दिया। दूर-दराज से आए एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था के समुद्र में गोते लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूर्णिमा की पूर्व संध्या से पूर्णिमा की दोपहर तक लगातार श्रद्धालुओं का आवागमन चलता रहा। गत वर्ष की अपेक्षाकृत भीड़ कम रही। बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा पर दूरदराज से आए एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा किनारे आस्था का संगम दिखाई दिया। पूर्णिमा की पूर्व संध्या से पूर्णिमा की दोपहर तक लगातार आवागमन चला रहा। सुबह के समय मौसम खराब दिखा, किंतु आठ बजे धूप निकल आई। गत वर्ष की अपेक्षा भीड़ कम रही। श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त से गंगा स्नान करके पुण्य लाभ कमाया लगभग 5--7 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में फैले इस मेले में चारों तरफ गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आ रही थी। हर हर गंगे के जय घोष लगाते हुए श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों की आत्मा शांति के लिए दीपदान भी किया। बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए गए। श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर हवन कथा व अन्य संस्कार विधि विधान के साथ कराए। ग्रामीण क्षेत्र से आए श्रद्धालु अपनी भाषा शैली से गीत गाते हुए आवागमन कर रहे थे। श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर व बुग्गियों की कतारे लगी हुई थी। पुल के नीचे मेला का मुख्य स्थल बनाया गया। बबस्टर गंज, मस्तराम घाट पर बड़े पैमाने पर स्नान किया गया। मेला क्षेत्र में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पंचमुखी महादेव, लाल महादेव, मंदिर कलां बाजार व अन्य स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन कर पुण्य अर्जित किया। गंगा में गहरे स्थान पर बल्लियां गाडकर बेरिकेटिंग की गई थी। किंतु श्रद्धालुओं ने उन्हें पार करते हुए अंदर जाकर स्नान किया। गंगा में नाव से गोताखोर लगातार गस्त कर रहे थे। पीएसी के जवान मोटर बोट से घूम घूम कर लोगों को गहरे जल में न जाने की चेतावनी दे रहे थे। मेला क्षेत्र में प्रशासन द्वारा पेयजल, शौचालय, चिकित्सा, पशु चिकित्सा, प्रकाश, खोया पाया कैंप, पुलिस गस्त जैसी अनेक व्यवस्थाएं की गई। मेला क्षेत्र में अग्निशमन की गाड़ी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार थी। मेला क्षेत्र में युवाओं द्वारा अपने भैंसा को चमकाने के लिए गंगा स्नान कराने के बाद तेल मालिश करने की प्रतिस्पर्धा देखी गई। अनेक स्थानों पर हुक्का गुड़गुड़ाए जा रहे थे। मेला क्षेत्र में ट्रैक्टर की दौड़ आमजन के लिए लगातार खतरा बन रही। अनेक युवाओं द्वारा ट्रैक्टर के बोनट पर बैठकर जान से खिलवाड़ किया जा रहा था।

# जानवरों का आतंक किसानों की फसलें चौपट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोतिगरपुर/सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले के मोतिगरपुर विकास खंड की दियरा ग्राम सभा बंधु मिश्र का पूरा के किसान आवारा जानवरों के आतंक से गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। खेतों में आवारा पशुओं के कारण किसानों की बोई गई फसलें पूरी तरह चौपट हो रही हैं। किसानों का कहना है कि हर सीजन में, चाहे गेहूं, धान, आलू या सरसों बोई जाए, फसल काटने की नौबत ही नहीं आती। रात-दिन खेतों में घुसकर आवारा जानवर सारी फसल चर जाते हैं, जिससे किसानों का हौसला टूट रहा है। गांव के किसान रामसनेही, सुरेश मिश्र और राजाराम ने बताया कि वे बड़ी मेहनत से खेत तैयार करते हैं, लेकिन फसल आने पर जानवर सब चर जाते हैं। उनके अनुसार, अब खेती करना घाटे का सौदा बन गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इस समस्या से निजात दिलाने के लिए स्थानीय प्रशासन, पशुपालन विभाग और ग्राम प्रधान उदासीन बने हुए हैं। गांव में न तो कोई पशु आश्रय केंद्र की व्यवस्था है और न ही इन जानवरों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जा रहा है। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गांव के आवारा पशुओं को जल्द से जल्द अस्थायी बाड़ा (पशु आश्रय केंद्र) तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाए, ताकि उनकी फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि यही स्थिति बनी रही, तो वे खेती करना बंद करने को मजबूर हो जाएंगे।

# रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो पदयात्रा के सापेक्ष आप पार्टी की बैठक संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। आम आदमी पार्टी के सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय सिंह की प्रस्तावित ह्लरोजगार दो, सामाजिक न्याय दोङ्क पदयात्रा के भव्य स्वागत की तैयारियों को लेकर आज एक बैठक आयोजित की गई। बैठक शहर के तिकोनिया पार्क के बगल स्थित एक होटल के कंपाउंड में संपन्न हुई। इसमें जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र एडवोकेट ने बताया कि 15 नवंबर को जिले में पार्टी के प्रदेश प्रभारी और सांसद संजय सिंह का जमोली कुरेभार में स्वागत किया जाएगा। इसके बाद गुप्तारगंज, कटका, टेंडहुई, पंचोपिरन आदि स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पदयात्रा का समापन तिकोनिया पार्क में एक विशाल जनसभा के रूप में होगा। बैठक में महासचिव रामबिलास तिवारी, प्रदेश सचिव मो. अख्तर, पूर्व जिलाध्यक्ष रवींद्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजेश प्रजापति, भास्कर देव मिश्रा, रमाशंकर गौतम, बृजेश सिंह, राकेश सिंह, अनिल कोरी, वसीद अहमद, सलीम, फूलचंद, जितेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र जैसवाल, सफीक घोसी, अरविंद कुमार, रौनक सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हाइवे के दोनों ओर अवैध कब्जा,पटरियों पर अवैध ढंग से कारोबार, खतरे की परवाह नहीं

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण एक बड़ी समस्या है जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं सड़क के दोनों किनारों पर अवैध दुकानें लगी हैं जो यातायात को बाधित कर रही हैं प्रशासन की लापरवाही के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई इस पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है खासकर शीतलहर और कोहरे के मौसम में पूरनपुर की असम रोड पर टेलीफोन एक्सचेंज से,सिरसा चौराहा, बण्डा चौराहे, तिराहे से दोनों पटरियों पर अवैध ढंग से कारोबार कर रहे है इसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन हाईवे प्राधिकरण, पुलिस और प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है हाईवे पर विविध तरह के अस्थाई कारोबार से सुरक्षित यातायात नहीं हो पा रही है प्रत्येक राहगीर व वाहन चालकों की जान हमेशा जोखिम में रहती है हाइवे की दोनों पटरियां अतिक्रमण की जकड़न में हैं जहां टायर पंचर रिपेयर, हाईब्रिड वाहनों के लिए यूरिया पंप, चाय व जलपान का व्यवसाय चल रहा है और खासकर सिरसा चौराहा जहां अवैध टैक्सी स्टैंड जो जाम की और दुर्घटना की सबसे बड़ी समस्या है।

## स्वयंसेवक बधुओं नें हनुमानगढ़ी बस्ती में घर-घर जाकर जनता को किया जागरूक

बस्ती कैनविज टाइम्स संवाददाता। बस्ती में निवास करने वाले लोगों को अवगत कराया कि संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संघ द्वारा वर्तमान में शताब्दी वर्ष उत्सव मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत जन जागरूकता के तहत सभी सनातनियों को संगठित होकर हिंदुत्व और राष्ट्र की सेवा में सहयोग देने की अपील के साथ संघ द्वारा मुद्रित पत्रक एवं साहित्य भी वितरित किया जिसमें संघ का पूर्ण रूपेण उल्लेख किया गया है। स्वयंसेवक बधुओं नें जनता को पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन, नागरिक कर्तव्यबोध) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सुखलेश जी शाखा कार्यवाह, नंदकिशोर जी मुख्य शिक्षक, संजीव कठेरिया,विश्वजीत जी, दीपचंद जी आदि स्वयंसेवक बंधु अभियान का हिस्सा बने।

## शेखूपुर में बनेगी पुलिसकर्मियों के लिए चार करोड़ से बहुमंजिला इमारत

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस कर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शासन ने बड़ा कदम उठाया है। शेखूपुर में पुलिस बल के लिए चार मंजिला आवासीय भवन का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए शासन ने चार करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी है। निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा। यह परियोजना न केवल पुलिस बल की रहन-सहन की स्थिति में सुधार लाएगी, बल्कि उनके मनोबल को भी बढ़ाएगी।इस भवन का निर्माण पुलिस विभाग की निगरानी में कराया जाएगा। विभाग ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है और कार्यदायी संस्था को काम सौंपने की तैयारी चल रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि निर्माण कार्य अगले कुछ हफ्तों में आरंभ कर दिया जाएगा। नई बहुमंजिला इमारत में पुलिसकर्मियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास तैयार किए जाएंगे।भवन में बिजली, पानी, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, और हर फ्लोर पर जरूरी संसाधनों की व्यवस्था की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि परियोजना पूरी होने के बाद शेखूपुर क्षेत्र में कई पुलिसकर्मियों को एक साथ आवास सुविधा मिल सकेगी, जिससे उन्हें रहने में काफी राहत मिलेगी। वर्तमान में जिले में कई पुलिसकर्मी ऐसे हैं जो सरकारी आवास के अभाव में किराए पर या दूर-दराज इलाकों में रहने को मजबूर हैं। नई इमारत के बनने से उनकी यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। साथ ही, यह परियोजना न केवल पुलिस बल की रहन-सहन की स्थिति में सुधार लाएगी बल्कि उनके मनोबल को भी बढ़ाएगी।

## पेड़ की डाल काट रहा युवक पेड़ से गिरकर घायल, जिला अस्पताल रेफर

महराजगंज,रायबरेली कैनविज टाइम्स संवाददाता। घटना कोतवाली क्षेत्र के ओथी गांव की है। गांव निवासी राम प्रसाद 65 वर्ष बुधवार सुबह रास्ते में लटक रहे पेड़ की डाल पेड़ पर चढ़ कर काट रहे थे तभी संतुलन बिगड़ने पर वह पेड़ से नीचे गिर गए। घटना में उन्हें गंभीर चोटें आई हैं घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान सुनील मौर्या ने घायल राम प्रसाद को सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जहां उसका इलाज जारी है।

## रास्ते के पुराने विवाद में दो पक्ष आमने सामने, एक दूसरे पर लाठी डंडा से किया हमला

महराजगंज,रायबरेली कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीते सोमवार को रास्ते के पुराने विवाद में दो पक्ष आमने सामने हो गए और एक दूसरे पर लाठी डंडा से हमला कर दिया। जिसमें दोनों ही पक्ष के लोग घायल हुए । मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष की एक दूसरे के खिलाफ दी गई तहरीर के आधार पर 8 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आपको बता दें कि, घटना चंदापुर थाना क्षेत्र के अशरफाबाद गांव की है। पुलिस को तहरीर देते हुए लवकुश पुत्र अयोध्या ने बताया कि, वह सोमवार की सुबह अपने दरवाजे पर खड़ा था तभी विपक्षियों ने उसे लाठी डंडे से पीटना शुरु कर दिया उसे बचाने आए परिजनों को भी मारा। वहीं दूसरी ओर से हरिराम पुत्र रोहतम ने तहरीर देकर बताया कि, विपक्षी उसके घर में घुसकर मारपीट करने लगे बचाने आए घर के लोगों को भी मारापीटा। मामले में पुलिस ने लवकुश की तहरीर पर रामकेवल, सजीवन, शिवराम पुत्रगण हरिप्रसाद, हरिप्रसाद पुत्र रोहतम के विरुद्ध दूसरे पक्ष से हरी प्रसाद की तहरीर पर अयोध्या प्रसाद पुत्र अहरवा, लवकुश व मंगा पुत्रगण अयोध्या प्रसाद, शंकरा पत्नी अयोध्या प्रसाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# पति की प्रताड़ना से पीड़ित पत्नी ने 112 डायल पुलिस हेल्पलाइन में की शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मौके पर पहुंचे हेल्पलाइन के सिपाही ने पीड़िता के बेटे को ही पीट दिया

मामले की शिकायत पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी व उपजिलाधिकारी से करते हुए लगाई न्याय की गुहार

महराजगंज,रायबरेली। पति की प्रताड़ना से पीड़ित पत्नी ने 112 डायल पुलिस हेल्पलाइन में शिकायत की तो मौके पर पहुंचे हेल्पलाइन के सिपाही ने पीड़िता के बेटे को ही पीट दिया। मामले की शिकायत पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी व उपजिलाधिकारी से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। मामला कोतवाली क्षेत्र के कुशलगंज मजरे अली पुर का है। गांव निवासी आरती शुक्ला ने क्षेत्राधिकारी महराजगंज को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि मंगलवार को उसे उसके पति अमित शुक्ला व देवर संदीप कुमार शुक्ला ने मारपीट व प्रताड़ित करके घर से भगा दिया है। पीड़िता ने अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस हेल्पलाइन 112 पर फोन करके मदद मांगी। पीड़िता आरती का लिखित आरोप है कि सूचना पर पहुंचे डायल 112 के आरक्षी रतन यादव ने उल्टे उसके पुत्र राज शुक्ला को भद्दी गालियां देते हुए थप्पड़ों से पीटाई कर दी। जिससे उसका बेटा डरा हुआ है। पीड़िता का कहना है कि आए दिन उसके पति अमित कुमार शुक्ला उसे प्रताड़ित करते हुए घर से बेदखल करने की धमकी भी देते रहते हैं। मामले में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने जांच कराकर कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

# स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर सद्गुरु भक्तों ने किया रक्तदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । विहंगम योग संस्थान प्रतिवर्ष सद्गुरु पदाधिकारी संतप्रवर विज्ञान देव जी के जन्मोत्सव पर देश विदेश में एक साथ रक्तदान शिविर आयोजित करता आ रहा है। इस बार सूपूज्य संत प्रवर जी ने बैंगलोर में स्वयं रक्तदान कर शुभारंभ किया।

संत प्रवर 29 जून से हिमालय के लद्दाख से कन्याकुमारी की आत्म जागरण से राष्ट्र जागरण की स्वर्वेद यात्रा पर थे 25 राज्य 4 केन्द्र शासित प्रदेश होते हुए 28 अक्टूबर को बैंगलोर पहुंच कर इस पावन कार्यक्रम का शुभारंभ स्वयं रक्तदान करके किया। सूपूज्य संत प्रवर की 38752 किलोमीटर सड़क यात्रा का समापन स्वर्वेद महामंदिर धाम वाराणसी में होने जा रहा है।आज गुरु नानक देव का प्रकाश उत्सव है।

विहंगम योग संत समाज गोरखपुर एवं सदर अस्पताल गोरखपुर ब्लड बैंक केन्द्र द्वारा आज रक्तदान शिविर का शुभारंभ हो चुका है।आज अभी तक 11 यूनिट रक्त दान हुआ है। रक्तदान अनवरत जारी है।रक्तदान शिविर का शुभारम्भ जिला संयोजक श्री रमेश कुमार पाण्डेय ने रक्तदान करके किया।

इस अवसर पर श्री सौरभ गोस्वामी, सूरज शर्मा,रमेश कुमार पांडेय, अजय कन्नौजिया, मनीष गुप्ता, ऋषिराज त्रिपाठी, शिवम् चौहान, अनिल निषाद, रंजेश कुमार, अमन गुप्ता, कमलेन्द्र कुमार, संतोष मिश्र दीपक वर्मा, कैलाश राजभर आदि ने रक्तदान किया। महिला उपदेष्टा श्रीमती शैला राय तथा श्रीमती पुष्पा ने रक्तदान करके महिलाओं का प्रतिनिधित्व किया। रक्तदान शिविर का आयोजन को सफल बनाने में श्री धनंजय राय, रवि शंकर उपाध्याय, राजबीर, बिपिन कुमार आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. प्रशांत अस्थाना ने अपनी पूरी टीम की ओर से रक्तदाताओं को रक्तदान के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया। श्रीमती नीलम राय, महिला उपदेष्टा ने सभी रक्तदाताओं को फल और दूध वितरित किया।

# गौड़धैया नाला अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई तेज सदर तहसील प्रशासन की मौजूदगी में हटाए जा रहे कब्जे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। शहर के सौंदर्यकरण और जलभराव की समस्या से स्थायी राहत दिलाने के लिए प्रशासन ने गौड़धैया नाला पर हो रहे अतिक्रमणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। सदर तहसील प्रशासन की टीम मौके पर रहकर नाले को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई कर रही है। एडीएम सदर दीपक गुप्ता एवं डिप्टी कलेक्टर/तहसीलदार सदर ज्ञान प्रताप सिंह के नेतृत्व में बुधवार को शाहपुर जेल बाईपास रोड क्षेत्र में नाले पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। इस कार्रवाई में कानूनगो, लेखपाल और पुलिस बल मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर चल रही 474.42 करोड़ रुपये की गौड़धैया नाला जीर्णोद्धार परियोजना के तहत नाला, डायवर्जन, इंटरसेप्शन और ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा है। परियोजना के पूर्ण होने पर लगभग साढ़े तीन लाख आबादी को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। अब तक परियोजना का लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। 9.20 किमी लंबा पक्का नाला, 38 एमएलडी क्षमता का एसटीपी, 18 किमी इंटरसेप्टिंग सीवर लाइन और 16 कल्वर्ट के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। 16 में से 9 कल्वर्ट बन चुके हैं, जबकि 6 किमी सीवर लाइन बिछाई जा चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि मानसून समाप्त होते ही कार्य की गति और तेज कर दी गई है। लक्ष्य है कि दिसंबर माह के अंत तक पक्का नाला और एसटीपी का निर्माण पूरा कर लिया जाए। नाला अतिक्रमण मुक्त होने से उसके केचमेंट एरिया में आने वाली कॉलोनियों में जलभराव की समस्या का समाधान होगा और शोधित पानी को रामगढ़ताल में प्रवाहित किया जाएगा। सदर तहसील प्रशासन की सक्रियता से अब नाले के सौंदर्यकरण और जीर्णोद्धार का मार्ग प्रशस्त हो गया है, जिससे शहरवासियों को जल्द ही जलभराव से स्थायी राहत मिलेगी।

## जानलेवा हमले में कोर्ट के आदेश पर चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। घर में घुसकर मारपीट व जानलेवा हमले के मामले में कोर्ट के आदेश पर बिसौली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। न्यायालय अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी कोर्ट में बिसौली के गांव पिनारा के रहने वाले नेत्रपाल ने वाद दायर किया था। बताया था कि विट्टन, सप्पू, जसवीर व कुशलपाल से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। 18 मई को वह अपनी पुत्री आशा व पत्नी श्रीवती अपने घर में थे, समय करीब 9.30 बजे चारों लोग घर में घुस आए और एकराय होकर बोले- जान से मार दो। यह कहकर जानलेवा हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग आ गए और उन्हें बचाया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। रिपोर्ट लिखवाने थाने गया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। हारकर कोर्ट का सहारा लिया। अब कोर्ट के आदेश पर चारों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।

# यातायात माह के अंतर्गत 26वीं वाहिनी पीएसी में महिला आरक्षियों को दिया गया यातायात प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। यातायात माह नवंबर 2025 के अंतर्गत आज 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर में प्रशिक्षु महिला आरक्षियों के लिए यातायात प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सेनानायक निहारिका शर्मा (IPS) के दिशा-निर्देशन में आयोजित की गई।

कार्यशाला में ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क लखनऊ के रोड सेफ्टी इंस्ट्रक्टर, रामब्रिक्स यादव, सुमित कुमार मिश्रा द्वारा प्रशिक्षुओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने सड़क चिन्हों, रोड मार्किंग, ट्रैफिक लाइट संकेत, हेलमेट की गुणवत्ता, आईटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) एवं वाहन संबंधी आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की सहायता के लिए बनाए गए गुड समेरिटन कानून के बारे में भी जानकारी दी। श्री मिश्रा ने प्रशिक्षु आरक्षियों से स्वयं यातायात नियमों का पालन करने एवं नागरिकों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की।

इस अवसर पर सहायक सेनानायक एवं शिविरपाल विजय नाथ तिवारी, आरटीसी प्रभारी संजय कुमार यादव सहित 568 से अधिक प्रशिक्षु आरक्षी नागरिक पुलिसकर्मी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी को सड़क सुरक्षा से संबंधित पैंपलेट वितरित किए गए।

# अमित बघेल के विवादित बयान पर सिंधी समाज में आक्रोश,फूंका पुतला

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल के विवादित बयान के खिलाफ सिंधी समाज ने आक्रोश रैली निकाली।समाज ने भगवान झूलेलाल व अन्य महापुरुषों पर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप लगाते हुए

रानी बाजार से बड़गांव चौराहे तक शव यात्रा निकाली और अमित बघेल की गिरफ्तारी की मांग की।इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन भी जिलाधिकारी के माध्य म से मजिस्ट्रेट को सौंपा गया है।विरोध प्रदर्शन के दौरान सिंधी समाज के लोगों ने 'अमित बघे ल मुर्दाबाद', 'अमित बघेल की गिरफ्तारी की जाए' और 'अमित बघेल माफी मांगो' जैसे नारे लगाए। समाज में अमित बघेल की टिप्पणी को लेकर लगातार नाराजगी बनी हुई है। झूलेलाल सिंधी धर्मार्थ समिति के अध्यक्ष अनिल काला नी ने कहा कि अमित बघेल ने इष्टदेव और पूरे सिंधी समाज के खिलाफ अपमानजनक टिप्प णी की है।उन्होंने मांग की कि ऐसे व्यक्ति को तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और उसे कड़ी से कड़ी सजा मिले,ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी समाज के खिलाफ ऐसी टिप्प णी न कर सके। सिंधी समाज के मुखिया राज कुमार ठक्कुर ने बताया कि अमित बघेल के ब यान से देश-विदेश में रहने वाले लाखों सिंधी समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।उन्होंने जोर दिया कि सिंधी समाज सभी धर्मों में आस्था रखता है और सदैव आदर व सम्मान के साथ नतमस्तक रहता है।ज्ञापन सौंपने के दौरान सिंधी समाज के दूसरे मुखिया जय राम दास, मुकेश धनकानी, कमल साहनी, उमेश कुमार (ओमी), रिशु, रोबिन, राजू सिंधी, राहुल, प्रदीप, अमर, अनुराग सहित बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग मौजूद रहे।

# करनैलगंज में माँ सरयू की महा आरती एवं दीपदान कार्यक्रम का भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्य क्षता में जिला गंगा समिति गोण्डा एवं वन प्रभा ग गोण्डा के संयुक्त तत्वावधान में सरयू घाट, करनैलगंज पर एक भव्य कार्यक्रम का आयो जन किया गया।यह कार्यक्रम पतित पावनी माँ गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किए जाने के उपल क्ष्य में आयोजित किया गया, जिसमें मंत्रोच्चार के साथ पूजन, दीपदान एवं माँ सरयू जी की महा आरती संपन्न हुई।कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने उपस्थि त जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि माँ गंगा और माँ सरयू भारतीय संस्कृति, आस्था एवं जीवन का आधार हैं।उन्होंने कहा कि नदियों की स्वच्छता और संरक्षण केवल सरकार की नहीं बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से घाटों को स्वच्छ रखने, गंदगी न फैलाने तथा प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, छात्र-छात्राओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सरयू तट पर दीपदान से पूरा घाट दिव्यमय हो उठा और वातावरण ॡगंगा माँ की जयॾ के जयघोषों से गूंज उठा।जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाते हैं, बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण और जल स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता भी बढ़ाते हैं। उन्होंने सभी से संकल्प दिलाया कि हम अपने आसपास की नदियों, तालाबों और जल स्रोतों को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त रखने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे।कार्यक्रम का समापन माँ सरयू जी की महा आरती और सामूहिक दीपदान के साथ हुआ,जिसमें सहभागी जनों ने अपनी आस्था और श्रद्धा के साथ नदी संरक्षण का संकल्प लिया।इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी अनुराग प्रियदर्शी, उपजिलाधिकारी करनैलगंज नेहा मिश्रा,तथा एसडीओ वन विभाग सुदर्शन सहित अनेक विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने संयुक्त रूप से स्वच्छता का संदेश देते हुए स्थानीय नागरिकों को नदी तटों की स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया।

# रेलवे सुरक्षाबल की कस्टडी में युवक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## परिजन बोले- थर्ड डिग्री टॉर्चर कर मार डाला..

गोण्डा । चोरी के आरोप में पकड़े गए एक युवक की रेलवे सुरक्षा बल की कस्टडी में संदिग्ध परि स्थितियों में मौत हो गई। यह घटना मोतीगंज थाना क्षेत्र के किनकी गांव की है। मृतक की प हचान संजय सोनकर तीस वर्ष निवासी किन की के रूप में हुई है। मौत की खबर फैलते ही गांव में मातम छा गया। परिजनों और ग्रामीणों ने रेलवे सुरक्षा बल पर थर्ड डिग्री टॉर्चर पिटाई का आरोप लगाया है।वहीं, रेलवे सुरक्षा बल का कहना है कि युवक को चोरी के मामले में पक ड़ा गया था और रास्ते में उसकी तबीयत बिगड़ ने पर अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। भाई का आरोप ऽ फर्जी तरीके से पकड़ा और पीट-पीटकर मार डाला मृतक के भाई राजू सोनकर ने बताया कि मंगलवार की सुबह आरपीएफ के कुछ जवान गांव पहुंचे और उसके भाई संजय को पकड़कर अपने साथ ले गए। आरोप है कि बिना किसी ठोस सबूत के उस पर रेल संपत्ति चोरी का झूठा आरोप लगाया गया।



राजू ने बताया कि शाम को अचानक खबर मिली कि संजय की मौत हो गई है। उसने कहा कि ॡआरपीएफ ने मेरे भाई को बहुत मारा - पीटा। उनकी प्रताड़ना से ही उसकी जान गई। उसे झूठे केस में फंसाया गया था। रेलवे सुरक्षा बल का कहना है कि रास्ते में बिगड़ी तबीयत अस्पताल ले जाने पर हुई मौतरेलवे सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि संजय को चोरी के मामले में पक ड़ा गया था। उसके पास से चोरी का सामान बरामद भी हुआ था। उन्होंने कहा, जब संजय को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लाया जा रहा था, उसी

### संजय सोनकर मौत मामले में मुकदमा दर्ज

गोंडा में रेलवे सुरक्षा बल की हिरासत में तीस वर्षीय संजय सोनकर की मौत के मामले में दो सब इंस्पेक्टरों समेत एक सिपाही और अज्ञात जवानों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कि या गया है।यह मुकदमा मृतक के भाई राजू सो नकर की तहरीर पर नगर कोतवाली में दर्ज कि या गया है। इस मामले की जांच नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी को सौंपी गई है। मृतक के भाई राजू सोनकर ने अपनी तहरीर में आरोप लगा या है कि बीते दिन सुबह करीब साढ़े बजे रेलवे सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार, सब इंस्पेक्टर करण सिंह यादव, सिपाही अमित कु मार यादव और कुछ अज्ञात जवान उनके भाई संजय सोनकर को मोटरसाइकिल पर उनके घ र किनकी, थाना मोतीगंज से पूछताछ के लिए ले गए थे।राजू सोनकर के अनुसार, शाम 4:30 बजे आरपीएफ कर्मी उनके भाई को गांव वाप स लाए और बरूवाचक के एक दुकानदार से उनकी शिनाख्त कराई।इसके बाद संजय सोन कर को एक सफ़ेद रंग की कार में ले जाया ग या जहां उनके साथ कथित तौर पर मारपीट की गई।राजू सोनकर ने आरोप लगाया है कि इस मारपीट में उनके भाई को गंभीर चोटें आईं है।जिसके कारण उनकी मौत हो गई। आज सुबह 10 बजे जिला मेडिकल कॉलेज के शवगृह में संजय सोनकर का शव मिला। उन्होंने सीधे तौर पर आरपीएफ के उक्त जवानों पर हत्या का आरोप लगाया है। इस संबंध में गोंडा नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।उन्होंने पुष्टि की कि मामले की जांच उनके द्वारा की जा रही है।शव का पंचायतनामा कर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है।मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है और डॉक्टरों का एक पैनल गठित किया गया है।पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने किया घाटों का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। कार्तिक मास के पावन अवसर पर तहसील नानपारा क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर आयोजित कार्तिक गंगा स्नान मेला को सकुशल एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इसी क्रम में एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा, स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य स्नान घाट, पार्किंग स्थल, मार्गों, कंट्रोल रूम, खोया-पाया केंद्र एवं भीड़ नियंत्रण व्यवस्था का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया। उन्होंने ड्यूटी में तैनात पुलिस बल, लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता हो। साथ ही ड्यूटी के दौरान अनुशासन, सजगता एवं आमजन के प्रति सौम्य व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। एसडीएम ने सीसीटीवी मॉनिटरिंग, लाउडहेलिंग सिस्टम, बैरिकेडिंग और पार्किंग व यातायात व्यवस्था को निरंतर प्रभावी रखने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेले में आए श्रद्धालुओं से संवाद कर उनकी कुशलक्षेम पूछी और मेला व्यवस्था के संबंध में सुझाव भी लिए। श्रद्धालुओं ने सुरक्षा, स्वच्छता एवं पुलिस की सतत निगरानी पर संतोष व्यक्त किया। इसके साथ ही एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने सफाई कर्मियों से मिलकर उनके कार्य की सराहना की और स्वच्छता को निरंतर बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा स्वच्छता ही श्रद्धा का प्रथम प्रतीक है, अतः प्रत्येक कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी पूर्ण निष्ठा से निभाए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युमन सिंह, तहसीलदार नानपारा, नायब तहसीलदार नवाबगंज, थानाध्यक्ष नानपारा सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गांवों में मनाया गया जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र, नानपारा द्वारा जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा कार्यक्रम का भव्य आयोजन थारू जनजातीय ग्राम रामपुरवा, फ़क़ीरपुरी और विशुनापुर में किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, केवीके नानपारा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वैज्ञानिक उमेश कुमार, संदीप कुमार गौतम, डॉ. एस. बी. सिंह (प्रक्षेत्र प्रबंधक), उपेंद्र सिंह एवं बृजेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामों के किसान रामबचन, चंदू, धर्मेंद्र, फिरिया, रीना सहित अनेक ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों ने जनजातीय समाज के सामाजिक एवं आर्थिक विकास, आधुनिक कृषि तकनीक, जैविक खेती, फसल विविधीकरण, कृषि उद्यमिता एवं सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। किसानों को आत्मनिर्भर बनने तथा कृषि के साथ सहायक व्यवसाय अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर महान जननायक भगवान बिरसा मुंडा के जीवन एवं योगदान पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलीहातू गांव में हुआ था। उन्होंने ब्रिटिश शासन और जमींदारी प्रथा के विरुद्ध ॡउलगुलानॾ (महान आंदोलन) चलाया और जनजातीय समाज को शोषण, अन्याय एवं अंधविश्वास से मुक्त करने का संदेश दिया। मात्र 25 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ, परंतु वे आज भी ॡधरती आबाॾ (धरती पिता) के रूप में पूजे जाते हैं। कार्यक्रम के अंत में किसानों को प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन सामग्री वितरित की गई तथा प्रतिभागियों को जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा की सफलता पर बधाई दी गई।

### आईजी ने तिर्रेमनोरमा मेला परिसर का भ्रमण कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अमित पाठक ने तिर्रेमनोरमा मेला परि सर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन समेत अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आईजी अमित पाठक के द्वारा रूट, बैरिकेटिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, जल पुलिस की तैनाती, गोताखोरों की उपलब्धता, पार्किंग स्थलों का निर्धारण, यातायात व्यवस्था, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु एंटीरोमियो टीम की सक्रियता तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने हेतु सर्व संबंधित को निर्देशित किया गया।इस मौके पर संबंधित अधिकारी,कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### तकिया घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया पवित्र स्नान



नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर तकिया व अन्य विभिन्न सरयू नदी घाट पर भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली के रूप में भी मनाई जाती है इस दिन देवता पृथ्वी पर आकर पवित्र नदी घाटों में स्नान करते हैं। क्षेत्र की सभी पवित्र नदियों में भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई। नानपारा के तकिया सरयू घाट की अगर बात की जाए तो यहां पर हजारों की संख्या में भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई तो वही धर्म नगरी अयोध्या काशी सहित अन्य तीर्थ स्थानों पर लाखों भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाकर यथाशक्ति दान पुण्य भी किया। कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर नदी घाटों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम बहराइच पुलिस के साथ पीएससी एनडीआरएफ की भी तैनाती की गई सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युमन सिंह, प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह नदी के घाट पर शान्ति व्यवस्था के लिए नदी के घाटों का निरीक्षण करते रहे ।

### कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, मनवर में लगा भव्य मेला

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर तिर्रेमनोरमा गांव में स्थित मनवर नदी के उद्गम स्थल पर भव्य मेला लगा। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और स्नान कर दान पुण्य किया। श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य देव और भोलेनाथ की पूजा कर स्वस्थ और समृद्धि की कामना की और क्षेत्र में खुशहाली के लिए प्रार्थना की।मेले में भारी भीड़ रही और लोगों का आना-जाना लगा रहा। दुकानों पर जरूरत के सामान और मिठाई की खूब बिक्री हुई, वहीं बच्चों ने झूले का आनंद लिया। आस्था के इस महापर्व को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे।मनवर नदी का उद्गम स्थल इटियाथोक कस्बा से करीब 6 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। इस स्थान के बारे में कहा जाता है कि श्रृंगी ऋषि ने सरस्वती देवी का आह्वान मनोरमा के नाम से किया था और वे मनोरमा नदी के रूप में प्रकट हुईं। यह पवित्र स्थान ब्रह्मज्ञानी नचिकेता के पिता ऋषि उद्दालक मुनि की तपोभूमि है।मेले में सर्कस, नृत्य, झूले, प्रदर्शनी और मिठाइयों की दुकानें आकर्षण का मुख्य केंद्र बिंदु रहीं। इस अवसर पर मेहनौन स्थित ईश्वर नंद कुट्टी और जयप्रभा ग्राम के धुसवा मेला में भी भारी भीड़ रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि मेले में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होती है और सैकड़ों दुकानें लगती हैं।मेले के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और पुलिस प्रशासन की टीम मेले की निगरानी कर रही थी। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए थे।

### 101 दीपों से जगमग हुआ पावन सरयू नदी का तट

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला गंगा समिति बहराइच के तत्वाधान में गायघाट पर ग्राम सभा पुरैना बख्श-भवानीपुर के ग्राम प्रधान राम आधार निषाद व राम सिंह यादव तथा प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच वन प्रभाग राम सिंह यादव की उपस्थिति में नमामि गंगे प्रोग्राम के अंतर्गत सरयू नदी के तट पर कचनार, आंवला व आम के 03-03 तथा शीशम के 02 कुल 11 पौध रोपित किये गये। इसके पश्चात सरयू नदी के तट पर सम्पूर्ण विधि विधान एवं पूजा अर्चना के पश्चात 101 दीपकों को प्रज्वलित कर दीपदान व सरयू आरती की गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, विभागीय अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासियों द्वारा पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया गया।

# गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल, समाजवादियों ने दी शुभकामनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। प्रथम सिख गुरु और महान संत श्री गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के अवसर पर पूरे शहर में श्रद्धा, भक्ति और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। जटाशंकर चौराहे स्थित गुरुद्वारे में यह पावन पर्व धूमधाम, भजन-कीर्तन और लंगर सेवा के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ गुरुद्वारे में उमड़ पड़ी और पूरे परिसर में सतनाम श्री वाहेगुरु के जयकारे गूंजते रहे। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी महानगर के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सचिव आफताब अहमद और शहर विधानसभा महासचिव अनिल यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुरुद्वारे पहुंचकर गुरु नानक देव जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मत्था टेका। सभी ने प्रदेश और देशवासियों को प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। आफताब अहमद एवं राजन गुप्ता ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन से मानवता, समानता और सेवा का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने जाति, धर्म और ऊँच-नीच के भेदभाव को मिटाकर एक नूर से सब जग उपजिया का उपदेश देकर मानवता को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। अनिल यादव एवं गोलू यादव ने कहा कि आज के समय में जब समाज में वैमनस्य और विभाजन की भावना बढ़ रही है, तब गुरु नानक देव जी के विचारों को आत्मसात करना बेहद जरूरी है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में प्रेम, भाईचारा और सद्भाव कायम किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान कीर्तन, अरदास और गुरु का लंगर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजसेवी और कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।इस मौके पर अनिल यादव, राजन गुप्ता, गोलू यादव, आफताब अहमद, अनूप यादव, शुभम यादव, शहाबुद्दीन घोषी, नदीम अहमद, हिमालय कुमार सोनू अली आदि लोगों उपस्थित रहे।

# हिंदुस्तान स्काउट गाइड के तत्वाधान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भटहट गोरखपुर । विकासखण्ड भटहट के चकिया स्थित सरस्वती देवी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट जूनियर हाईस्कूल में बुधवार को हिंदुस्तान स्काउट गाइड के तत्वाधान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दर्ज़ा प्राप्त राज्य मंत्री राधेश्याम सिंह जी रहे । प्रशिक्षण एस ओ सी सुनील कुमार सिंह के द्वारा दिया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों नेआनंद लेते हुए काफी कुछ सीखा । शिविर में टेंट पिचिंग ,कुकिंग ,गांठ बांधना ,ध्वजारोहण व्यायाम आदि का प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षक द्वारा बताया गया कि बच्चों में स्काउट गाइड के माध्यम से ऐसी ऐसी विधाएं सिखाई जाती हैं जो आपातकाल या आपदा की स्थिति में महत्वपूर्ण योगदान निभाते हैं । प्रबन्धक राजेश सिंह ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुएबच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करने के साथकहां-कहां कीइस तरह के आयोजन सेबच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है । विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़कर टेंट बनाना , रस्सी का पुल बनाना , बिना बर्तन के भोजन बनाना आदि कुछ सीखा । उक्त अवसर परसंजय सिंहगुलाब सिंहमंडल अध्यक्ष प्रदीप यादवसचिन शर्मा ,प्रदीप राघवेंद्र , धर्म सिंह , दीपक विश्वकर्मा सिरजावती , सिंधू , आयशा ,पुनीता मौर्या , रूबी , रुकसार आदि मौजूद रहे ।

# होटलों के बाद अब 'कपल केबिन' बने अश्लील काम के अड्डे

**घंटे के हिसाब होते है बुक अवैध तरीके से चल रहे स्पा सेंटर और रेस्टोरेंट को रोक लगाने की मांग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। होटलों के बाद अब कपल केबिन गंदे काम के अड्डे पर बन चुके है शहर की प्रमुख सडक़ पर रेस्टोरेंट और कैफ़े में कपल केबिन में अनैतिक कारोबार चल रहा है कोचिंग में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं कपल केबिन बुक करवा अनैतिक काम में लिप्त होते जा रहे है वही जनपद में बढ़ रहे अवैध रेस्टोरेंटों और स्पा सेंटरों में हो रही अनैतिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग को लेकर महिला जिलाध्यक्ष बिंदु सिंह ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में ऐसे प्रतिष्ठानों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है जो बिना अनुमति या पंजीकरण के संचालित हो रहे हैं ज्ञापन में कहा गया है कि जिले में अनेक स्थानों पर बिना वैध अनुमति और पंजीकरण के रेस्टोरेंट एवं स्पा सेंटरों का संचालन किया जा रहा है, जो प्रायः एकांत और गुप्त स्थानों पर स्थित हैं इन स्थानों पर प्रशासनिक निगरानी मुश्किल होने के कारण कई अनैतिक और आपराधिक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं महिला जिलाध्यक्ष ने कहा कि कई रेस्टोरेंटों में ळ्कैबिन सिस्टमङ्क चलाया जा रहा है, जिनका उपयोग अनुचित कार्यों के लिए किया जाता है व बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है वहीं, कई स्पा सेंटर नाम मात्र के लिए पंजीकृत हैं, जबकि वास्तविकता में वहाँ देह व्यापार और अशोभनीय कृत्य किए जा रहे है ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कुछ रेस्टोरेंटों और स्पा सेंटरों का उपयोग लव जिहाद जैसी गतिविधियों के लिए किया जा रहा है, जहाँ भोली-भाली युवतियों को बहला-फुसलाकर फंसाया जा रहा है यह स्थिति न केवल महिला सुरक्षा बल्कि जिले की सामाजिक मर्यादा और शांति व्यवस्था के लिए भी खतरा बन चुकी है बिंदु सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा अनैतिक कृत्यों और लव जिहाद के खिलाफ सख्त निर्देश दिए गए हैं,फिर भी स्थानीय स्तर पर इस दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि ऐसे सभी प्रतिष्ठानों की वैधता, पंजीकरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों की जांच कराई जाए तथा जो बिना अनुमति संचालित हों, उन्हें तत्काल बंद कराया जाए संगठन ने मांग की कि रेस्टोरेंटों में कैबिन सिस्टम पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, स्पा सेंटरों में सीसीटीवी कैमरे और विज़िटर रजिस्टर अनिवार्य किए जाएँ साथ ही, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की विशेष टीम गठित कर औचक निरीक्षण कराए जाएँ ज्ञापन में यह भी बताया गया कि रेस्टोरेंटों और स्पा सेंटरों के आसपास रहने वाले नागरिकों ने भी इन गतिविधियों से परेशान होकर संगठन से संपर्क किया है और प्रशासन से कठोर कार्रवाई की गुहार लगाई है महिला जिलाध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि जिलाधिकारी के प्रभावी नेतृत्व में प्रशासन शीघ्र ही ऐसी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाकर महिला सुरक्षा और सामाजिक मर्यादा को सुदृढ़ करेगा हाईवे किनारे कई रेस्टोरेंट और होटल है यहां सैंकड़ो की संख्या में ग्राहकों का आना जाना लगा रहता है कई होटलों में तो लोग लड़कियों को लेकर भी आते हैं पहले पुलिस होटल, गेस्ट हाउस में ठहरने वालों की जांच के लिए रजिस्टर चेक करती थी संदेह होने पर होटल में ठहरने वालों के कमरे खुलवाकर उनके बारे में जांच भी करती थी, लेकिन अब इस तरह की चेकिंग न होने पर होटल गेस्ट हाउस के संचालकों में पुलिस का खौफ पूरी तरह निकल गया है जबकि होटल और रेस्टोरेंट में चल रहे अनैतिक कार्य की पुलिस को भी जानकारी है, लेकिन पुलिस न ही छापामार कार्रवाई करती है और न ही किसी को पकड़ती है। ऐसे में देह व्यापार से जुड़े लोगों के हौसले बुलंद हैं ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, महिला जिलाध्यक्ष बिन्दु सिंह, महिला जिला महामंत्री कविता वंशवाल, सुमन कश्यप, शिवानी गुप्ता, प्रेम सागर शर्मा, गौरव शर्मा, आयुष सक्सेना, चेतन श्रीवास्तव, सुनील कश्यप, प्रमोद कश्यप, मनोज वर्मा, प्रेम सागर शर्मा, जितेंद्र मौर्य, नरेंद्र श्रीवास्तव, कृष्णा साहनी, दुर्गा प्रसाद, आदित्य, नरेश कुमार, प्रकाश अग्निहोत्री, नितिन मिश्रा, आयुष अवस्थी, गौरव कश्यप, अमित आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

## पीलीभीत पुलिस को जनसुनवाई पोर्टल में मिला प्रथम स्थान, सितम्बर में शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण में 100% कार्यवाही

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश सरकार की ऑनलाइन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में पीलीभीत पुलिस ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पुलिस ने शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश के सभी 75 जनपदों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है पिछले महीने 2025 में पीलीभीत पुलिस की रैंकिंग निचले स्थान पर थी लेकिन नवम्बर 2025 में जारी की गई रैंकिंग में पीलीभीत पुलिस प्रथम स्थान पर पहुंच गई मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा किए गए मूल्यांकन में पीलीभीत पुलिस की कार्यवाही 100% रही पुलिस अधीक्षक पीलीभीत अभिषेक यादव के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया के पर्यवेक्षण में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण किया जा रहा है जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों को लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं पुलिस कार्यालय में गठित आईजीआरएस सेल द्वारा प्राप्त शिकायतों को संबंधित थानों पर ऑनलाइन प्रेषित किया जाता है। थाना प्रभारी प्राप्त संदर्भों की जांच आख्या निर्धारित समय सीमा के अंदर संबंधित को भेजते हैं आईजीआरएस सेल के कर्मचारी आवेदकों से फीडबैक भी लेते हैं। इससे जांच और पुलिस कार्यवाही की गुणवत्ता सुनिश्चित होती है आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण मे नियुक्त पुलिस कर्मियों को अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया हैं।

# कार्तिक पूर्णिमा पर तपस्थली के दर्शन से पूर्ण होती हैं मनोकामनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । कार्तिक पूर्णिमा पर क्षेत्र के गांव धर्मेधाम व जयनगरा में विशाल मेला आयोजित किया गया जिसमें ब्लाक प्रमुख तिलोई के साथ ही हजारों की संख्या में लोगो ने बाबा दूलन दास व बाबा बालदास की तपस्थली पर मत्था टेकते हुये अमन चैन खुशहाली तरक्की की प्रार्थना की है।दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुये पुलिस प्रशासन काफी सतर्क रहा और चप्पे चप्पे पर पुलिस का पहरा रहा।तिलोई विकास खण्ड के गांव धर्मेधाम स्थित बाबा दूलनदास की तपस्थली बताई जाती है बाबा दूलनदास बाराबंकी जनपद के कोटवा धाम के महंत बाबा जगजीवन साहब के शिष्य थे।यहां पर विशाल मंदिर बना हुआ है जहां पर हजारों की संख्या में भक्तगण दर्शन पूजन करते हैं और कार्तिक पूर्णिमा पर प्रतिवर्ष विशाल मेला भी लगता है जिसमें लकड़ी से निर्मित सामान की खरीददारी बड़े पैमाने पर होती है मेला कई दिनों तक चलता है।गांव के बुजुर्ग आज भी '' जे ना गवा धरमे,वहि के का दुनिया के भरमे '' कहते है। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के साथ ही हजारों की संख्या में भक्तों ने दर्शन पूजन किया।मेलार्थियों व दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुये उपजिलाधिकारी अमित सिंह व क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने निरीक्षण करते हुये मेला ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देश दिया।इसी क्रम में विकास खण्ड सिंहपुर की ग्राम पंचायत जयनगरा स्थित बाबा बालदास की तपस्थली पर विशाल मेला लगता है मंदिर प्रांगण में स्थित सगरा में स्नान करते है और कार्तिक पूर्णिमा पर काफी संख्या में लोग पूजन अर्चन भी करते हैं।मंदिर के पुजारी महंत योगेन्द्र दास जी महाराज ने बताया कि यहां पर दर्शन से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में भक्तगण दर्शन को आते हैं।कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित मेला को देखते हुये मंदिर प्रांगण व कुण्ड की साफ सफाई कराई गई है।सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुये शिवरतनगंज पुलिस मेला में मुस्तैद रही। क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर धर्मेधाम और जयनगरा में आयोजित होने वाले मेले में महिलाओं की सुरक्षा के लिये महिला आरक्षियों की भी तैनाती की गयी थी।

## यातायात पुलिस ने दो सौ पन्द्रह वाहनों का किया चालान

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता माह नवम्बर के पांचवे दिन अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आमजनमानस को जागरूक किया गया। यातायात पुलिस दो सौ पन्द्रह वाहनों का चालान कर दो लाख पचहत्तर हजार रुपये का जुर्माना योजित किया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं समस्त क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में बुधवार को यातायात जागरूकता माह नवंबर के पांचवे दिन यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा जागरुकता अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहन चालकों व आमजनमानस को जागरूक किया गया तथा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत यातायात नियमों के पालन से सम्बन्धित बैनर व पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगवाते हुए आम जनता को पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित करते हुये वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु निवेदन किया गया तथा दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन (जैसे- गलत दिशा में वाहन चलाना,सड़क के किनारे हाईवे पर अवैध रूप से पार्किंग कर वाहन खड़ा करना व तेज गति से वाहन चलाना आदि) करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया व इस दौरान कुल दो सौ पन्द्रह वाहनों का चालान कर दो लाख पचहत्तर हजार रुपये का जुर्माना योजित किया गया।

## पुलिस ने रास्ता भटक गई महिला को परिजनों के सुपुर्द किया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कालर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये यूपी-112 पीआरवी द्वारा रास्ता भटक गई महिला को सकुशल उसके घर पहुंचाया गया।बुधवार को कालर द्वारा बताया गया कि एक अन्जान महिला खड़ी है जोकि अपना नाम-पता नहीं बता रही है । उक्त सूचना पर पीआरवी 5346 थाना गौरीगंज तत्काल मौके पर पहुंची तो ज्ञात हुआ कि ऐंधी टोल प्लाजा के पास एक महिला खड़ी है।टोल कर्मियों द्वारा नाम पता पूछने पर कुछ नही बता पा रही थी।पीआरवी पर नियुक्त महिला आरक्षी निधि यादव द्वारा उक्त महिला से कुछ देर तक बातचीत की गई तो महिला ने अपना नाम गुड़िया निवासी असुरा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब तीस वर्ष बताया।महिला ने अपना मायका रायबरेली में होना बताया और कहा कि उसकी उसके पति से अनबन थी जिसके कारण वह काफी दिनों से अपने मायके में रह रही थी।आज अपने ससुराल जाते समय रास्ता भटक गयी है पीआरवी कर्मियों द्वारा उक्त महिला को लेकर उसके ससुराल ग्राम असुरा पहुंचाया गया व उसके पति के सुपुर्द किया गया।महिला के परिजनों व स्थानीय लोगों द्वारा यूपी 112 पीआरवी स्टाफ व अमेठी पुलिस की सराहना की गयी।

## धूमधाम से मनाई गई गुरु नानक देव जी की जयंती

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर की पंजाबी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा में बुधवार को गुरु नानक देव जी की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भजन-कीर्तन और लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सिख समुदाय के साथ-साथ अन्य धर्मों के अनुयायियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।

गुरुद्वारा सभा के महासचिव सुदीप पाल सिंह ने बताया कि भजन-कीर्तन का कार्यक्रम सुबह से प्रारंभ होकर दोपहर तक चला। गुरुद्वारा साहिब के ज्ञानी नवजोत सिंह के जत्थे ने शबद-कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया। इसके बाद अरदास की गई और तत्पश्चात गुरु का लंगर वितरित किया गया। सुदीप पाल सिंह ने बताया कि गुरु नानक देव जी ने जाति, धर्म और संप्रदाय की दीवारों को तोड़कर सिख धर्म की स्थापना की थी। उनके संदेश के अनुसार, हर जाति और धर्म के लोग बिना किसी विशेष निमंत्रण के इस आयोजन में शामिल होते हैं। उन्होंने समाज को एकजुट रहने, भेदभाव मिटाने और समानता का मार्ग अपनाने का संदेश दिया। जगदीश सिंह ने कहा कि गुरु नानक देव जी का संदेश ळ्ना मैं हिंदू, न मुसलमानङ्क मानवता और एकता का प्रतीक था। वे समाज से जातिवाद, ऊंच-नीच और कट्टरता को समाप्त करना चाहते थे। यह परंपरा गुरु गोविंद सिंह जी तक चली, जिसमें शिष्य को सीखने वाला बताया गया। उन्होंने आगे बताया कि इस आयोजन में हर धर्म और समाज के नागरिक, महिलाएं और बच्चे श्रद्धापूर्वक सम्मिलित हुए। सभी ने दान दिया और लंगर ग्रहण कर गुरु नानक देव जी की समावेशी परंपरा को आगे बढ़ाया।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हरियाणा के बस चालक की हार्ट अटैक से मौत

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुधवार को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हरियाणा के एक बस चालक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) दोस्तपुर में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में शव को निजी एम्बुलेंस से हरियाणा भेज दिया गया। घटना दोस्तपुर थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर 166 के पास हुई। हरियाणा से बिहार जा रही एक निजी बस में दो चालक सवार थे। इनमें से एक चालक बस चला रहा था, जबकि दूसरा चालक सीट पर आराम कर रहा था। इसी दौरान आराम कर रहे चालक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बस चला रहे साथी चालक ने तत्परता दिखाते हुए बस रोक दी और यूपीडा (उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण) के अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर यूपीडा की एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर लाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. आर.के. पांडेय ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान जितेंद्र (43 वर्ष) पुत्र ओम प्रकाश, निवासी सिवाना, थाना झाझर, हरियाणा के रूप में हुई है। बस चालक दीवान, पुत्र कृष्ण लाल, निवासी गिदरा, थाना सिरसा, हरियाणा ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। परिजनों की सहमति के बाद शव को निजी एम्बुलेंस से हरियाणा भेजा गया। वहीं, दूसरे चालक दीवान बस लेकर बिहार के लिए रवाना हो गए।

## रिश्तेदारी में आए युवक की बाइक चोरी मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। चुरा टांडा निघासन के रहने वाले दिनेश सिंह कुछ दिन पूर्व अपनी बहन के घर तकिया दीनापुर मे लाखन सिंह के घर आये हुऐ थे जहा आये युवक की बाइक चोरी हो गई शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव तकिया दीनापुर आया था बाइक को आपने बहनोई के खुले घर में खड़ा किया था और मातारानी का जागरण देखने चला गया कुछ समय बाद घर आया तो बाइक वहा पर मौजूद नहीं थी आसपास काफी तलाश करने पर भी बाइक नहीं मिली तो शिकायत पुलिस को दी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जॉच के आवश्यक निर्देश दिये है।

## पुरानी रंजिश के चलते महिला पर जानलेवा हमला मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुरानी रंजिश में तीन लोगों ने धारदार हथियार से महिला समेत पति और बच्चे पर हमला कर दिया पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है गांव बंजरिया निवासी सुनीता देवी ने पुलिस को तहरीर दी इसमें बताया कि शनिवार को उनका बेटा मुकेश कुमार अपने दरवाजे पर खड़ा था जिसे देख? गांव के रामचन्द्र , सिद्धवान्त, राकेश ने उनके बेटे मुकेश को गालियां दी बेटे के विरोध करने पर उसे पीटने लगे जिसकी आवाज सुनकर बचाने दौड़ी तो उसके सिर पर बांके से प्रहार कार दिया जिसके उसका सिर फट गया जिसमे पिता पुत्र ने घर मे छिपकर जान बचाई और घर मे छिप गया जिसमे दबंगों ने घर मे घुसकर सभी के साथ मारपीट की जिसमें पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है।

# राम वनगमन प्रसंग सुन कर श्रद्धा से सराबोर हुये श्रद्धालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । नवीन कलेक्ट्रेट के समीप पूरे नेमधर पंडित में चल रही महामृत्युंजय महाकाल लोक कथा में मंगलवार का दिन भक्ति और भावनाओं से सराबोर रहा। कथा के पंचम दिवस पर उज्जैन पीठाधीश्वर स्वामी प्रणव पुरी जी महाराज ने राम वनगमन प्रसंग का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया।महाराज जी ने कहा कि जब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने वनगमन का संकल्प लिया, तब अयोध्या नगरी का कणऽकण दुःख से व्याकुल हो उठा। माता कौशल्या की करुण पुकार और दशरथ की व्यथा का ऐसा जीवंत चित्रण हुआ कि उपस्थित श्रोता भावविभोर होकर अश्रुपूरित हो उठे। महाराज जी ने कहा कि जब राम स्वयं धर्म की रक्षा के लिए वन को प्रस्थान करते हैं, तब त्याग और कर्तव्य की पराकाष्ठा का सन्देश समस्त मानवता को मिलता है।कथा व्यास ने भजनों के मधुर सुरों में ळ्राम नाम की महिमाङ्क का गायन करते हुए कहा कि प्रभु का नाम ही कलियुग का सबसे बड़ा आश्रय है। कथा स्थल पर वातावरण 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा।इस अवसर पर जन सत्ता दल (लोकतांत्रिक) के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. कैलाश नाथ ओझा, प्रदेश अध्यक्ष विधायक विनोद सरोज, प्रदेश प्रधान महासचिव कुंवर बृजेश सिंह राजावत (लखनऊ), जिला पंचायत प्रतापगढ़ के अध्यक्ष कुलदीप पटेल, जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह, ब्लॉक प्रमुख बाबागंज हितेश कुमार पंकज सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों और हजारों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर दिव्य कथा का रसपान किया।

# जिलाधिकारी के आदेश का खुलेआम हो रही अवहेलना, जिम्मेदार बने उदासीन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जयसिंहपुर ब्लॉक के हयातनगर गांव में पर्यटन विकास योजना के तहत चल रहे ऐतिहासिक शिव मंदिर के निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार और गुणवत्ता की गंभीर अनदेखी के आरोप ने प्रशासन की छवि को दांव पर लगा दिया है। मुख्यमंत्री तक शिकायत पहुंचने के बाद जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। समिति में अधिशासी अभियंता (लोक निर्माण विभाग), ज्वाइंट मजिस्ट्रेट और जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी शामिल हैं। डीएम ने स्पष्ट रूप से 15 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया था। लेकिन जांच टीम की निष्क्रियता और ठेकेदार की जल्दबाजी ने मामले को और संदिग्ध बना दिया। शिकायतकर्ता और हयातनगर निवासी बृजेश उपाध्याय ने मुख्यमंत्री को



**हयातनगर शिव मंदिर की छत ढलाई जांच से पहले पूरी, ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए जांच टीम ने की देरी, ग्रामीणों में गहरी नाराजगी**

भेजी शिकायत में आरोप लगाया कि लगभग 36 लाख रुपये की लागत से हो रहे निर्माण कार्य में घटिया ईंटें, कमजोर मसाला और निम्न गुणवत्ता की सरिया लगाई जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण मानकों की अनदेखी से मंदिर की मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं। विरोध जताने पर ठेकेदार ने शिकायतकर्ताओं को धमकाया और मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी भी की। ग्रामीणों के पास इस घटना का ऑडियो साक्ष्य भी मौजूद है। अधिक चिंताजनक यह है कि डीएम के आदेश के बावजूद जांच टीम 15 दिन तक मौके पर नहीं पहुंची। दूसरी ओर, ठेकेदार ने तीन नवम्बर को छत की स्लैब ढलाई पूरी कर दी। इससे स्पष्ट संदेह पैदा होता है कि जांच में देरी ठेकेदार को फायदा पहुँचाने के लिए की गई। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब जांच आदेश पहले ही जारी था, तब भी निर्माण कार्य कैसे जारी रहा ? क्या प्रशासनिक अधिकारियों ने आदेशों की अवहेलना की, या किसी दबाव में आंखें मूंद लीं ? ग्रामीणों की निगाहें अब जिलाधिकारी द्वारा गठित जांच समिति की रिपोर्ट पर टिकी हैं। यह मामला प्रशासन की साख और पारदर्शिता की बड़ी परीक्षा होगी..?।

# शरदकालीन गोमती महोत्सव का हुआ शुभारम्भ प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुर के बच्चों ने बनाई रंगोली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आदि गंगा माँ गोमती उद्गम तीर्थ स्थल माधौटांडा में शरदकालीन गोमती महोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान,जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, चेयरमेन आस्था अग्रवाल एवं जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा विधि विधान से हवन पूजन व दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित रंगोली बनाई गई व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। माँ गोमती उद्गम स्थल पर गोमती महोत्सव दिनांक 08.11.2025 तक चलेगा। गोमती महोत्सव के अवसर पर महाआरती व श्री रामचरित मंचन किया गया। दिनांक 05.11.2025 को सांय 06 बजे से 10 बजे तक श्री रामचरित मंचन, दिनांक 06.11.2025 को सांय 03 बजे से सांय 06 बजे तक क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन एवं सांय 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्री रामचरित मंचन, दिनांक 07.11.2025 को सांय 03 बजे से 06 बजे तक पोस्टर प्रतियोगिता व सांय 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्री रामचरित मंचन एवं दिनांक 08.11.2025 को सांय 03 बजे से 06 बजे तक पुरस्कार वितरण व सांय 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम/कवि सम्मेलन सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, डीएफओ, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी कलीनगर, जिला विद्यालय निरीक्षक,अमित सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, वीरेंद्र कुमार हसीलदार कलीनगर, खंड शिक्षा अधिकारी विजय सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## सूर्यास्त के बाद असंख्य दीपों से पूरा संगम क्षेत्र जगमग हो उठा, हजारों लोगों ने किया संगम में स्नान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । देव दीपावली पर बुधवार को संगम नोज जन आस्था का सबसे बड़ा केंद्र बना। पर्व की खुशियां को मनाने के लिए महिलाएं, छोटे-छोटे बच्चे व जत्थों में युवाओं का समूह दीपदान करने को वीआईपी घाट व संगम से लेकर दशाश्वमेध घाट पर पहुंचा। हर कोई त्रिवेणी तट पर दीपदान करता दिखा। सूर्यास्त के बाद असंख्य दीपों से पूरा संगम क्षेत्र जगमग हो उठा तो लेजर शो व आतिशबाजी का नजारा आकर्षित करता रहा। शाम साढ़े चार बजे ही संगम सहित बलुआघाट, गऊघाट, दशाश्वमेध घाट, नागवासुकि मंदिर के आसपास व अन्य घाटों पर आस्था उमड़ने लगी। परिजनों के साथ पर्व की खुशियां मनाने के लिए लोग दीपदान की सामग्री लेकर पहुंचे तो प्रशासन की ओर से संगम नोज पर दीपदान की व्यवस्था की गई। सूर्यास्त के बाद संगम क्षेत्र दीपों से जगमग हो उठा। लेजर शो और आतिशबाजी ने वातावरण को और भी खूबसूरत बना दिया। सूर्यास्त से पहले ही वीआईपी घाट से लेकर संगम तक रेलिंग लगाकर दीपदान की व्यवस्था हुई तो सिविल डिफेंस के स्वय सेवकों ने चीफ वार्डेन अनिल कुमार, उप नियंत्रक नीरज मिश्रा तथा एडीसी राकेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में सेक्टर पंद्रह को दीपों से सिविल डिफेंस लिखकर आकर्षण का केंद्र बनाया। वहीं कुछ लोगों ने ओम नमो नारायण व जय श्रीराम का जप करते हुए लोग तल्लीनता के साथ दीपदान करते हुए दिखाई दिए। असंख्य दीपमाला के बीच सेल्फी का क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा था। घाट से रेलिंग के बीच दीपमाला के बीच खड़े होकर अपने परिजनों के साथ लोगों ने खूब सेल्फी ली। संगम तट से ही लोग अरैल घाट की रंगबिरंगी लाइटिंग का विहंगम नजारा अपने मोबाइल में कैद करते रहे बलुआघाट व गऊघाट से यमुना जल में आ रही दीपमाला की लड़ियों को देख लोग उल्लासित होते रहे। शाम छह से सार बीच खूब आतिशबाजी हुई तो प्रशासन की ओर से लेजर शो की भव्यता का नजारा लोग एकटक निहारते रहे। नदी घाटों पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, दीप प्रज्वलन और लेजर शो का आयोजन किया जा रहा है। वहीं परमार्थ निकेतन ने पूरे अरैल घाट को दीपों से सजाया है।

# डीडीओ ने खेतों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोसाईगंज/सुल्तानपुर। सुल्तानपुर में जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) गजेंद्र तिवारी ने बुधवार को धान की क्रॉप कटिंग का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण डीएम कुमार हर्ष के निर्देश पर तहसील सदर के ग्राम इटकौली में हुआ। इस दौरान डीडीओ स्वयं खेत में उतरे और फसल का जायजा लेकर किसानों से संवाद किया। निरीक्षण के दौरान डीडीओ गजेंद्र तिवारी ने कहा कि वह स्वयं किसान के बेटे हैं। उन्होंने किसानों की मेहनत, समस्याओं और उनके दर्द को गहराई से समझने की बात कही। उन्होंने बताया कि शासन किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य पर लगातार काम कर रहा है। फसल सुरक्षा और पारदर्शी आकलन के लिए प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी तय की गई है। डीडीओ ने खेत में फसल की स्थिति, उपज की गुणवत्ता, पैदावार की मात्रा और कटाई के वैज्ञानिक तरीकों का बारीकी से अध्ययन किया। उन्होंने कृषकों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं और अनुभवों को भी जाना। उन्होंने राजस्व, कृषि विभाग और लेखपालों को निर्देश दिए कि क्रॉप कटिंग के सभी आंकड़े सटीकता और पारदर्शिता के साथ दर्ज किए जाएं। इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और कृषि उत्पादन के सरकारी आंकड़ों में किसी प्रकार की त्रुटि से बचना है। निरीक्षण के समय क्षेत्रीय लेखपाल सुनील सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इरशाद हुसैन और कृषि विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने धान की पैदावार, खाद वितरण और समर्थन मूल्य से संबंधित मुद्दे उठाए।

# सनातन परम्परा सम्पूर्ण सृष्टि के लिए सोचती है : प्रो. गिरीश चंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कादीपुर/सुलतानपुर। सनातन परम्परा केवल अपने और अपने परिवार के लिए नहीं बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि के लिए सोचने वाली परम्परा है। इस विचार को हमें हमेशा याद रखना चाहिए। भारत केवल भूखंड नहीं है यह दर्शन , दृष्टि और विचार है । पूरी पृथ्वी हमारा परिवार है , सब लोग सुखी रहें यह हमारी परंपरा रही है। यह बातें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफ़ेसर गिरीश चन्द्र त्रिपाठी ने कहीं। वह अल्देमऊ नूरपुर में सत्यनाथ मठ पर चल रहे बाबा सत्यनाथ महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित राष्ट्रीय परिचर्चा को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा भारतीय शास्त्रों में बताया गया है कि महिला पुरुष से श्रेष्ठ है। महिला पुरुष को बराबर मानने पर अनेक तरह के असंतुलन पैदा होंगें। भारत में प्राचीन काल से ही महिलाएं शक्ति की प्रतीक रही हैं। इनके लिए सशक्तिकरण शब्द का



प्रयोग पश्चिम की देन है। नारी सशक्तिकरण नहीं नारी सम्मान की जरूरत है। पारिवारिक मूल्य ही हमारा धर्म हैं। नारी का सम्मान कानून से नहीं हमारे भीतर के भाव बदलने से होगा । विशिष्ट वक्ता बीएनकेबी महाविद्यालय अकबरपुर के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय संस्कृति का बड़ा हिस्सा अवध क्षेत्र ने निर्मित किया है। अयोध्या की संत परम्परा ने राष्ट्रीय स्तर पर समरसता स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संतों ने समाज की जड़ता, अंधविश्वास और रुढ़ियों को तोड़कर समाज में एकता स्थापित की। उड़ीसा जगन्नाथपुरी के संत देवाचार्य ने कहा राम चरित मानस यह बताता है कि हमें कैसे जीना है। अपना आचरण हमें खुद ही सुधारना है। आचरण सुधारेगा तो सब कुछ ठीक होने लगेगा। बाबा बजरंगदास ने कहा कि सब जीव एक बराबर हैं किसी में भेदभाव नहीं करना चाहिए। सम्पूर्णानंद ने कहा सत्संग से विवेक उत्पन्न होता है। संत की महत्ता का बखान नहीं किया जा सकता। प्रमोद मिश्र मुन्ना ने कहा कि संतों को सामाजिक समरसता हेतु गांव गांव जाकर अलख जगाने की जरूरत है। संगोष्ठी के संरक्षक पीठाधीश्वर कपाली बाबा ने कहा कि इस मठ ने सनातन परम्परा को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नाथ पंथ सामाजिक समरसता का पंथ है यहां कुछ भी त्याज्य नहीं है। अध्यक्षता डॉ सुशील कुमार पाण्डेय साहित्येन्दु संचालन मथुरा प्रसाद सिंह जटायु व आभार ज्ञापन श्यामचंद्र श्रीवास्तव ने किया।

## सम्पादकीय

# महिला टीम को बधाई और सलाम

भारतीय खेल जगत के लिए रविवार 2 नवंबर एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि का दिन था। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार क्रिकेट विश्वकप में शानदार जीत दर्ज की है। 1973 से महिला क्रिकेट टीम न केवल ऐसी किसी ऐतिहासिक जीत के इंतजार में थी, बल्कि इसके साथ-साथ और बहुत से मोर्चों पर उसे सफल होने की जद्दोजहद करनी पड़ रही थी। क्रिकेट खेलने का मैदान, तरीके, नियम महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए एक जैसे ही हैं। दोनों वर्गों के खिलाड़ियों को एक जैसी मेहनत मैदान पर करनी पड़ती है। लेकिन महिला खिलाड़ियों के लिए संघर्षों का दायरा कहीं अधिक बड़ा है। पहला संघर्ष तो लैंगिक भेदभाव का ही है। क्रिकेट को जेन्टलमैन गेम कहा जाता है, यानी भद्रजनों का खेल। अंग्रेजों की मानसिकता उनके बनाए इस खेल में पूरी तरह झलकती है, जहां समाज के उच्च तबके के लोग ही भद्र माने जाते थे और उनके पुरुष ही इस खेल को खेल सकते थे। हालांकि वह युग अलग था। गेंद की तरह जब यह खेल भी सीमाओं के पार जाकर खेला जाने लगा तो इसमें देश और काल के हिसाब से तब्दीलियां आने लगी। महिलाओं ने भी क्रिकेट खेलना शुरु किया। लेकिन पितृसत्तात्मक समाज ने आदतन उन्हें हतोत्साहित किया। इसके लिए कई तरीके आजमाए गए। टीशर्ट-लोअर पहनी महिलाओं का मजाक उड़ाना, उनकी शारीरिक क्षमता पर संदेह करना यह सब तो चलता ही रहा। इसके साथ महिला खिलाड़ियों को पुरुष टीमों की अपेक्षा कम फीस देना, उनके टीम प्रबंधन, सुविधाओं और संसाधनों पर खर्च न करना, महिला टीमों के मैच के लिए प्रायोजकों का न मिलना, ऐसी कई अड़चनें दिखाकर महिला खिलाड़ियों को यही संदेश बार-बार दिया गया कि वे क्रिकेट खेलने के लिए नहीं बनी हैं। आज से 20 साल पहले के दौर में मिताली राज जैसी महिला क्रिकेटरों को इसी बात का दुख था कि महिला क्रिकेट टीम को न पहचान मिलती है, न सम्मान मिलता है, बल्कि उपेक्षा करने में कोई कमी नहीं की जाती। हालात अब भी कमोबेश वही हैं, इसलिए किसी बड़े बदलाव की उम्मीद करना जल्दबाजी होगी। हालांकि थोड़े बहुत बदलाव दिखना शुरु भी हो गए हैं। जीत के तुरंत बाद बीसीसीआई सचिव देवजित सैकिया ने घोषणा की है कि टीम, सहयोगी स्टाफ और चयनकर्ताओं को कुल 51 करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। जबकि आईसीसी ने लगभग 37. 8 करोड़ रुपये का ईनाम विजेता टीम को दिया है। बीसीसीआई के पास धन और संसाधनों की कमी नहीं है, लिहाजा वह एक बड़ी राशि महिला टीम को दे रही है, तो इसका स्वागत होना चाहिए। हालांकि यह सवाल बना हुआ है कि क्या बीसीसीआई की तरफ से महिला खिलाड़ियों को यही प्रोत्साहन आगे भी मिलता रहेगा। देश की कई महिला क्रिकेट खिलाड़ी, जो प्रतिभा होने के बावजूद कई किस्मों के भेदभाव में फंस जाती हैं, उन्हें इससे निकालने और आगे बढ़ाने के लिए बोर्ड के पास क्या कोई योजना है। देवजित सैकिया ने यह भी कहा कि जय शाह के नेतृत्व में महिला क्रिकेट में क्रांति आई। मैच फीस समानता और पुरस्कार 300प्रतिशत बढ़े। यह जीत महिला क्रिकेट को नई ऊंचाई देगी। उनका यह बयान चापलूसी से प्रेरित लगता है। क्योंकि महिला क्रिकेट टीम में यह क्रांति खिलाड़ियों की अपनी मेहनत और संघर्षों से हार न मानने के जज्बे के कारण आई है। इसमें जय शाह का व्यक्तिगत योगदान क्या है, यह अब तक सामने नहीं आया है। बल्कि पिछले साल अक्टूबर में जब टीम की सदस्य जेमिमा रोड्रिग्स की मुंबई जिमखाना की सदस्यता केवल इसलिए खत्म कर दी गई, क्योंकि उनके पिता इवान रोड्रिग्स पर क्लब में धार्मिक गतिविधि चलाने का आरोप लगा, तब जय शाह ने जेमिमा के बचाव में कुछ कहा हो, ऐसी कोई खबर सामने नहीं आई। बल्कि इस घटना के बाद जेमिमा को सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल किया गया। बताने की जरूरत नहीं कि ट्रोलर्स भारतीय जनता पार्टी के ही समर्थक थे। केवल धर्म के आधार पर जेमिमा रोड्रिग्स को मानसिक तौर पर परेशान किया गया। लेकिन वे फिर भी मैदान पर डटी रहीं और भारत के लिए फाइनल का टिकट हासिल करने में उनका बड़ा योगदान रहा।

# दुनिया को दत्तोपंत ठेंगड़ी के भारतीय आर्थिक दृष्टिकोण की जरूरत

दत्तोपंत ठेंगड़ी का जन्म 10 नवंबर, 1920 को महाराष्ट्र के वर्धा जिले के आर्वी गाँव में हुआ था। उन्होंने नागपुर के लॉ कॉलेज से एलएलबी और मॉरिस कॉलेज से स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। साल 1940 में जब एम.एस. गोलवलकर गुरुजी को संघ का दूसरा सरसंघचालक नियुक्त किया गया, तो उन्होंने संगठन का दायरा बढ़ाने के लिए युवाओं को आरएसएस प्रचारक के रूप में पूर्णकालिक सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस निमंत्रण पर ठेंगड़ी जी साल 1942 में आरएसएस प्रचारक बन गए और 14 अक्टूबर, 2004 को 84 वर्ष की आयु में अपने निधन तक वहीं रहे। उन्हें अधिकारिक पदों की कोई लालसा नहीं थी। इसी कारण, उन्होंने एनडीए सरकार द्वारा पद्म भूषण पुरस्कार देने का प्रस्ताव ठुकरा दिया। ठेंगड़ी जी को अक्सर ''मौन रणनीतिकार'' कहा जाता था। वे अति-प्रतिक्रियाशील वक्ता की बजाय एक दूरदर्शी वास्तुकार थे। उनका मानना था कि दीर्घकालिक परिवर्तन के लिए मज़बूत संस्थाएँ, अनुशासन और स्पष्ट सोच आवश्यक हैं। नेतृत्व को नियंत्रित करने के बजाय उन्होंने उसे बढ़ावा देने के लिए पृष्ठभूमि में काम किया। जो लोग उन्हें जानते थे, वे उनकी विनम्रता, राष्ट्रवादी विचारों में उनके अटूट विश्वास और दर्शन, अर्थशास्त्र और इतिहास की उनकी समझ को याद करते हैं। उनका कार्य सांस्कृतिक संबंधों और आर्थिक व्यावहारिकता का एक अनूठा मिश्रण प्रदर्शित करता है। वे दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रचारित एकात्म मानवदर्शन के वैश्विक दर्शन और भारत के सभ्यतागत लोकाचार से प्रभावित थे। वैश्वीकरण, जिसने वैश्विक स्तर पर असमानता और मानवाधिकारों के उल्लंघन को बढ़ाया है, पश्चिमी दुनिया द्वारा रचा गया था। अमीर और अमीर होते जा रहे हैं, और गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। दुनिया की अधिकांश संपत्ति 1% लोगों के पास है। दावोस आर्थिक मंच में प्रस्तुत OXFAM रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के आठ सबसे अमीर लोगों की संपत्ति दुनिया की आबादी के सबसे गरीब आधे हिस्से, यानी 4 अरब लोगों के बराबर है। इसके अलावा, भूख हर साल 80 लाख लोगों की जान ले लेती है, जबकि इलाज योग्य और इलाज न किए जा सकने वाले, दोनों तरह के रोग भी उतनी ही संख्या में लोगों की जान ले लेते हैं। दत्तोपंत ठेंगड़ी ने उन्नत देशों द्वारा छोटे देशों का फायदा उठाने की संभावना पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा, ''कुछ उन्नत देश (विकसित देश या उनके वैचारिक नेता) पारिस्थितिक संतुलन के प्रयासों में सहयोग नहीं करना चाहते, बल्कि विकासशील देशों के आँगन में अपना प्रदूषण फैलाते हैं।'' हालाँकि, यह दृष्टिकोण विश्वव्यापी पर्यावरणीय आपदा को बहुत लंबे समय तक नहीं रोक पाएगा और पश्चिमी राष्ट्र भी इससे बच नहीं पाएँगे। विपत्ति अंततः सर्वत्र समृद्धि को नष्ट कर देगी क्योंकि विश्व केवल एक ही है। आर्थिक स्थिति आधार का काम करती है लेकिन विभिन्न अधिरचनात्मक मूल तत्व- वर्ग संघर्षों के राजनीतिक और कानूनी रूप और उनके परिणाम, संविधान और कानूनी रूप- साथ ही प्रतिभागियों के मन में इन वास्तविक संघर्षों की प्रतिक्रियाएँ- राजनीतिक-कानूनी, दार्शनिक सिद्धांत और उनकी धार्मिक मान्यताएँ- सभी ऐतिहासिक संघर्षों के विकास पर प्रभाव डालते हैं और कई मामलों में, उनके स्वरूप को निर्धारित करते हैं। अपनी पुस्तक ग्लोबल इकोनॉमिक सिस्टमः द हिंदू व्यू में, ठेंगड़ीजी ने तर्क दिया कि ''यूरोकेंद्रित इतिहास के वर्तमान संस्करण को, जो अनुपात की भावना से रहित है, त्यागना और ऐतिहासिक जाँच के एक नए चरण, एक नए ढाँचे, नए संदर्भों और मूल्यों के एक नए पैमाने की शुरुआत करना अपरिहार्य है, जो वैश्वीकरण को सुगम बनाएगा।'' इसके अतिरिक्त, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि धर्म की हिंदू अवधारणा एक ऐसी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सर्वोत्तम ढाँचा हो सकती है जो भौतिक संपदा की निरंतर, प्रतिस्पर्धी खोज के बजाय सामाजिक सुख के आदर्श को प्राथमिकता देती है। शास्त्रों और स्मृतियों जैसे हिंदू धार्मिक ग्रंथों में उल्लिखित नियम ठेंगड़ी की हिंदू आर्थिक व्यवस्था की नींव का काम करते हैं। पश्चिमी आर्थिक विचारधारा द्वारा प्रचारित ''मज़दूरी-रोज़गार'' के विपरीत, उन्होंने प्रगति और विकास के हिंदू मॉडल को ''स्व-रोज़गार'' के रूप में अपनी प्रमुख

नेतृत्व को नियंत्रित करने के बजाय उन्होंने उसे बढ़ावा देने के लिए पृष्ठभूमि में काम किया। जो लोग उन्हें जानते थे, वे उनकी विनम्रता, राष्ट्रवादी विचारों में उनके अटूट विश्वास और दर्शन, अर्थशास्त्र और इतिहास की उनकी समझ को याद करते हैं। उनका कार्य सांस्कृतिक संबंधों और आर्थिक व्यावहारिकता का एक अनूठा मिश्रण प्रदर्शित करता है। वे दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रचारित एकात्म मानवदर्शन के वैश्विक दर्शन और भारत के सभ्यतागत लोकाचार से प्रभावित थे। वैश्वीकरण, जिसने वैश्विक स्तर पर असमानता और मानवाधिकारों के उल्लंघन को बढ़ाया है, पश्चिमी दुनिया द्वारा रचा गया था। अमीर और अमीर होते जा रहे हैं, और गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। दुनिया की अधिकांश संपत्ति 1% लोगों के पास है। दावोस आर्थिक मंच में प्रस्तुत ग्ड्क्क्ख रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के आठ सबसे अमीर लोगों की संपत्ति दुनिया की आबादी के सबसे गरीब आधे हिस्से, यानी 4 अरब लोगों के बराबर है। इसके अलावा, भूख हर साल 80 लाख लोगों की जान ले लेती है, जबकि इलाज योग्य और इलाज न किए जा सकने वाले, दोनों तरह के रोग भी उतनी ही संख्या में लोगों की जान ले लेते हैं। दत्तोपंत ठेंगड़ी ने उन्नत देशों द्वारा छोटे देशों का फायदा उठाने की संभावना पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा, ''कुछ उन्नत देश (विकसित देश या उनके वैचारिक नेता) पारिस्थितिक संतुलन के प्रयासों में सहयोग नहीं करना चाहते, बल्कि विकासशील देशों के आँगन में अपना प्रदूषण फैलाते हैं।'' हालाँकि, यह दृष्टिकोण विश्वव्यापी पर्यावरणीय आपदा को बहुत लंबे समय तक नहीं रोक पाएगा और पश्चिमी राष्ट्र भी इससे बच नहीं पाएँगे। विपत्ति अंततः सर्वत्र समृद्धि को नष्ट कर देगी क्योंकि विश्व केवल एक ही है।

विशेषताओं में से एक बताया। कार्यबल में शामिल होने वाले इतने बड़े लोगों को सरकार द्वारा नियोजित नहीं किया जा सकता। पश्चिमी आर्थिक रणनीति की विशेषता ''सर्वहारा वर्ग की निरंतर बढ़ती सेना'' के विपरीत, इसका उद्देश्य ''निरंतर बढ़ते स्व-रोज़गार क्षेत्र'' की स्थापना करना है। हिंदू आर्थिक दर्शन ''बिना किसी हेरफ़ेर वाले बाज़ार के मुक्त प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है जहाँ प्रकृति का दोहन किया जाता है, बलात्कार नहीं'' और ''समता और समानता की ओर गति होती है।'' यह ''व्यक्ति, समाज और प्रकृति के बीच पूर्ण सामंजस्य'' को प्रोत्साहित करता है। हालाँकि, पश्चिमी दृष्टिकोण ''व्यक्ति, समाज और प्रकृति के बीच निरंतर संघर्ष'' और ''समाज में लगातार बढ़ती असमानताओं'' का परिणाम है। हमारी परंपराओं के अनुसार, समाज तब सबसे अच्छा काम करता है जब सभी पक्ष एक-दूसरे के प्रति सम्मान और साझा जवाबदेही की भावना के साथ अपनी ज़िम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। ''सह-कार्य'' का विचार इसी को दर्शाता है। कर्मचारी आर्थिक प्रक्रिया में उत्पादन के उपकरण नहीं, बल्कि सह-निर्माता होते हैं। ''श्रमिक को सम्मान'' और ''लोक कल्याण'' की प्राचीन भारतीय अवधारणाएँ इस धारणा के अनुरूप हैं कि कर्मचारियों को प्रबंधन और लाभ-बंटवारे में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। स्वदेशी अर्थशास्त्र के संस्थापक ठेंगड़ी जी के अनुसार, स्वदेशी का संबंध केवल उत्पादों और सेवाओं से कहीं अधिक है। इसका संबंध राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता प्राप्त करने, राष्ट्रीय स्वतंत्रता और संप्रभुता को बनाए रखने और समान अंतरराष्ट्रीय सहयोग में संलग्न होने के दृढ़ संकल्प से है। ''स्वदेशी देशभक्ति की भावनाओं की व्यावहारिक, बाह्य अभिव्यक्ति है। अलगाववादी सोच राष्ट्रीयता की भावना के समान नहीं है। देशभक्त वैश्वीकरण का विरोध नहीं करते। जब तक अंतरराष्ट्रीय सहयोग को समान माना जाता है, तब तक राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता का उनका तर्क इसके साथ असंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी का युद्धस्तर पर समाधान किया जाना चाहिए। उनकी एक रचना, ''थर्ड वे'', ने ''स्वदेशी'' अर्थशास्त्र की नींव रखी। पूंजीवाद और साम्यवाद का स्थान लेने का एकमात्र विकल्प धर्म के सिद्धांतों पर आधारित अर्थव्यवस्था और समाज के प्रति हिंदू दृष्टिकोण है। उनके आदर्श समाज और अर्थव्यवस्था में, स्वरोजगार, मुक्त प्रतिस्पर्धा, समानता और व्यक्ति, समुदाय और प्राकृतिक दुनिया के बीच पूर्ण सामंजस्य, सभी फल-फूलेंगे। प्रत्येक संस्कृति का अपना एक मॉडल होता है। विदेशी निहित स्वार्थों द्वारा थोपा गया या किसी अन्य सांस्कृतिक संदर्भ से आयातित विकास मॉडल हानिकारक हो सकता है। ''टुवर्ड्स अ हिस्ट्री ऑफ़ नीड्स'' के प्रसिद्ध लेखक इवान इलिसिट हैं। विकास मिथक के साथ उनके मैक्सिकन अनुभव का वर्णन ''मेडिकल नेमेसिस'', ''टूल्स फॉर कॉन्विविएलिटी एंड डी-स्कूलिंग सोसाइटी'' में किया गया है। वे ग्रामीण क्षेत्रों और मलिन बस्तियों में रहने वाले गरीबों के जीवन पर विकास के प्रभावों, पारंपरिक कौशल और जीविका के साधनों के क्षरण, सामुदायिक आत्मनिर्भरता, सम्मान और एकजुटता के ह्रास, प्रकृति के विनाश, पारंपरिक परिवेशों से विस्थापन, बेरोजगारी, प्रकृति का विनाश, पारंपरिक आत्मनिर्भर समुदायों से नकदी अर्थव्यवस्था में विस्थापन, सांस्कृतिक जड़हीनता और राजनीतिक भ्रष्टाचार का विश्लेषण करते हैं। यद्यपि रिलीजन और धर्म एक नहीं हैं, फिर भी दुनिया को धर्म की शक्ति को पहचानना चाहिए, न कि रिलीजन की, जिसे साम्यवादी विश्लेषण में अफीम माना जाता है। ठेंगड़ी जी ने ''धर्म'' के बौद्धिक आधारों का गहन अध्ययन करके पूंजीवाद और साम्यवाद की अवधारणाओं से हटकर हिंदू आर्थिक चिंतन को आगे बढ़ाया। इस प्रकार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''आत्मनिर्भर भारत'' के आह्वान के वास्तविक दार्शनिक महत्व को समझना और इस वैश्विक संकट और इसके नकारात्मक प्रभावों का मुकाबला करना ठेंगड़ी जी के दृष्टिकोण को समझ कर ही संभव हो सकता है। **–पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

# यूक्रेन युद्ध से वैश्विक संकट की आहट

**संजीव ठाकुर**

रूस-यूक्रेन युद्ध अब केवल दो देशों का संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि यह सम्पूर्ण विश्व के लिए संभावित विनाश का संकेत बन चुका है। यह युद्ध आधुनिक सभ्यता के सामने एक ऐसी चुनौती प्रस्तुत कर रहा है जिसमें मानवीय संवेदनाएँ, वैश्विक शांति और राजनीतिक संतुलन सब कुछ दांव पर लगा हुआ है। रूस की बौखलाहट, अमेरिका और नाटो देशों के हस्तक्षेप के साथ मिलकर इस युद्ध को तीसरे विश्वयुद्ध की दहलीज पर ला खड़ा कर चुकी है। रूस ने अमेरिका को खुले शब्दों में चेताया है कि यदि पश्चिमी देश इसी तरह यूक्रेन की आर्थिक और सामरिक मदद करते रहे तो उसे परमाणु या जैविक हथियारों के प्रयोग पर विवश होना पड़ सकता है। यह चेतावनी केवल शब्दों का खेल नहीं बल्कि आने वाले संकट का संकेत है, क्योंकि कीव पर हाल में किए गए रूस के बमवर्षक हमलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पुतिन अब अपनी हार छिपाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक संबोधन में कहा था कि रूस और चीन का सीमा-विहीन गठबंधन वैश्विक शांति के लिए अत्यंत खतरनाक है। यदि पुतिन, शी जिनपिंग और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के बीच यह रणनीतिक गठबंधन गहराता गया तो विश्वयुद्ध की संभावना को टाला नहीं जा सकेगा। सोरस के अनुसार यह संघर्ष अगर अनियंत्रित हुआ तो हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और यह युद्ध समस्त मानवीय मूल्यों को मलबे में बदल देगा। पुतिन और शी जिनपिंग ने अपने हालिया संयुक्त बयान में स्पष्ट कर दिया था कि उनके संबंधों और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। यह बयान एक नई ध्रुवीय विश्व व्यवस्था का संकेत है जिसमें चीन और रूस एक साथ पश्चिमी प्रभुत्व को चुनौती देने की तैयारी में हैं। पुतिन ने शी जिनपिंग को यूक्रेन पर विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी पहले ही दे दी थी, जिससे स्पष्ट है कि यह सब एक सुनियोजित रणनीति के अंतर्गत हुआ था। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की कार्रवाई का विरोध किया, वहीं युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवारों ने भी देश के भीतर असंतोष प्रकट किया है। यूक्रेन पर आक्रमण के समय पुतिन को यह भ्रम था कि यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा-भाषी नागरिक उनका समर्थन करेंगे, परंतु हुआ इसके ठीक विपरीतकृउन्होंने यूक्रेन पर हमले की निंदा करते हुए रूस से नाता तोड़ लिया। यह पुतिन के लिए सबसे बड़ा झटका था जिसने उनके आत्मविश्वास को हिला दिया। अब उन्हें यह एहसास होने लगा है कि उन्होंने एक ऐतिहासिक भूल की है और इसी कारण वे संघर्ष-विराम की संभावनाएं तलाशने में जुटे हैं, किंतु वर्तमान परिदृश्य में विश्व समुदाय का विश्वास रूस से उठ चुका है। अब स्थिति यह बनती जा रही है कि या तो पुतिन अपनी राजनीतिक विफलता स्वीकार कर पद छोड़ दें या फिर चीन के सहयोग से इस संघर्ष को और गहराकर विश्व युद्ध की दिशा में ले जाएँ। रूस-यूक्रेन युद्ध अब तक लगभग तीस लाख करोड़ रुपए निगल चुका है और इसका अंत अभी दूर-दूर तक दिखाई नहीं देता। अमेरिका और नाटो देशों ने यूक्रेन को लगातार हथियार, आर्थिक सहायता और युद्धक रणनीतियाँ मुहैया कराकर उसे एक मजबूत प्रतिरोधक शक्ति में बदल दिया है। इस सहायता से यूक्रेन न केवल टिके रहने में सफल रहा है बल्कि उसने रूस के कई मोर्चों पर पलटवार भी किया है। दूसरी ओर, रूस के सैनिकों और कमांडरों का मनोबल टूटने लगा है, जबकि रूसी नागरिकों में युद्ध के खिलाफ असंतोष बढ़ता जा रहा है। अब यूक्रेन के पास न धन की कमी है, न हथियारों की। उसके नागरिक अपने राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ पूरी निष्ठा और उत्साह से खड़े हैं। हालांकि युद्ध की विभीषिका भयंकर है कृ मारियोपोल जैसे शहरों में इमारतों के मलबे के नीचे से सैकड़ों शव निकाले जा रहे हैं, जिससे वहां मानवता कराह रही है। लगभग एक करोड़ यूक्रेनी नागरिक पोलैंड और अन्य यूरोपीय देशों में शरणार्थियों की तरह जीवन बिता रहे हैं। यूरोपीय देश उन्हें हर संभव सहायता दे रहे हैं और यह संघर्ष अब केवल युद्ध का नहीं बल्कि मानवीय अस्तित्व का भी बन चुका है। इस युद्ध की आंच अब एशिया-प्रशांत क्षेत्र तक फैलने लगी है। चीन और रूस के गठबंधन के खतरे को देखते हुए अमेरिका ने जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के साथ टोक्यो सम्मेलन में सैन्य-रणनीतिक गठबंधन मजबूत करने का निर्णय लिया है।

## सेहत मंत्र

# आंतों में मौजूद बैक्टीरिया भी बन सकते हैं पेट के कैंसर का कारण, वैज्ञानिक शोध में हुआ खुलासा

इंटेस्टाइन में रहने वाले एक प्रकार के बैक्टीरिया, जिन्हें हम गट बैक्टीरिया भी कहते ये बाउल कैंसर (आंत्र कैंसर) का कारण भी हो सकते हैं। हाल ही में आए शोध की मानें, तो आंत में एक निश्चित प्रकार के बैक्टीरिया वाले लोगों को आंत्र कैंसर विकसित होने का अधिक खतरा हो सकता है। इंटेस्टेनियल माइक्रोबायम हमारे आंत के भीतर फंग्स, बैक्टीरिया और वायरस का संग्रह है। साथ ही इस बात के प्रमाण और बढ़ रहे हैं कि शरीर में माइक्रोबायोम की संरचना भी इसके पीछे का एक बड़ा कारण हो सकती है। वहीं शोधकर्ता इस बात का पता भी लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या इंटेस्टाइन के माइक्रोबायोम में कैंसर वायरस पैदा हो रहे हैं या उसके किसी खास बैक्टीरिया के कारण ही ऐसा हो रहा है। आइए हम आपको बताते हैं इस कैंसर और इससे जुड़े इस शोध के बारे में। बाउल कैंसर कैंसर का वो प्रकार है, जो हमारे लार्ज इंटेस्टाइन यानी कि बड़ी आंत में होता है।लार्ज इंटेस्टाइन में जहां ये कैंसर शुरू होता है, उसके आधार पर इस बाउल कैंसर को कभी-कभी कोलन या रेक्टल कैंसर कहा जाता है। आंत्र कैंसर के 3 मुख्य लक्षण होते हैं। पहला- स्टूल या शौच करते वक्त लगातार ब्लिडिंग का होना। दूसरा- आपकी आंत्र की आदत में लगातार परिवर्तन, जो आमतौर पर पेट खराब होने जैसा होता है और तीसरा-लगातार निचले पेट में दर्द, सूजन या बेचैनी, जो हमेशा खाने के बाद होती है। इन तीनों के अलावा व्यक्ति में लगातार वजन कम होने लगता है और पेट की परेशानियां बढ़ने लगती हैं। दरअसल यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल के डॉ कैथलीन वेड ने आंत्र कैंसर( बाउल कैंसर) के विकास में बैक्टीरिया द्वारा निभाई गई कार्यवाहक भूमिका की जांच की है। इसके लिए मेंडेलियन रेंडमाइजेशन नामक तकनीक का उपयोग गया और इस अध्ययन के बारे में 2019 एनसीआरआई कैंसर सम्मेलन को बताया। सम्मेलन में बताया गया कि कैसे हमारे आंत में पहलने वाले कुछ बैक्टीरिया ही हमारे पेट से जुड़ी बीमारियों को कारण होते हैं और इसी के कारण ही हम बाउल कैंसर भी होता है। शोधकर्ताओं की मानें तो आंत्र कैंसर के खतरे 2-15% के बीच बढ़ा है, जो आने वाले दिनों में और बढ़ सकता है।

## धर्म मंत्र

# विश्वास करिये, अंक ज्योतिष में छिपा है आपके भाग्योदय का राज

अंक कैसे सहायता करते हैं? हम इनका कैसे उपयोग कर सकते हैं? यही मूल आधार है न्यूमरोलॉजी का। तो अंक हमें सहायता करते हैं प्राकृतिक फ्रीक्वेंसी सेट करने के लिए! रेडियो के ऊपर अलग-अलग स्टेशन, अलग-अलग फ्रीक्वेंसी पर होते हैं। जब सही ट्यूनिंग नहीं होती तो शोर होता है। जब हम इसको सही फ्रीक्वेंसी से मैच करवा देते हैं तो क्या होता है? स्पष्ट संगीत या आवाज। कोई शोर नहीं। ठीक ऐसे ही जीवन में काम करती है न्यूमरोलॉजी। प्रश्न है- मेरी फ्रीक्वेंसी क्या हैं? मेरी नेचुरल स्टेट क्या है, मेरे नेचुरल नंबर क्या हैं, मैं किससे पहचाना जाता हूं? हिन्दू भाषा में जो अक्षरों को नम्बर दिए हुए हैं उनका प्रयोग करते हुए अपने नाम को सशक्त किया जा सकता है। अंकों और अक्षरों का संतुलन बैठा तो नाम सशक्त हो जाता है। एक सेब है उसमें दाग लगा हुआ है तो क्या उसकी कीमत पूरी मिलेगी? उसको दाग कहने की बजाय असंतुलित कहेंगे। तो सेब की कीमत कब मिलती है? जब वह बिल्कुल सही है खराब नहीं हुआ है। दुनिया में कुछ भी जब खराब हो जाता है तो उसकी कीमत गिर जाती है। उदाहरण सेब पूछ रहा है मेरे पूरे पैसे क्यों नहीं मिल रहे। व्यक्ति क्या कहता है? जब मैं मेहनत कर रहा हूं तो मुझे पूरे पैसे क्यों नहीं मिल रहे। न्यूमरोलॉजी में पूछेंगे क्या यह प्राकृतिक फ्रीक्वेंसी से परे हटा हुआ है, शायद इसलिए उसको पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। तो क्या यहां न्यूमरोलॉजी मदद कर सकती है? अब आपको न्यूमरोलॉजी का तर्क पकड़ में आ गया होगा।

## पर्यटन



# देश की संस्कृति और वैभव को आज भी बखूबी कायम रखे हुए है ग्वालियर फोर्ट

गोपांचल पर्वत पर बना ग्वालियर का किले शहर की पहचान है। साथ ही ये देश के सबसे बड़े किलों में से एक है। 8वीं सदी में बना यह किला यहां की संस्कृति और वैभव की पहचान है। जिस पर मुगलों से लेकर ब्रिटिशर तक ने राज किया है। किला दो भागों में बंटा हुआ है एक है मान मंदिर पैलेस और दूसरा गुजरी पैलेस। जिसे अब म्यूजियम का रूप दे दिया गया है। जिसमें मध्यभारत के सबसे ज्यादा कलेक्शन देखे जा सकते हैं। किले में होने वाला लाइट एंड साउंड शो टूरिस्टों को सबसे ज्यादा अट्रैक्ट करता है। विशालकाय ग्वालियर किला बलुआ पत्थर की पहाड़ी पर बना हुआ है और मैदानी क्षेत्र से 100 मीटर ऊंचाई पर है। किले में प्रवेश के लिए दो रास्ते हैं पहला ग्वालियर गेट और दूसरा ऊरवाई गेट। किले की दीवारें एकदम खड़ी हैं। बाहरी दीवार 2 मीटर लंबी और चौड़ाई 1 किमी से लेकर 200 मीटर तक है। पहाड़ी तक जाने वाले रास्ते की चट्टानों पर खूबसूरत नक्काशी देखने को मिलती है। किले की वास्तुकला गजब की है। किले का मुख्यद्वार हाथी पूल के नाम से जाना जाता है। किले के स्तंभों पर ड्रैगन की नक्काशी है। किले पर गुरु गोविंद की स्मृति में एक गुरुद्वारा बना हुआ है। साथ ही पुरानी शैली का मानसिंह महल भी यहां है। इसके अलावा सहस्त्रबाहु मंदिर, चतुर्भुज मंदिर, तेली मंदिर 14वीं सदी की गुफाएं भी यहां आकर देख सकते हैं। इसके साथ ही जहांगीर महल, कर्ण महल, विक्रम महल और शाहजहां महल भी बहुत ही खास है। किला दो भाग में बंटा है। मुख्य किला और महल (गुजारी महल और मान मंदिर महल)। इन किलों का निर्माण राजा मान सिंह ने करवाया था। हेरिटेज साइट होने की वजह से यह किला पूरे साल सैलानियों के लिए खुला रहता है। लेकिन नवंबर से मार्च का महीना किले को घूमने के लिए है बेस्ट। जब न तो बहुत गर्मी होती है न ही ठंड। आराम से किले की हर एक जगह को एक्सप्लोर किया जा सकता है। हवाई मार्ग-शहर से 8 किमी की दूरी पर स्थित है ग्वालियर एयरपोर्ट। जहां हमेशा टैक्सी और बसों की सुविधा मौजूद रहती है।

# कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष में सतनामी तीर्थ कोटवाधाम सिद्धौर में आस्था का सैलाब

## सांचे दरबार की जय घोष से दिशाएं गुंजायमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता





सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। कोटवाधाम में कार्तिक पूर्णिमा का पांच दिवसीय मेले के पहले दिन भारी संख्या में भक्तों का जनसैलाब आने से कोटवाधाम गुलजार दिखाई पड़ा। कोटवाधाम चौराहे से लेकर मंदिर परिसर तक बाबा के जयघोष के साथ पूरा परिसर भक्तिमय दिखाई दिया। बदोसराय थाना क्षेत्र में स्थित सतनाम संप्रदाय का प्रमुख गुरुद्वारा कोटवाधाम में स्थित समर्थ जगजीवन दास की समाधि स्थल पर बुधवार पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से ही भक्तों का जनसैलाब मत्था टेकने के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ी।यहां पर स्थित पवित्र अघहरण सरोवर के घाटों पर सुबह से ही भारी भीड़ जमा रही। लोगों ने पवित्र आभरण सरोवर में स्नान दान कर बाबा की चौखट पर माथा टेका और मनवांछित फल की कामना की। मेले में लैय्या चाट, प्रसाद, मीनाबाजार, पशुओं की बाजार व झूला आदि के जगहों पर भारी भीड़ दिखाई दी। मेले का आकर्षण का केंद्र पशु बाजार रहा। मेले में अनेक लोग एक दूसरे से बिछड़े हुए थे जिनको बदोसराय पुलिस ने पाया खोया केंद्र के माध्यम से मिलवाने का कार्य किया।भीड़ को देखते हुए जगह दिखा कर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। स्थानीय पुलिस छोड़ जिले के अन्य थानों से मेले में पुलिस तैनाती की गई थी। मेले में पीएससी फायर से भी मदद लेकर भीड़ से निपटने के भारी भरसक के इंतजाम किया गया है।मेले में स्थानीय जनपद छोड़ गोंडा, बहराइच, रायबरेली, अमेठी, बलरामपुर, श्रावस्ती, अयोध्या, लखनऊ, सुल्तानपुर व छत्तीसगढ़, पंजाब, नेपाल देश तक बाबा के अनुयायी कार्तिक पूर्णिमा में अपनी हाजिरी लगाकर उनकी चौखट पर माथा टेका। बड़ी गद्दी महंत नीलेन्द्र बक्स दास व छोटी गाड़ी के महान विशाल दास साहब सहित सभी महंतो के आ?श्रमों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी थी।बदोसराय थानाध्यक्ष अजित कुमार विद्यार्थी ने बताया कि काफी ज्यादा तादाद में भीड़ होने की वजह से अन्य थानों से भी पुलिस की मदद ली गई थी मेला अभी तक शांतिपूर्वक चल रहा है।

''सिद्धौर'' विकासखंड के जमलापुर गांव स्थित बाबा श्री केशरी दास के पावन कुटी स्थल पर कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले मेले में साहेब के दरबार पहुंचकर श्रद्धालू मेलार्थियों ने बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ परिक्रमा कर बाबा साहेब के दरबार में माथा टेक , प्रसाद चढ़ाकर मेले का आनंद लिया।इस दौरान जयकारों की गूंज से वातावरण भक्तिमय रहा। वही ग्राम पंचायत जमलापुर के प्राथमिक विद्यालय में सिद्धौर पुलिस चौकी प्रभारी रामप्रकाश मिश्रा व ग्रामप्रधान जितेन्द्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में चौपाल का आयोजन भी किया गया। तथा मेले में उमड़ी मेलार्थियों की भारी भीड़ के मध्य शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस सक्रिय रही।

# राम रावण यद्ध दृश्य देख अत्यंत उत्साहित दिखे युवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। कस्बा गणेशपुर के रावण बाग मैदान में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर राम रावण युद्ध एवं मेले का भव्य आयोजन किया गया।आज के युद्ध में असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देते हुए घंटों चले युद्ध के बाद नियत समय पर लंकेश रावण के विशाल पुतले का दहन किया गया।पूरे मैदान में जय श्री राम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।रामादल और रावण दल के सैनिकों के युद्ध दृश्य देखकर बच्चे एवं ग्रामीण अत्यंत उत्साहित नजर आए।बच्चों ने मेले में झूले झूले खिलौनों और स्वादिष्ट व्यंजनों की खरीदारी कर आनंद लिया।मेले में हजारों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय की मौजूदगी में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा जिससे आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।वहीं शाम को क्षेत्र के लोगों ने द्वार पर दीपक जलाकर देव दीपावली पर्व मनाया।

# घघरन मेला, पारंपरिक आयोजन श्रद्धालुओं की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सूरतगंज बाराबंकी। छावनी मजरे बैरानामऊ मंझारी गांव में कार्तिक पूर्णिमा अवसर पर सुमली नदी के तट पर आयोजित पारंपरिक घघरन मेला बुधवार को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य आकर्षण रहे दंगल में दूर दूर से आए पहलवानों ने शानदार मुकाबले पेश किए।कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा नेता व समाजसेवी गौरीकांत दीक्षित ने किया।पहली कुश्ती में सीतापुर के अभिषेक ने छावनी के रोहित को हराया।अन्य मुकाबलों में मेरठ के विनोद कुमार लखनऊ कैंट कमांडो सदर और मधवापुर के विवेक यादव ने जीत दर्ज की।बाल पहलवानों के प्रदर्शन ने भी दर्शकों का दिल जीता।मेले में झूले दुकानें और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से वातावरण उत्सवमय रहा।कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि शेर बहादुर चौहान प्रधान चंद्र सिहाली समेत अन्य क्षेत्रीय ग्रामीण व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अपराध की रोकथाम को लेकर गांव में जागरूकता चौपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। गांवों को अपराध मुक्त बनाने, महिला उत्पीड़न को रोकने व साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने के लिए बुधवार को सफदरगंज पुलिस टीम ने ग्राम पंचायत अम्बौर के पंचायत भवन मे चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया के नेतृत्व मे आयोजित क चौपाल मे ग्रामीणों को वुमन पावर लाइन नंबर 1090, डायल-112 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी थानाध्यक्ष ने कहा कि इंटरनेट मीडिया के इस्तेमाल के साथ साइवर खतरों की जानकारी भी बहुत जरूरी है। अनजान नंबर या अनजान एप से वीडियो काल रिसीव न करें। किसी भी व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में रिमोट एक्सेस ऐप या अन्य कोई एप डाउनलोड न करें। केबाईसी अपडेट के नाम पर किसी को भी लिक अथवा ओटीपी शेयर न करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर ठगी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। उन्होंने कहा कि गांव में होने वाले छोटे-मोटे विवादों को आपसी सहमति से सुलझा लिया जाए, जिससे थाना व कचहरी जाने से बचा जा सके। बाद में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना।

महिला आरक्षी काजुल सिंह ने अभियान मिशन शक्ति ''नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलबंन'' एंटी रोमियो, साइबर जागरूकता के तहत विद्यार्थियो को मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, व साइबर क्राइम संबंधी अपराध ,यातायात के नियमों , बाल विवाह ,पास्को एक्ट,नये कानून दंड से न्याय की ओर, घरेलू हिंसा, गुड टच ,बैड टच के बारे में अवगत कराते हुए हेल्पलाइन नंबर 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन ,1076 ,माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन ,108 ,एंबुलेंस सेवा ,1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098, चाइल्ड हेल्पलाइन,102 ,स्वास्थ्य सेवा ,101 अग्निशमन सेवा की जानकारी दी।

उपनिरीक्षक विभूति द्विवेदी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही सामुहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृध्दा पेंशन, विधवा पेंशन आदि एवं ड्रोन संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुए ग्रामीणों को थानाध्यक्ष के सीयूजी नंबर 9454403074 की जानकारी दी ।

## कल्याणी मैया की पूजा अर्चना संग शुरू हुआ धन्नाग महोत्सव

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्री सत्यनारायण व्रत कथा कल्याणी मैया पूजन एवं तीर्थ परिक्रमा के पौराणिक तीर्थ स्थल में धन्नाग तीर्थ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। जनपद बाराबंकी और सीतापुर की सीमा पर स्थित है जहां से कल्याणी नदी का उद्गम हुआ है। के पावन तट पर धन्ना तीर्थ विकास के संयोजक राम लखन शुक्ला ने श्री सत्यनारायण व्रत की कथा सहयोगियों के साथ सुनकर क्षेत्र व समाज के कल्याण के लिए प्रार्थना किया इसके बाद कल्याणी नदी का पूजन अर्चन कर धन्नागतीर्थ परिक्रमा किया इस अवसर पर पूर्व प्रधान श्याम कुमार सिंह भानु प्रताप सिंह गुड्डू मान सिंह यादव राधेलाल बाबा रामू मौर्य राम सुचित शुक्ला संजय कुमार शुक्ला सुशील कुमार यादव राजेश कुमार अवस्थी डॉक्टर अवधेश कुमार शुक्ला राघवेंद्र प्रधान प्रताप सिंह प्रधान हिम्मतनगर अनुज कश्यप शिवनाथ कश्यप मुख्य रूप से उपस्थित रहे इसके बाद क्षेत्र के समाजसेवी डॉक्टर क्षेत्रपाल सिंह यादव भैया की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया तथा वहां पर स्थापित बुद्ध भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका पूजन व नमन किया ।संयोजक राम लखन शुक्ला ने बताया कि आगामी 8 नवंबर 2025 को गायत्री यज्ञ एवं गोष्टी एवं धना गा तथा 9 नवंबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन दिन में 12 बजे किया जाएगा।

## प्रबंध समिति की बैठक 11 नवंबर को

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तिलोकपुर स्थित बी.पी.शुक्ला जूनियर हाईस्कूल की प्रबन्ध समिति की कार्यकारिणी के पुनर्गठन सम्बन्धी सामान्य निर्वाचन प्रक्रिया-2025 विद्यालय परिसर में हारामी बिहार आगामी 11 नवंबर 25 को प्रातः 8 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक चरणवद्ध सम्पन्न होगी। साधारण सभा के सभी सदस्यों से समय से उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

# ओमनी कार में लगी आग, पास खड़ी स्कूटी भी जलकर राख

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देवा बाराबंकी । थाना देवा क्षेत्र के फतेहपुर रोड स्थित मोहल्ला कन्हैया कॉलोनी में बुधवार सुबह एक खड़ी ओमनी कार में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज़ी से भड़की कि पास में खड़ी स्कूटी भी उसकी चपेट में आकर जलकर राख हो गई। हादसे से इलाके में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ला कन्हैया कॉलोनी निवासी गीता राठौर पत्नी सुशील राठौर ने बताया कि उनकी ओमनी कार (ठघ 32 ख्ब 8032) घर के बाहर खड़ी थी, जिसमें मोबाइल चार्जर लगा हुआ था। सुबह करीब 10 बजे शॉर्ट सर्किट होने से कार में अचानक आग लग गई। कुछ ही मिनटों में लपटें इतनी तेज़ हो गईं कि पास खड़ी स्कूटी भी जल गई सूचना पाकर फायर ब्रिगेड व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। सौभाग्य से इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गए गीता ने बताया कि उनके पति सुशील राठौर का कुछ दिन पहले एक्सीडेंट हुआ था और वे इस समय लखनऊ के फैजाबाद रोड स्थित अस्पताल में कोमा में भर्ती हैं। घर पर हुए इस हादसे से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है पुलिस ने घटना की सूचना दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राजकीय पक्षी को क्षति पहुंचाने वालो पर कार्रवाई

देवा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तिन्दोला स्थित वन विभाग के आरक्षित क्षेत्र में मिट्टी खोदने और राजकीय वृक्ष को क्षति पहुंचाने के आरोप में वन विभाग ने तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। वन क्षेत्राधिकारी देवा मयंक सिंह ने बताया कि श्यामू यादव पुत्र रामशरण यादव निवासी गंगापुर थाना रामनगर, गंगाराम यादव पुत्र राजा राम यादव निवासी बघौली का पुरवा थाना टिकैट नगर, और धर्मराज यादव पुत्र रामखेलावन यादव निवासी जाटा लोखरिया थाना सतरिख शामिल हैं वन विभाग की टीम ने मौके से घटना में प्रयुक्त जेसीबी मशीन को बरामद कर सीज कर लिया है। तीनों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम की धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है कार्यवाही में वन दरोगा मनोज कुमार, बीट प्रभारी गौरव पाठक, तथा वनकर्मी जितेन्द्र सिंह और कमलेश यादव शामिल रहे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर हुई तुलसी मैया की पूजा अर्चना

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड के कस्बा टिकैतगंज, कुर्सी, निंदूरा, बाबागंज और पिंडसावा कस्बों में बुधवार को तुलसी पूजन पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रातः काल पूजन सामग्री संवार कर व्रती महिलाओं पूरे विधि-विधान से तुलसी माता की पूजा अर्चना की। पूजा के उपरांत महिलाओं ने प्रसाद वितरित किया मंगल कामनाएं प्रेषित की हिंदू धर्म में तुलसी को माता का रूप माना गया है। मान्यता है कि जिस घर में तुलसी होती है, वहां संकट नहीं आता और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है।

## सऊदी अरब के लिए जत्था रवाना

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत के मोहल्ला अहिरान से बुधवार देर शाम उमराह के लिए जायरीनो का एक जत्था सऊदी अरब के लिए रवाना हुआ। जानकारी के अनुसार कस्बा के मोहल्ला अहिरान स्थित समाजसेवी मोहम्मद शकील उर्फ फूफा के परिवार से उमरा के लिए यूनाइटेड किंगडम ऑफ सऊदी अरब के मक्का व मदीना के लिए रवाना हुआ।इस अवसर पर पत्रकार अबू तल्हा ,वसीम खान पत्रकार अवसर शाह हारून आरा मशीन जामिन पत्रकार. अमीन शाह आमीन बाबा होटल समाजसेवी बबलू अंसारी जावेद अंसारी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने गंगा आरती के साथ किया प्रान्तीय कार्तिक मेले व डलमऊ महोत्सव 2025 का शुभारंभ

## बनारस से आई मण्डली ने कराई विशाल गंगा आरती, सात दिवसीय प्रदर्शनी में खादी-ग्रामोद्योग उत्पादों का आकर्षक प्रदर्शन









कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। पवित्र कार्तिक पूर्णिमा पर्व के अवसर पर ऐतिहासिक डलमऊ कार्तिक मेला एवं डलमऊ महोत्सव 2025 का शुभारंभ मंगलवार की सायं गंगा आरती के साथ किया गया। कस्बे के वीआईपी घाट पर आयोजित विशाल गंगा आरती कार्यक्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बनारस से आई आरती मंडली ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गंगा आरती सम्पन्न कराई।जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धालुओं के साथ पूजा पाठ कर मेले व महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ किया। डलमऊ महोत्सव के तहत जिला प्रशासन रायबरेली द्वारा जूनियर हाई स्कूल मैदान, मियां टोला, डलमऊ में सात दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन भी जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे सार्थक आयोजनों से न केवल स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिलता है, बल्कि स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को रोजगार एवं विपणन के अवसर भी प्राप्त होते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की अधिक से अधिक प्रदर्शनी में आये।

प्रदर्शनी में लगभग 100 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें विभिन्न राज्यों एवं जनपदों से आए कारीगरों द्वारा निर्मित खादी, ऊनी, रेशमी, पॉली वस्त्र, हर्बल उत्पाद, मिट्टी के बर्तन, हस्तशिल्प, जैविक खाद्य पदार्थ, शुद्ध मसाले, अचार, पापड़, मुरब्बे, कालीन व हैंडीक्राफ्ट निर्मित आदि आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इस अवसर पर डलमऊ महोत्सव के अंतर्गत संस्कृति विभाग एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें भारतीय परंपरा और लोकसंस्कृति की झलक दिखाई दी। कार्यक्रम में सीडीओ अंजुलता,एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, एएसपी संजीव सिन्हा, सीओ डलमऊ गिरजा शंकर त्रिपाठी, सीएमओ नवीन चंद्रा,परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा, एसडीएम सत्येंद्र सिंह , बीडीओ अशोक कुमार सचान, प्रभारी डीएफओ मयंक अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़,तहसीलदार मंजरी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सिकन्द्रादित्य, ब्लॉक प्रमुख डलमऊ सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# हरियाणा का विधानसभा चुनाव 'चोरी' हुआ था : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ''वोट चोरी'' के खिलाफ अपनी मुहिम को जारी रखते हुए बुधवार को हरियाणा की मतदाता सूची से जुड़े आंकड़े सामने रखे और दावा किया कि पिछले साल अक्टूबर में हुए राज्य विधानसभा चुनाव को 25 लाख फर्जी मतों के जरिये चोरी किया गया था।

उन्होंने निर्वाचन आयोग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलीभगत का आरोप भी लगाया और कहा कि न सिर्फ हरियाणा की सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वैध रूप से पद पर नहीं हैं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी सरकार में वैध रूप से नहीं हैं। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों का कहना है कि राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप 'निराधार' हैं क्योंकि प्रदेश में उनके पार्टी के बूथ एजेंट की ओर से मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील दायर नहीं की गई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने संवाददाता सम्मेलन में एक लंबी प्रस्तुति दी और कहा कि हरियाणा में 'वोट चोरी' को लेकर वह जो बातें कर रहे हैं वो सौ फीसदी सबूत पर आधारित हैं। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि हरियाणा में सर्वेक्षणों में कांग्रेस की जीत की संभावना जताई गई थी, लेकिन सुनियोजित ढंग से कांग्रेस की तय जीत को हार में बदला गया। गांधी ने कहा, ''मैं 'जेन जेड' से कहना चाहता हूं कि देखिये कि कैसे आपके भविष्य की चोरी की जा रही है। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के एक बयान का वीडियो दिखाया जिसमें सैनी ने कथित तौर पर सरकार बनाने की ''व्यवस्था'' होने की बात की थी। राहुल गांधी ने दावा किया कि हरियाणा में पांच अलग-अलग तरीकों से 25,41,144 फर्जी मतों से ''वोट चोरी'' की गई। कांग्रेस नेता ने कहा, ''हरियाणा में पांच तरीके की 'वोट चोरी' है। 'डुप्लीकेट वोटर' की संख्या 5,21,619 रही। फर्जी पते वाले मतदाताओं की संख्या 93,174 थी, 'बल्क वोटर' 19,26,351 थे।'' उन्होंने कहा कि फॉर्म 6 और फॉर्म 7 का भी दुरुपयोग किया गया। फॉर्म 6 का उपयोग मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और फॉर्म 7 का इस्तेमाल गलत मतदाता सूची से



गलत प्रविष्टि हटाने के लिए किया जाता है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''फॉर्म 6 और फॉर्म 7 के जरिये वोटरों को जोड़ा और घटाया जाता है। महादेवापुरा और आलंद के खुलासे के बाद निर्वाचन आयोग ने इसका डेटा देना बंद कर दिया है। राहुल गांधी ने दावा किया, ''हरियाणा चुनाव की मतदाता सूची 'डुप्लीकेट वोटर' से भरी पड़ी है। ये एआई का समय है। निर्वाचन आयोग चाहे तो दो मिनट में फर्जी मतदाताओं के नाम हटा सकता है। लेकिन आयोग ऐसा इसलिए नहीं करता, क्योंकि वो 'वोट चोरी' में भाजपा की मदद कर रहा है। उनका कहना था, ''हम जो कर रहे हैं, उससे भारत के लोगों को यह बिल्कुल स्पष्ट हो गया है कि क्या हुआ है। हम लोगों को सूचित कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री वैध रूप से सरकार में नहीं हैं। इसी तरह, हरियाणा के मुख्यमंत्री (सैनी) वैध रूप से सरकार में नहीं हैं क्योंकि यह सरकार चोरी हुई है। राहुल गांधी ने हरियाणा में कथित ''वोट चोरी'' को लेकर कुछ उदाहरण दिए। उन्होंने दावा किया कि ब्राजील की एक मॉडल की तस्वीर का इस्तेमाल करके राज्य में 10 बूथ पर सीमा और स्वीटी जैसे 22 अलग-अलग नाम से फर्जी मतदाता बनाए गए थे। उन्होंने कथित फर्जी मतदाताओं के कुछ और उदाहरण भी दिए। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि निर्वाचन आयोग और भाजपा की मिलीभगत से चुनाव चोरी किया गया। हरियाणा में अक्टूबर, 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 90 सीट में से 48 सीट हासिल करके लगातार जीत हासिल की थी। कांग्रेस को 37 सीट मिली थीं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ''भारत के 'जेन जेड' और युवाओं के पास सत्य और अहिंसा के साथ लोकतंत्र को बहाल करने की शक्ति है। वे एक लोकतांत्रिक भारत के लिए अपनी अकांक्षा व्यक्त कर सकते हैं, एक लोकतांत्रिक भारत के लिए लड़ाई लड़ सकते हैं और वो इस चोरी तथा संविधान एवं लोकतंत्र की हत्या का विरोध कर सकते हैं। उन्होंने दावा किया, ''हमारे सामने यह स्पष्ट है कि 'वोट चोरी' अब एक व्यवस्था बन गयी है। यह औद्योगीकरण का रूप ले चुका है और इसका उपयोग किसी भी राज्य में किया जा सकता है। इसका उपयोग बिहार में होने जा रहा है और मुझे विश्वास है कि बिहार चुनाव के बाद हमें वही रिकॉर्ड मिलेंगे। राहुल गांधी ने कहा, ''चुनाव से एक रात पहले मतदाता सूची सामने आती है, इसलिए हम पहले से कुछ नहीं कर सकते। यह एक सुनियोजित तरीका है जिसे भाजपा, प्रधानमंत्री मोदी और चुनाव आयोग ने संविधान को कमजोर करने और हमारे लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए विकसित किया है।'

# राहुल गांधी को विदेश से प्रेरणा मिलती है : भाजपा

एजेंसी

नई दिल्ली। राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा ने कहा कि चुनाव के दौरान राहुल गांधी विदेश घूमने चले जाते हैं तो जीतेंगे कहां से। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि बिहार में मतदान है और ये हरियाणा चुनाव की बात कर रहे हैं। राहुल गांधी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि हरियाणा चुनाव में 25 लाख फर्जी वोटर पंजीकृत थे। उन्होंने कहा कि हर आठ में एक मतदाता फर्जी था। कांग्रेस नेता ने कहा कि हरियाणा में फर्जी वोटों से जनादेश चुराया गया।

राहुल गांधी के आरोपों पर जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता किरेन रिजिजू ने कहा कि 'नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पिछले संसद सत्र में राहुल गांधी एक महिला की तस्वीर टीशर्ट पर छपवाकर घूमते रहे। उस महिला ने ही कांग्रेस पार्टी को डांटा। अब जब बिहार में चुनाव हो रहा है तो वे हरियाणा चुनाव का मुद्दा उठा रहे हैं। राहुल गांधी ने विदेशी महिला का जिक्र किया। संसद सत्र के दौरान राहुल गांधी चुपके से कंबोडिया निकल जाते हैं, थाईलैंड निकल जाते हैं। बिहार में चुनाव प्रचार चल रहा है तो वे कोलंबिया चले गए। वे विदेश जाते रहते हैं और विदेश से जो प्रेरणा मिलती है। उसे लेकर वे आपका समय बर्बाद करते हैं। नेता प्रतिपक्ष को तथ्यों पर बात करनी चाहिए और फिजूल की बातें नहीं करनी चाहिए। रिजिजू ने कहा कि 'राहुल गांधी ने एग्जिट पोल में जीत का दावा किया, लेकिन 2004 के चुनाव में हम भी एग्जिट पोल में जीत रहे थे, लेकिन हमने तो उसका रोना नहीं रोया। एग्जिट पोल को कभी गाली नहीं दी। जब राहुल गांधी के पक्ष में एग्जिट पोल जाते हैं तो वे अच्छा बताते हैं और जब विरोध में जाता है तो गाली देते हैं। ये बताते हैं कि हाइड्रोजन बम फटेगा, लेकिन इनका एटम बम फटता क्यों नहीं है?

# देश में अब अंग्रेजों के जैसा मोदी का साम्राज्य : प्रियंका

एजेंसी

वाल्मीकीनगर/चनपटिया। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को आरोप लगाया कि देश की मौजूदा स्थिति ब्रिटिश राज के समान हो गयी हो गई है, जहां जनता की आवाज दबाई जा रही है और लोकतंत्र की आत्मा पर हमला हो रहा है।

श्रीमती वाड्रा ने आज पश्चिमी चंपारण जिले में महागठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित करते हुये कहा कि चंपारण की धरती पर देश को गर्व है। उन्होंने कहा कि चंपारण की धरती से ही आजादी के आंदोलन की शुरुआत हुई। महात्मा गाँधी यहां के किसानों की आवाज सुन कर चंपारण पहुंचे और किसानों को प्रेरित किया था। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता की लड़ाई में बिहार के बहुत से लोग शहीद हुए थे। उन्होंने उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की मौजूदा स्थिति ब्रिटिश राज जैसी हो गई है।



उन्होंने कहा कि आज देश में अंग्रेजों के जैसा मोदी का साम्राज्य है। इस राज में मंहगाई बढ़ गई है, किसान कर्ज लेता है और ब्याज चुकाते-चुकाते उसकी कमर टूट जाती है। सरकार गरीब किसानों का कर्ज कभी माफ नहीं करती, लेकिन अंबानी-अडाणी का लाखों करोड़ों का कर्ज माफ हो जाता है।

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि बिहार में वोट चोरी के जरिए सरकार बनाने की साजिश चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) वोट चोरी के जरिए सत्ता में आने की साजिश रच रहा है। उन्होंने कहा कि करीब 65 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। यह लोकतंत्र के साथ सीधा अन्याय है।

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि बिहार के किसान लगातार करों और कृषि की बढ़ती लागत के बोझ तले दबे हैं, जिससे उनकी आय नहीं बढ़ पा रही है। वहीं, बेरोजगारी की ऊंची दर ने युवाओं को राज्य छोड़कर बाहर काम तलाशने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सभी टेंडर और कारखाने गुजरात भेजे जा रहे हैं। जो लोग कॉर्पोरेट घरानों को जमीन और संसाधन सौंपते हैं, वे गरीबों के लिए कभी काम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि, 20 साल में सरकार ने बस लोगों को संघर्ष करने की आदत डलवाई है। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश में महागठबंधन की सरकार बनती है तो हर गरीब परिवार को एक सरकारी नौकरी देने की कोशिश की जाएगी। कांग्रेस की महासचिव ने पूछा, बिहार में कितने उद्योग लगे, इस बारे में सरकार ने क्या किया? उन्होंने कहा कि पहले लोग चाहते थे कि सरकारी कारखाने में नौकरी लग जाए, लेकिन श्री मोदी ने सारे उद्योगों को अपने दो दोस्तों को सौंप दिया। अब सरकारी कारखानों में ठेकेदारी चल रही है।देश की संपत्ति को खत्म किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के हाथ में कुछ भी नहीं, उनकी सुनने वाले भी कोई नहीं है, सरकार तो दिल्ली के निर्देश पर चल रही है। .

श्रीमती वाड्रा ने बिहार में नीतीश कुमार की सरकार पर हमला करते हुये कहा कि बिहार की जनता 20 साल से चली आ रही राजनीतिक विफलताओं से त्रस्त है।

# चुनाव आयोग ने राहुल के आरोपों को बताया बेबुनियाद

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हरियाणा विधानसभा के 2024 में हुए चुनावों में धांधली के आरोपों को नकारते हुए कहा है कि यदि कहीं कोई गड़बड़ी हो रही थी और एक ही नाम से कई बार मतदान किया जा रहा था तो कांग्रेस के चुनाव एजेंटों को इस पर आपत्ति दर्ज करनी चाहिए थी।

श्री गांधी के बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयोग पर मतदाता सूची में हेराफ़ेरी करने के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए आयोग ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि हरियाणा में मतदाता सूची को लेकर कहीं कोई शिकायत नहीं है। वर्तमान में 90 सदस्यों वाली विधानसभा चुनाव से जुड़ी 22 याचिकाएं उच्च न्यायालय में लंबित हैं। आयोग ने श्री गांधी के फर्जी वोटिंग के आरोप पर कहा कि यदि एक ही नाम पर कई बार मतदान हो रहा था तो श्री गांधी को बताना चाहिए कि उनकी पार्टी के पोलिंग एजेंट मतदान केंद्रों पर क्या कर रहे थे। आयोग का यह भी कहना था कि यदि किसी मतदाता पर संदेह था तो कांग्रेस के मतदान एजेंटों ने मतदाता की पहचान को लेकर कोई आपत्ति दर्ज क्यों नहीं कराई।

चुनाव आयोग का कहना कि श्री गांधी को स्पष्ट करना चाहिए कि वह मतदाता सूची पुनरीक्षण का समर्थन करते हैं कि उसका विरोध कर रहे हैं। सत्यापन के साथ-साथ डुप्लिकेट, मृत और स्थानांतरित मतदाताओं को हटाने वाली इस व्यवस्था के वे समर्थक हैं या विरोधी। सूची पुनरीक्षण के दौरान जब एक से अधिक नाम सामने आ रहे थे तो कांग्रेस के एजेंट कोई आपत्ति क्यों नहीं उठा रहे थे। बड़ा सवाल यह है कि श्री गांधी को कैसे पता चला कि डुप्लीकेट वोटरों ने भाजपा को ही वोट दिया है। हाउस नंबर जीरो पर उन्होंने स्पष्टीकरण दिया कि हाउस नम्बर जीरो उन घरों के लिए है जहां पंचायत और नगर पालिकाओं ने हाउस नंबर नहीं दिए हैं। बीएलओ ने उन मकानों के नंबर शून्य बताए हैं, जहां नगर पालिकाओं, पंचायतों द्वारा कोई मकान नंबर आवंटित नहीं किया गया है। बिहार को लेकर आयोग ने कहा कि वहां मतदाता सूची पुनरीक्षण एक अगस्त से 15 अक्टूबर तक हुआ था तो इस दौरान कांग्रेस की तरफ से कोई अपील दायर क्यों नहीं की गई। आयोग ने हरियाणा विधानसभा के 2024 के हुए चुनाव को लेकर श्री गांधी के सवालों के मद्देनजर कुछ तथ्य दिये हैं।

# अमेरिका में स्थानीय चुनावों में तीन भारतीय मूल के व्यक्तियों ने लहराया जीत का परचम

एजेंसी

न्यूयॉर्क। अमेरिका में स्थानीय चुनावों में तीन भारतीय-मूल के व्यक्तियों ने जीत का परचम लहराया है।

स्थानीय चुनावों के बुधवार को घोषित हुए नतीजों में जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क शहर और आफताब प्यूरवल सिनसिनाटी शहर के मेयर चुने गये हैं जबकि गजाला हाशमी वर्जीनिया की लेफ्टिनेंट गवर्नर चुनी गयी हैं।

जोहरान ममदानी (34 वर्ष) न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद का चुनाव जीतने वाले पहले भारतीय मूल के मुसलमान हैं। उन्होंने न्यूयॉर्क के पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को भारी मतों से हरा कर यह इतिहास रचा है। डेमोक्रैट पार्टी उम्मीदवार श्री ममदानी को कुल मतों का 50.4 प्रतिशत मत हासिल हुआ, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी श्री कुओमो केवल 41.4 प्रतिशत मत ही हासिल कर पाये।

श्री ममदानी गुजराती-मूल के पिता महमूद ममदानी और मशहूर फिल्मकार मीरा नायर के बेटे हैं। उनका जन्म युगांडा में हुआ था, जहाँ उनके प्रोफ़ेसर पिता कार्यरत थे। वह फिलहाल न्यूयॉर्क राज्य के विधान सभा के सदस्य हैं। न्यूयॉर्क के सिटी हॉल में अपने जीत का जश्न मनाते हुए उन्होंने कहा, ''राजनीतिक अंधकार के इस क्षण में, न्यूयॉर्क एक रोशनी की तरह होगा।'' उन्होंने अमेरिका में फैले नस्लवादी जहर पर स्पष्ट टिप्पणी करते हुए कहा कि वह युवा हैं, डेमौक्रैट सोशलिस्ट है, एक मुसलमान हैं। उन्होंने कहा, ''और इनमें से कुछ भी होने के लिए मैं माफी नहीं मांगूगा। यह डेमौक्रैट नेता अपने पूरे राजनीतिक करियर में समाज के निचले तबकों की चिंताओं का आवाज देता रहा है। वह अमेरिका के इस सबसे महंगे शहरों में से एक में अपने चुनावी अभियान के दौरान लगातार सस्ता किराया, मुफ्त सार्वजनिक परिवहन, सबके लिए घर और अमीरों पर अधिक कर लगाने की वकालत करते रहें। उनकी जीत में स्थानीय यहूदियों ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उन्होंने अपनी इस जीत को न्यूयॉर्क की विविधता और प्रवासी सपनों की जीत बतायी। ओहायो प्रांत में सिनसिनाटी शहर में डेमोक्रैट उम्मीदवार आफताब प्यूरवल ने लगातार दूसरी बार मेयर का चुनाव जीत कर इतिहास रच दिया है। उन्होंने अमेरिका के उप-राष्ट्रपति के सतौले भाई और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार कोरी बोमन को हरा कर यह जीत हासिल की। श्री प्यूरवल(43 वर्ष) ने अपनी जीत पर कहा, ''यह जीत उन हर प्रवासी परिवार की जीत है जिसने अमेरिकी सपने पर भरोसा रखा।'' इनेक पिता देविंदर सिंह प्यूरवाल पंजाबी सीख हैं, जबकि मां ड्रीनको प्यूरवल तिब्बती मूल की हैं।

# पहले पशुओं का चारा खाया, अब आए तो गरीबों का राशन खा जाएंगे : योगी

एजेंसी

गया। बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक की भूमिका निभा रहे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधते हुये कहा कि कुछ लोगों ने पहले पशुओं का चारा खाया है और अब अगर सत्ता में आये तो गरीबों का राशन खाने की फिराक में है।

उन्होने कहा कि 2005 के पहले बिहार में अपराध, जातीय संघर्ष, माओवाद, नक्सलवाद था। यूपी-बिहार के नाम पर देश-दुनिया में सम्मान नहीं मिलता था। बिहार में लालू प्रसाद यादव के शासन में 60 से अधिक जातीय नरसंहार, 30 हजार से अधिक अपहरण हुए। व्यापारी, डॉक्टर, इंजीनियर, संभ्रांत व्यक्ति सुरक्षित नहीं थे। बिहार के 30-40 फीसदी लोगों की आबादी गोरखपुर व वाराणसी में है, क्योंकि उस समय जंगलराज था, लेकिन नीतीश बाबू के नेतृत्व में 20 वर्ष में सुशासन की सुदृढ़ नींव रखी गई। बिहार में रोड, रेल, एयर कनेक्टिविटी के साथ अब वाटरवे की कनेक्टिविटी बिहार से होते हुए यूपी को जोड़ रही है। किसानों के उत्पाद हों या बिहार का मखाना, जल मार्ग से दुनिया के बाजारों में पहुंचाया जा रहा है। योगी ने बुधवार को पहली रैली वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक व भाजपा प्रत्याशी बीरेंद्र सिंह के पक्ष में की। उन्होने यहां भाजपा के विकास कार्यों को गिनाया तो राजद-कांग्रेस गठबंधन पर करारा प्रहार भी किया। मुख्यमंत्री ने गया को ज्ञान, मुक्ति व अध्यात्म की धरा बताते हुए यहां की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डाला। बोले कि गया की धरती बहुत पवित्र है, सनातन धर्म की परंपरा है कि स्वर्ग लोक के पितर भी इसी धरती पर आकर तृप्त होते हैं।

उन्होने कहा कि हर सच्चा भारतीय राम को पूर्वज मानता है। कांग्रेस, सपा व राजद जब राम मंदिर का विरोध कर रही थी तब भी रामभक्त नारा लगाते थे कि रामलला हम आएंगे, लाठी-गोली खाएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस ने कहा था कि राम हुए ही नहीं, जैसे लगता है कि कांग्रेस का ही खानदान पैदा हुआ है, बाकी हुए ही नहीं। यह लोग राम-कृष्ण, विष्णु को नकारने लगते हैं। यह हिंदुओं को नकार देंगे, इसलिए हमें भी इन्हें नकार देना चाहिए। राजद ने राम मंदिर के रथ रोक दिया था। सपा ने रामभक्तों पर गोली चलाकर अयोध्या को लहुलूहान कर दिया। यूपी में भाजपा सरकार बनने के बाद हमने संकल्प पूरा किया। अयोध्या में भव्य राम मंदिर और काशी में काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण का निर्माण हो गया। मथुरा-वृंदावन में कार्य कर रहे हैं। हर तीर्थ को सजा रहे हैं, जबकि सपा के लोग हमारे पैसे को कब्रिस्तान की बाउंड्री के लिए देते थे। हमने कहा कि यह पैसा मंदिरों-तीर्थों के सुंदरीकरण, हिंदू श्रद्धालुओं की सुविधा और गरीब हित में खर्च होगा।

योगी ने कहा कि बिहार में आज एनआईटी, आईआईएम, एम्स, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज आदि की लंबी श्रृंखला है। बिहार का नौजवान दुनिया में फिर से अपनी मेधा की छाप छोड़ रहा है और बिहार के विकास में भी योगदान दे रहा है। 11 वर्ष में मोदी ने विकास व विरासत का सम्मान किया है। योगी ने केंद्र सरकार की विकास योजनाओं को भी गिनाया। बोले कि कांग्रेस व राजद झूठे वायदे कर रहे हैं। पहले यह पशुओं का चारा खाए, अब अवसर दिया तो गरीबों का राशन खा जाएंगे। सीएम ने अपील की कि कांग्रेस-राजद की घोषणा पर विश्वास न करना, क्योंकि जो राम का नहीं, वह हमारे किसी काम का नहीं। जो रामद्रोही है, वह हमारा भी विरोधी है।

## भारत-पाकिस्तान सीमा पर त्रिशूल युद्धाभ्यास में पहली बार ड्रोन आर्मी ने आसमान से दागे बम

जोधपुर। जैसलमेर से सटे भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर पहली बार ड्रोन आर्मी उतारी गई है। त्रिशूल युद्धाभ्यास के दौरान ड्रोन ने आसमान से बम दागे और दुश्मन के ठिकानों को तबाह किया।
दरअसल, सेना ने एक ऐसा प्रोग्राम शुरू किया है, जिसका नारा है हर फौजी के पास चील (ईगल) जैसी नजर होगी। इसका मतलब है कि अब सेना खुद ही ऐसे ड्रोन बना रही है, जो जंग के मैदान में कमाल दिखा सकते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारतीय सेना ने त्रिशूल अभ्यास के दौरान अपनी आसमानी सेना को भी अभ्यास में उतारा है और सेना अभ्यास ड्रोन के साथ दुश्मन को हर मोर्चे पर हराने के सफल प्रयोग कर रही है। यह पहल पूरी तरह से आत्मनिर्भर भारत की सोच पर आधारित है।

# पेज एक का शेष

### 25 लाख दीयों से...

सुरक्षा के लिए सादी वर्दी में महिला पुलिसकर्मियों, एंटी रोमियो स्क्वॉड और क्यूआरटी टीमों को तैनात किया गया

### 2017 में ही...

ने कहा कि 2017 से तय किया था कि यूपी की नकारात्मक छवि बदलेंगे। अपराध-अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू करेंगे। 8.5 वर्षों में बिना रुके, बिना झुके माफियाओं पर कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि माफिया संविधान का अपमान करते, कानून का मजाक उड़ाते, अधिकारी भी उनके सामने झुक जाते थे। यही नहीं पूर्व सरकारें भी ऐसे माफियाओं के सामने घुटने टेकती थीं। उन्होंने कहा कि पूरब से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण, बुंदेलखंड क्षेत्र और हर जगह माफिया हावी थे, लेकिन आज ऐसा नहीं है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जीरो टॉलरेंस की नीति ने इन माफियाओं की कमर तोड़ दी। उन्होने चेतावनी देते हुए कहा कि जो माफिया को सहानुभूति देते हैं, वे प्रदेश की क्षति कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जालिम माफिया किसी के नहीं हैं इनसे गरीब, शोषित, व्यापारी, बहन-बेटियां सब असुरक्षित हैं। सरकार ऐसे माफियाओं और उन्हें प्रक्षय देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करती रहेगी। विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए योगी ने कहा कि जो लोग माफियाओं को शागिर्द बनाते थे और गरीबों का शोषण करवाते। आज उनकी कब्र पर फातिहा पढ़ते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज माफियाओं की कब्जे वाली संपत्ति जब्त कर गरीबों को घर बनवाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि प्रदेश में अबतक 60 लाख गरीबों को आवास दिए हैं। योगी ने कहा कि यूपी अनलिमिटेड पोटेंशियल वाला प्रदेश है। दंगे खत्म हुए और आज हर पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा रहा है। दुनिया भर से उद्यमी निवेश को तैयार हैं। उन्होंने का कहा कि एकता वन सरदार पटेल को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि कुकरेल-गोमती तट से माफिया मॉल हटाए, सौमित्र वन बनाया गया। घुसपैठिए-रोहिंग्या को हटाए गया। उन्होने कहा कि लौहपुरुष सरदार पटेल का जीवन एकता, ईमानदारी और जनसेवा की प्रेरणा देता है। प्रदेश के सभी 75 जिलों में ''सरदार वल्लभभाई पटेल इंप्लॉयमेंट सेंटर'' खुलेगा। क्लस्टर विकसित कर युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट कर उनके लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। जिससे नौजवान रोजी-रोटी की तलाश में बाहर न जाएं।

### मिर्ज़ापुर के चुनार...

प्रति संवेदना की व्यक्त की और अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों को मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री ने घायलों का समुचित उपचार करना का भी निर्देश दिया। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

### बिहार में पहले ...

बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर और बक्सर। इन 121 सीटों पर कुल 2496 नामांकन दाखिल हुए थे। जांच के क्रम में 1939 को वैध पाया गया। उनमें से 70 प्रत्याशियों ने नामांकन बाद में वापस ले लिया। इसके बाद, कई सेट में नामांकन की छंटनी करते हरेक प्रत्याशी के एक नामांकन को लिया गया तो प्रत्याशियों की कुल वास्तविक संख्या 1314 रह गई। इनमें 1192 पुरुष और 122 महिलाएं शामिल हैं। इस चरण में 102 सामान्य और 19 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में कुल 3 करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाता मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। एक करोड़ 98 लाख 35 हजार 325 पुरुष, एक करोड़ 76 लाख 77 हजार 219 महिलाएं और 758 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।। इसके अलावा, 1, 00, 904 सर्विस वोटर भी इस चरण में वोट डालेंगे। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। 3, 22, 077 दिव्यांग मतदाता और 5, 31, 423 वरिष्ठ नागरिक मतदाता (जिनमें 80 वर्ष से अधिक आयु वाले 5, 24, 687 और 100 वर्ष से अधिक आयु वाले 6,736 मतदाता शामिल हैं) भी लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेंगे। पहले चरण के मतदान में सात लाख 37 हजार 765 मतदाता ऐसे हैं जो पहली बार मतदान करेंगे। इनमें से अधिक 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवा वोटर है। वहीं 18 से 40 वर्ष के बीच के 1, 96, 27, 330 युवा मतदाता इस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हैं।

### 18 फरवरी से...

होगा, जो 18 फरवरी को पहली पाली में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 19 फरवरी को प्रारंभिक हिंदी तथा संस्कृत, 20 फरवरी को सामाजिक विज्ञान और 21 फरवरी को गृहविज्ञान एवं सिलाई जैसी विषयों की परीक्षाएँ होंगी। गणित, विज्ञान, कला, संस्कृत, संगीत और कंप्यूटर जैसे विषयों की परीक्षाएँ क्रमशः मार्च के पहले सप्ताह तक संपन्न होंगी। अंतिम परीक्षा 12 मार्च 2026 को निर्धारित की गई है। इंटरमीडिएट (कक्षा 12) की परीक्षा का आरंभ भी 18 फरवरी को सामान्य हिंदी विषय से होगा। अगले दिन यानी 19 फरवरी को भौतिक विज्ञान, भूगोल, गृहविज्ञान आदि विषयों की परीक्षा होगी। 20 फरवरी को समाजशास्त्र एवं कृषि विज्ञान, 23 फरवरी को अंग्रेजी, 24 फरवरी को जीवविज्ञान और गणित की परीक्षाएँ होंगी। इसके अलावा 27 और 28 फरवरी को अर्थशास्त्र, संगीत, कृषि एवं पशुपालन से संबंधित विषयों की परीक्षाएँ आयोजित होंगी। मार्च के पहले सप्ताह में वाणिज्य, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र और कंप्यूटर जैसे विषयों की परीक्षाएँ संपन्न होंगी। यूपी बोर्ड ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी जिला विद्यालय निरीक्षक इस कार्यक्रम को अपने स्तर पर व्यापक रूप से प्रचारित करें और विद्यालयों को इसकी प्रति उपलब्ध कराएँ। गौरतलब है कि वर्ष 2025 में यूपी बोर्ड की परीक्षाएँ फरवरी के अंतिम सप्ताह में शुरू हुई थीं, जबकि इस बार कार्यक्रम को एक सप्ताह पहले घोषित किया गया है। बोर्ड का कहना है कि समय से पहले कार्यक्रम घोषित करने का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाना है।

### राहुल देश में...

कंग्रेस ने कभी नहीं चाहा कि सीमा क्षेत्रों में बेहतर सड़कें बनें। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर एक भी भ्रष्टाचार का मामला नहीं है। राज्य में पहले चरण के मतदान से पहले एनडीए के पक्ष में स्पष्ट लहर है। हम दो-तिहाई बहुमत से अगली सरकार बनाएंगे। एनडीए कभी जाति, धर्म या मजहब के आधार पर भेदभाव नहीं करता और गठबंधन का उद्देश्य केवल विकसित बिहार बनाना है। राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं ने लोगों को धमकाया और कभी भी बिहार के विकास के लिए काम नहीं किया।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाकर एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मांगा वोट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। बिहार में अररिया जिले के रानीगंज लालजी हाई स्कूल के मैदान में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार सरकार की उपलब्धियों को गिनाकर एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार के विकास में केंद्र सरकार की ओर से पूरी मदद मिल रही है और केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार तेजी से विकास कर रहा है। सीएम के निशाने पर लालू राबड़ी भी रहे। अपने संबोधन में नीतीश कुमार ने कहा कि लालू राबड़ी के 15 साल के शासनकाल में बिहार में विकास का किसी तरह का कोई काम नहीं हुआ। सात साल में जब लालू प्रसाद को मुख्यमंत्री के पद से हटना पड़ा तो उन्होंने अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया। उन्होंने कहा कि हम लोग बिहार की जनता के लिए काम कर रहे हैं, जबकि वे लोग अपने परिवार के लिए काम करते रहे। उन्होंने अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि सड़क,शिक्षा, बिजली, स्वास्थ्य सभी के क्षेत्र में सुधार और विकास का काम हुआ है। बड़े पैमाने पर कब्रिस्तान की घेराबंदी के साथ ही मंदिरों की भी घेराबंदी की गई।बड़ी संख्या में स्कूल,कॉलेज के साथ इंजीनियरिंग कॉलेज,मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, महिला आईटीआई, जीएनएम कॉलेज, पैरामेडिकल कॉलेज, कर्पूरी छात्रावास, पूर्वी कोसी नहर जीर्णोद्धार कार्य और बॉर्डर रोड के तहत फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य के साथ कई महत्वपूर्ण सड़क निर्माण का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि 10 लाख युवाओं को नौकरी और 10 लाख को रोजगार देने की घोषणा की गई थी।लेकिन उनकी सरकार ने 10 लाख से अधिक को नौकरी और 40 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार देने का काम किया है। 5 साल में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार दी जाएगी। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण के तहत किए गए कार्य के साथ ग्रामीण इलाकों के साथ शहरी क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह जीविका दीदियों के लिए किए जा रहे कार्य को गिनाया। उन्होंने कहा कि 2018 में ही हर घर बिजली सरकार के द्वारा पहुंचा दिया गया था और अब सरकार 125 यूनिट बिजली फ्री दे रही है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकार कोई काम नहीं करती थी, जबकि 20 साल के दौरान कभी क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए गए हैं।

# सरकार बनी तो हर घर को देंगे एक सरकारी नौकरी: तेजस्वी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के गायघाट हाई स्कूल प्रांगण में बुधवार को बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने हरसिद्धि से राजद प्रत्याशी राजेंद्र कुमार राम के पक्ष में सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अगर हमारी सरकार बनेगी तो सबसे पहले मैं हर एक परिवार में सरकारी नौकरी दूंगा, माई बहन योजना के तहत महिलाओं के खाते में सीधे 25000 मिलेगा। तेजस्वी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि एक तेजस्वी यादव को रोकने के लिए केंद्र की सरकार ने पूरी ताकत झोंक दिया है,बिहार चुनाव में केंद्र सरकार ने 30 हेलीकॉप्टर से जगह-जगह नेताओं को उतार कर सभाएं कर रही है, इसके विरोध में मैं अपना एक हेलीकॉप्टर से सब का जवाब दे रहा हूं। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी सरकार बनना तय है, इसलिए आप सभी लोग राजेंद्र कुमार राम को वोट देकर भारी मतों विजय बनाएं। उन्होंने कहा कि विपक्ष लगातार अपने कूटनीति से हमको घेरने का प्रयास कर रही है, लेकिन मैं लालू का लाल किसी से घिरने वाला नहीं हूं। मैं अपने बलबूते पर सरकार बनाऊंगा और सरकार बनते ही विकास की गति बिहार में तेज होगी। उन्होंने कहा कि अब युवाओं को बाहर काम करने नहीं जाने होंगे, सरकार बनते बिहार में कारखाने लगाए जाएंगे ,शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य किया जाएगा, उन्होंने यह भी कहा कि सभी परिवार को 5 लाख का बीमा मुफ्त में किया जाएगा। साथ ही हर महिलाओं के खाते में 25000 दिया जाएगा, वहीं राजद प्रत्याशी राजेंद्र कुमार राम ने कहा कि मैं लोगों के सुख-दुख में चुनाव हारने के बाद भी काम आया हूं। इसलिए मैं अपने लोगों से हाथ जोड़कर अपील कर रहा हूं कि मुझे वोट देकर विजयी बनाएं और अपने बेटा को नेता चुने, मैं हरसिद्धि का बेटा हूं कोई नेता नहीं, मैं बेटा बनकर काम करूंगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं के लिए तेजस्वी सरकार बड़ी-बड़ी योजना लाकर युवाओं को रोजगार देने के लिए सार्थक पहल करेगी। इस दौरान जंग बहादुर कुशवाहा रालोसपा छोड़कर अपने सैकड़ो सहयोगियों के साथ तेजस्वी यादव के सामने राजद में शामिल हुए। पूर्व विधायक अवधेश प्रसाद कुशवाहा के पुत्र नागार्जुन कुशवाहा भी राजद की सदस्यता ली। सभा को पूर्व विधायक राजेश कुशवाहा जिला बिहार विधानसभा चुनाव प्रभारी नयन कुशवाहा रवि मस्कारा मुन्ना कुशवाहा, बसंत पासवान, कन्हैया पाल, मोहनलाल सहनी, राजदेव यादव , हरेंद्र बैठा इत्यादि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता तथा संचालन कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष नेयाज अहमद खान ने किया। मौके पर मुन्ना कुशवाहा, जगत नारायण सिंह, सुभाष कुशवाहा, पूर्व प्रमुख मोहम्मद कासिम, भागीरथ कुशवाहा, मुखिया पति संतोष कुमार, जिप पति राजेंद्र यादव, प्रदीप यादव, शैलेन्द्र ठाकुर, सुरेश दास, हसन मियां, नरेश राम सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के पूर्णिया में एक ही परिवार के तीन लोगों की संदिग्धावस्था में मौत

**पटना।** बिहार के पूर्णिया में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत मंगलवार देर रात यूरोपियन कॉलोनी में पति, पत्नी और बेटी का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक यह पूरी घटना पूर्णिया जिले के खजांची हाट थाना के यूरोपियन कॉलोनी की बताई जाती है। घटना के संबंध में मृतक नवीन कुशवाहा के छोटे भाई व जदयू नेता निरंजन कुशवाहा ने बताया कि, ''देर रात घर में ही बेटी का सीढ़ियों से पैर फिसला, जिसके बाद उसे बचाने गए पिता संभल नहीं पाए और गिर गए। इस हादसे को देख उनकी पत्नी भी सदमे में चली गई और अस्पताल में दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि, मृतक नवीन कुशवाहा पूर्णिया जिले के बड़े व्यवसायी थे और बसपा पार्टी के पूर्व लोकसभा उम्मीदवार रह चुके थे। हादसे में उनकी पत्नी कंचन माला और बेटी तनु प्रिया की मौत हुई है। मृतक की बेटी मेडिकल की पढ़ाई कर रही थी और चौथे सत्र की छात्रा थी। एसपी स्वीटी सिंह ने बताया कि सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद सभी को मृत घोषित कर दिया। तीनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा। डॉक्टर ने कहा कि यह सामान्य मौत जैसा प्रतित नहीं हो रहा है। डॉक्टर ने बताया कि, ''सबसे पहले तनु प्रिया को यहां लागा गया, उसके बाद कंचन माला को लेकर आएं। आधे घंटे बाद नवीन कुशवाहा को अस्पताल में लाया गया, नवीन के गले में निशान था। थोड़ी देर बाद एक-एक तीनों की मौत हो गई।

### भागलपुर से लोकमान्य तिलक और एसएमवीबी बेंगलुरु के लिए विशेष ट्रेनें 7 नवंबर को

**भागलपुर।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए, पूर्व रेलवे ने भागलपुर से लोकमान्य तिलक और एसएमवीबी बेंगलुरु के लिए अनारक्षित एकतरफा विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। 03401 भागलपुर-लोकमान्य तिलक एकतरफा अनारक्षित विशेष ट्रेन दिनांक 07 नवंबर को भागलपुर से सुबह 05:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 17:20 बजे लोकमान्य तिलक पहुँचेगी। यह ट्रेन रास्ते में पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार में सुल्तानगंज, बरियारपुर, जमालपुर, अभयपुर और कजरा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी की व्यवस्था होगी। 03403 भागलपुर-एसएमवीबी बेंगलुरु एकतरफा अनारक्षित विशेष ट्रेन दिनांक 07 नवंबर को भागलपुर से 22:30 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 22:30 बजे एसएमवीबी बेंगलुरु पहुँचेगी। यह ट्रेन रास्ते में पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार में सुल्तानगंज, जमालपुर, धरहरा और अभयपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी की व्यवस्था होगी।

### जातिसूचक टिप्पणी मामले में पंजाब कांग्रेस प्रमुख राजा वड़िंग पर एफआईआर दर्ज

**चंडीगढ़।** भारत के पूर्व गृहमंत्री के संबंध में बयान देकर विवादों में फंसे पंजाब कांग्रेस प्रधान एवं लुधियाना के सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के खिलाफ कपूरथला में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। राजा के खिलाफ स्व. बूटा सिंह के बेटे सरबजोत सिंह सिद्धू ने पुलिस को शिकायत दी थी। दरअसल, राजा वड़िंग ने तरनतारन में चल रहे उपचुनाव के दौरान एक जनसभा में स्व. बूटा सिंह को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था- नाम सुणेया बूटा सिंह दा, काला रंग हुंदा सी, जमा काला, पठ्ठे पाउंदा सी पठ्ठे, कांग्रेस ने देश दा गृहमंत्री बणाया। हालांकि इस भाषण के दौरान वड़िंग ने रंघरेटे गुरु के बेटे का उदाहरण भी दिया था। इसके बावजूद विपक्षी दलों ने वड़िंग को पिछले कई दिनों से घेरा हुआ है। हालांकि, राजा वड़िंग माफी मांग चुके हैं, लेकिन तब भी मामला शांत नहीं हो रहा। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने वड़िंग पर कार्रवाई को लेकर तरनतारन के जिला उपायुक्त और एसएसपी से 7 दिन के भीतर जवाब मांगा है। पंजाब एससी कमीशन ने जिला चुनाव अधिकारी को तलब करके पूछा है कि उन्होंने अभी तक वड़िंग को जिले से बाहर तड़ीपार क्यों नहीं किया। अब कपूरथला पुलिस ने राजा वड़िंग के खिलाफ धारा 353 और 196 के साथ एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1) (यू) और 3(1)(वी) के तहत केस दर्ज किया है।

### राजेंद्र प्रसाद को नासिक में विद्योत्सव साहित्य सृजन सम्मान' का गौरव

**पौड़ी गढ़वाल।** उत्तराखंड के यमकेश्वर ब्लॉक के ग्राम मांगथा निवासी वरिष्ठ साहित्यकार राजेंद्र प्रसाद कुकरेती को उनकी चर्चित कृति तीन फुल के लिए प्रतिष्ठित विद्योत्सव साहित्य सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान नासिक में आयोजित विद्योत्सव साहित्य समारोह 2025 में प्रदान किया गया। कुकरेती को 5100 की सम्मान राशि और प्रशस्ति पत्र के साथ यह पुरस्कार स्व. ओम प्रकाश भारती की स्मृति में दिया गया। राजेंद्र प्रसाद कुकरेती लंबे समय से साहित्य सृजन में सक्रिय हैं। उनके लेखों में उत्तराखंड की संस्कृति, समाज और लोकजीवन की गहरी झलक देखने को मिलती है। संस्कृति विभाग, उत्तराखंड सरकार द्वारा भी उनके लेखन को समय-समय पर प्रोत्साहित और सम्मानित किया जाता रहा है। उनकी रचना तीन फुल को पर्वतीय जीवन की सादगी, संवेदना और मानवीय मूल्यों के चित्रण के लिए विशेष सराहना मिली। समारोह में उपस्थित साहित्यकारों ने कहा कि कुकरेती का लेखन समाज और संस्कृति दोनों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत सृजन को मान्यता देता है, बल्कि उत्तराखंड की समृद्ध साहित्यिक परंपरा को भी राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाता है।

### दो संगीन मामलों में घोषित आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की नॉर्दर्न रेंजऽक्रटीम ने लंबे समय से फरार चल रहे कुख्यात अपराधी नितेश दहिया उर्फ निटे को गिरफ्तार किया है। आरोपित दो संगीन मामलों अपहरण व हत्या (थाना बवाना) और दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट (थाना कंझावला) में घोषित अपराधी था। इसके अलावा गुरुग्राम पुलिस ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किया था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि साल 2018 में बवाना थाना क्षेत्र में एक युवक साहिल उर्फ गैब्सू के अपहरण व हत्या का मामला दर्ज हुआ था। जांच के दौरान मृतक की प्रेमिका के बयान में सामने आया कि साहिल को लड़की के पिता विजेंद्र और भाइयों राकेश, मनीष, लोकेश, नितेश दहिया और सौरभ ने मिलकर बेरहमी से पीटा और उसकी हत्या कर दी। बाद में शव को सोनीपत के सिलाना गांव के पास नहर में फेंक दिया गया।

# राज्य की विकास गाथा, कला, संस्कृति और लोक संवाद का हुआ अद्भुत संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




उत्तरकाशी। रजत जयंती सप्ताह का तीसरा दिन राज्य की विकास गाथा, कला, संस्कृति और लोक संवाद का अद्भुत संगम लेकर आया। रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मसीह दिलासा स्कूल तिलोथ,राइंका मातली एवं सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग उत्तरकाशी के कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीता। साथ ही विभागों के आकर्षक स्टॉलों में किसान,बागवान व पशुपालकों को और पुस्तक प्रदर्शनी में आगंतुकों की रुचि को जगाया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद डॉ.कल्पना सैनी ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में कलाकारों ने लोकनाट्य, लोकगीत, संगीत एवं नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत कर दिया। मंच पर प्रस्तुत गढ़वाली, कुमाऊनी और हिमाचली गीतों और लोकनृत्यों ने उपस्थित जनसमूह को थिरकने पर विवश कर दिया। रजत जयंती सप्ताह के तीसरे दिन भी कृषि, उद्यान, उद्योग, पशुपालन, मत्स्य, बाल विकास सहित अनेक विभागों के स्टॉलों पर बड़ी संख्या में किसान, बागवान और पशुपालक पहुंच रहे हैं। राज्यसभा सांसद डॉ.कल्पना सैनी ने सम्बोधित करते हुए प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना रजत जयंती की शुभकामनाए दी तथा शहीद राज्य आंदोलनकारियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों ने जो सपने देखे थे,उन्हें साकार करने के लिए हम सभी को निरंतर प्रेरणा लेकर कार्य करने की आवश्यकता है।

उन्होंने धराली आपदा का उल्लेख करते हुए कहा कि देवभूमि के देवतुल्य लोग आपदाओं से भयभीत नहीं होते बल्कि उन्हें अवसर बनाकर आगे बढ़ते हैं। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जाकर पीड़ितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे और राहत एवं बचाव कार्यों को तेजी के साथ पूरा किया। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद एवं अपर जिलाधिकारी ने विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में मंच संचालन जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर जोशी,अजय नौटियाल,मनवीर रावत ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नागेन्द्र चौहान,प्रदेश मंत्री ओबीसी मोर्चा भाजपा चंडी प्रसाद बेलवाल,जिला पंचायत सदस्य दीपेंद्र कोहली, जिला महामंत्री भाजपा महावीर नेगी,ओंकार नेगी, विक्रम सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य बाल शेखर नौटियाल, व्यापार मंडल रमेश चौहान, होटल एसोसिएशन सचिव सुभाष कुमाई, अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र, उपजिलाधिकारी देवानंद शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक जनक पंवार, सीएमओ डॉ.बीएस रावत, मुख्य शिक्षा अधिकारी अमित कोटियाल, पीडी अजय सिंह, जिला विकास अधिकारी रमेश चन्द्र, आदि मौजूद रहे।

## हत्या के मामले में दो वांछित आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंज टीम ने हत्या के मामले में दो वांछित आरोपितों रिंका और हर्ष को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित लंबे समय से फरार चल रहे थे। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बुधवार को बताया कि थाना साउथ रोहिणी क्षेत्र में पांच सितंबर को हबीब नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। स्थानीय पुलिस ने उक्त मामले में मुकदमा दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि हत्या में पांच युवक अमन राठौर, विक्की, अनिल (सभी निवासी बुराड़ी) और रिंका तथा हर्ष (दोनों निवासी ग़ाज़ीपुर) शामिल थे। स्थानीय पुलिस ने पहले तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि रिंका और हर्ष फरार हो गए थे। दोनों लगातार दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग ठिकानों पर ठहरते हुए पुलिस की पकड़ से बचते रहे। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंज टीम के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को दोनों फरार आरोपितों की गतिविधियों के संबंध में गुप्त सूचना मिली कि वे मायूर विहार फ़ेज-3 स्थित रेडफॉक्स होटल के पास आने वाले हैं।

# पंजाब के मुख्यमंत्री ने सचखंड हरिमंदिर साहिब में माथा टेका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव के अवसर पर बुधवार को परिवार सहित सचखंड हरिमंदिर साहिब में माथा टेका। मुख्यमंत्री ने दरबार साहिब में नतमस्तक होकर सरबत के भले, पंजाब की तरक्की और लोगों की सुख-शांति की अरदास की। भगवंत मान ने कहा कि आज पूरी दुनिया में लाखों-करोड़ों नानक नाम लेवा संगत गुरु नानक देव जी के पवित्र स्थानों पर माथा टेक रही है और उनकी वाणी को श्रवण कर रही है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि उन्हें गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के दिन श्री दरबार साहिब में आकर श्रद्धा के भाव से नतमस्तक होने का अवसर मिला। दरबार साहिब में नतमस्तक होने के बाद भगवंत मान ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि पहले पातशाह, जगत गुरु धन-धन साहिब श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर सचखंड श्री दरबार साहिब, श्री अमृतसर साहिब में नतमस्तक होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज के आगे शीश झुकाया। गुरबाणी कीर्तन का आनंद लिया और नानक नाम लेवा संगतों के दर्शन किए। गुरु साहिब के आगे पंजाब में सामाजिक सौहार्द, भाईचारा और एकता बनी रहने की प्रार्थना की। भगवंत मान ने कहा कि राज्य सरकार अमृतसर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रही है। दरबार साहिब तक पहुंचने वाली सड़कों और पार्किंग सुविधाओं को आधुनिक तकनीक से सुधारने की योजना बनाई जा रही है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर हजारो श्रद्धालुओं ने देवापुर संगम घाट पर लगाई आस्था की डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर जिले के पताही प्रखंड स्थित देवापुर संगम घाट पर हजारो श्रद्धालुओ ने आस्था की डुबकी लगाई। तड़के से ही दूर-दराज़ इलाकों से आए हजारों श्रद्धालु बागमती व लालबकेया के संगम देवापुर घाट पहुँचने लगे। श्रद्धालुओं ने पवित्र नदी में डुबकी लगाकर अपने मन, तन और आत्मा को पवित्र किया। इस दौरान हर हर गंगे और गंगा मैया की जय के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजधज कर पूजा-अर्चना करती नजर आईं। श्रद्धालुओं ने स्नान के पश्चात सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। कई श्रद्धालु घाट पर दीपदान कर आशीर्वाद प्राप्त करते दिखे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर स्थानीय प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध किए गए थे। पुलिस बल लगातार घाट पर तैनात रही। वहीं, पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं ने श्रद्धालुओं की सुविधा और घाट की स्वच्छता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिहुली पंचायत के सरपंच रितेश कुमार ने बताया कि गंगा स्नान से आत्मिक शांति मिलती है और यह हमारी सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग है।

# राज्यपाल ने रीठा साहिब में मत्था टेका, गुरु नानक देव जी के उपदेशों को बताया मानवता का मार्गदर्शक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंपावत। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) बुधवार को चंपावत के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। उन्होंने सिखों के प्रथम गुरु नानक देव जी की जयंती (प्रकाश पर्व) के अवसर पर प्रसिद्ध सिख तीर्थस्थल गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब में मत्था टेका। राज्यपाल ने देश-प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। रीठा साहिब पहुंचने पर जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति और मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती ने राज्यपाल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। पुलिस बल ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। गुरुद्वारा परिसर में दर्शन और अरदास के बाद राज्यपाल ने कहा कि गुरु नानक देव जी के चरणों की यह भूमि दिव्यता और आत्मिक शांति से परिपूर्ण है। उन्होंने इसे केवल सिख धर्मावलंबियों के लिए ही नहीं, बल्कि समूची मानवता के लिए एक आध्यात्मिक प्रेरणा केंद्र बताया। राज्यपाल ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके मानवता, समानता और सेवा के संदेश आज भी समाज को प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने नाम जपो, कीरत करो और वंड छको के सिद्धांत को सत्य, ईमानदारी, परिश्रम और परस्पर सहयोग का प्रतीक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि देवभूमि उत्तराखंड सिख धर्म के कई पवित्र तीर्थ स्थलों से सुसज्जित है, जिनमें रीठा साहिब का प्रमुख स्थान है। राज्यपाल ने बताया कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं प्रेम, सहिष्णुता, समरसता और भाईचारे की प्रेरणा देती हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063